जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, सोमवार, 3 फरवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 275 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



पहला अंतराष्ट्रीय मास्टर्स लीगः युवराज, डुमिनी...

पेजः 10

## न्यूज ब्रीफ

### फिलीपींस से भारत डिपोर्ट गैंगस्टर जोगिंदर

**गुरुग्राम।** एसटीएफ ने कुख्यात गैंगस्टर जोगेंद्र ग्योंग को गिरफ्तार किया है। उसे रविवार सुबह फिलीपींस से डिपोर्ट कर भारत लाया गया। वह कई मामलों में वांछित था, उसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। जोगेंद्र ग्योंग पिछले साल मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात अपराधी सुरेंद्र का भाई है। वह तीन साल पहले भारत से भाग गया था और दो साल से फिलीपींस में रह रहा था।



### कर्नाटक कांग्रेस में खलबली

**कलबुर्गी।** कर्नाटक राज्य में कांग्रेस में आंतरिक कलह देखने को मिल रही है। इस बीच सीएम सिद्धरमैया के राजनीतिक सलाहकार बीआर पाटिल ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार के पद से इस्तीफा दे दिया है। पाटिल ने कहा कि इस्तीफा देने की कई सारी वजहें हैं। मैंने मुख्यमंत्री को विस्तृत पत्र लिखा है। अगर वे मुझे बुलाएंगे तो मैं उनसे बात करूंगा। उन्होंने परसों यानी शुक्रवार को ही अपना इस्तीफा दे दिया है। वे अभी सार्वजनिक रूप से इस्तीफे के कारणों का खुलासा नहीं कर सकते। मैंने अभी तक मुख्यमंत्री से बात नहीं की है। मैं अपना इस्तीफा वापस नहीं लूंगा। बीआर पाटिल एक अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं और कई बार कलबुर्गी के अलंद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं।



## दिल्ली विधानसभा चुनाव

## पीएम की आरके पुरम में विशाल जनसभा

# वोटिंग से पहले बिखरने लगे झाड़ू के तिनकेः मोदी





### भाजपा में शामिल हो रहे 'आप' के नेता

### पीएम का केजरीवाल पर तंज : 'घबरा गई आपदा पार्टी'

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आरके पुरम में चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर दिल्ली की मौजूदा सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। ये नेता जान चुके हैं कि जनता आपदा से कितनी नफरत करती है।

इन सब को देखते हुए आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि वह झूठी घोषणाएं कर रही है। पीएम मोदी ने शनिवार को संसद में पेश हुए यूनियन बजट की दिल्ली की जनता को इसकी खूबियां भी गिनाईं। बसंत पंचमी से मौसम बदलने की शुरुआत हो जाती है। तीन दिन बाद दिल्ली में वोटिंग हैं। दिल्ली में इस बार भाजपा सरकार बनने वाली है। दिल्ली की जनता एक बार बीजेपी को मौका जरूर दे। जनता की सेवा के लिए वह पूरी तरह खपा देंगे।

### दिल्ली में मोदी की गारंटी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 10 साल से आपदा वाले झूठी घोषणाओं से वोट मांग रहे हैं। अब दिल्ली की जनता ये झूठ नहीं सहेगी। एक तरफ आपदा की झूठी घोषणाएं हैं। दूसरी तरफ मोदी की गांरटी है। मोदी जो भी कहता है कि वह करके दिखाता है।

### बजट की चर्चा की

आरके पुरम में चुनावी रैली में पीएम नरेन्द्र मोदी ने कल पेश हुए यूनियन बजट की भी चर्चा की। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शनिवार का बजट देश की आम जनता के लिए है। इससे देश के आम लोगों को खास फायदा होने वाला है।

### मिडिल क्लास का सम्मान करती सरकार

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार देश के पैसा का सही इस्तेमाल करती है। जनता के पैसे को सड़क, रेल और इंडस्ट्री को डेवलप करने में लगाती है। हमारे देश में मिडिल क्लास का बहुत बड़ा योगदान है। ये भाजपा सरकार ही है जो मिडिल क्लास को बहुत सम्मान देती है। भारत सरकार के इतिहास का सबसे फ्रेंडली बजट है। ये बजट ऐसा है कि हिंदुस्तान का हर परिवार खुशी से झूम उठा है। आयकर में छूट मिलने से मध्यमवर्ग के लोगों के हजारों रूपये बचेंगे। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में एक भी झूग्गी-झोपड़ी को तोड़ा नहीं जाएगा। दिल्ली में चल रही जनहित की योजनाओं को भी नहीं रोका जाएगा। जनता को इसका फायदा मिलता रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने 16वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर किया रवाना

### देश और प्रदेश की उन्नति में युवाओं का अहम योगदान

## सीएम भजनलाल शर्मा बोले....

# राजस्थान के युवाओं की उम्मीदों को पूरा करेगी राज्य सरकार





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शक्ति, भक्ति और स्वाभिमान का प्रदेश है। यहां का युवा विश्वास और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहा है।

राजस्थान को देश का अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार भी युवाओं के सपनों को साकार करने का पूर्ण प्रयास कर रही है। शर्मा ने रविवार को जयपुर में आयोजित 16वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की मैराथन का आयोजन बहुत आवश्यक है। इससे स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि युवाओं का देश और प्रदेश की उन्नति में अहम योगदान है। राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश शिक्षा, चिकित्सा, खनिज एवं पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरन्तर प्रगति कर रहा है।




### राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को दे रही है बढ़ावा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश अगले वर्ष खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी करेगा, जिसमें युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। राज्य सरकार ने खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और संभाग स्तर पर खेल महाविद्यालय खोलने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन से जिलों में औद्योगिक निवेश आ रहा है। इससे प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। साथ ही, राज्य सरकार 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराएगी। शर्मा ने मैराथन विजेताओं को चैक प्रदान कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न गौतम, उपमहापौर जयपुर नगर निगम ग्रेटर पुनीत कर्णावट, जयपुर मैराथन के आयोजक सुरेश मिश्रा, नीलम मिश्रा, वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चैयरमेन अनूप बरतरिया, कार्यकारी निदेशक एयू बैंक उत्तम टिबरेवाल सहित बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय धावक और शहरवासी उपस्थित रहे।

# अमेरिका में चीनी डीपसीक एआई प्रतिबंधित हुए

### यूजर का डेटा चीन भेजने का आरोप

### तीन चीनी सोशल मीडिया ऐप्स भी बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने तेजी से पॉपुलर हो रहे चीनी एआई मॉडल डीपसीक आर वन पर बैन लगा दिया गया है। इस एआई टूल पर यूजर का डेटा चीन भेजे जाने का आरोप लगा है।

इस एआई के लॉन्च होते ही अमेरिका के सिलिकॉन वैली में पिछले सप्ताह हलचल देखने को मिला था। कई टेक कंपनियों के लिए चीनी एआई ने चुनौती पैदा कर दी। अमेरिकी राज्य टेक्सस के गवर्नर ने सरकारी डिवाइस में डीपसीक एआई टूल के इस्तेमासल पर रोक लगा दी है। इससे पहले भी चीनी एआई टूल पर रोल लगाए जाने की मांग उठी है। टेक्सस के गवर्नर ने डीपसीक एआई आर वन के अलावा चीनी सोशल मीडिया ऐप्स साइओहोंगशू, रेडनोट और लेमन 8 के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। टेक्सस के




गवर्नर ने अपने स्टेटमेंट में कहा है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी यहां के क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को डेटा चोरी करने वाले एआई और सोशल मीडिया ऐप्स के जरिए प्रभावित नहीं कर पाएगी। गवर्नर ग्रेग एबट ने आगे कहा कि ये विदेशी एक्टर्स टेक्सस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। डीपसीक आर वन के जरिए डेटा चोरी के आरोप अमेरिकी स्टार्टअप कंपनी परप्लेक्सजिटी एआई पर भी लगा है। हालांकि, कंपनी के सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने पिछले दिनों कंफर्म किया है कि अमेरिकी यूजर्स का डेटा अमेरिका और यूके में बने डेटा सेंटर में ही स्टोर किए जाएंगे।

### कर्नाटक नक्सल-मुक्त राज्य घोषित

**उडुपी।** कर्नाटक की अंतिम नक्सली लक्ष्मी ने रविवार को उडुपी की डिप्टी कमिश्नर विद्या कुमारी और एसपी अरुण के. की मौजूदगी में बिना शर्त सरेंडर कर दिया। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मी पर तीन केस दर्ज हैं और वह आंध्र प्रदेश में छिपी हुई थी। ये मामले 2007-2008 के हैं। लक्ष्मी मूल रूप से कुंदापुरा तालुक के माछट्टू गांव के थोम्बट्टू की रहने वाली है। लक्ष्मी का पति सलीम भी एक पूर्व नक्सली था, जिसने 2020 में आंध्र प्रदेश में सरेंडर कर दिया था।

#### लक्ष्मी ने दिया सीएम को धन्यवाद

लक्ष्मी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सरेंडर पैकेज के लिए धन्यवाद दिया और जिला प्रशासन से अपील की कि पुलिस थानों में उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से उसे मुक्त किया जाए।

# जयपुर की सड़कों पर युवकों ने मचाया हुड़दंग

### चलती कारों की खिड़की से बाहर निकले, शोर मचाते हुए बोनट व छतों पर चढ़े

**जयपुर।** जयपुर की सड़कों पर शनिवार रात कार सवार युवकों ने जमकर हुड़दंग मचाया। चलती कारों की विंडो से बाहर निकलकर लटकते हुए चिल्लाते रहे। शोर मचाते हुए चलती कारों की बोनट-छतों पर चढ़कर बैठ गए। मोती डूंगरी थाना पुलिस के कार्रवाई करने पर कारों को छोड़कर कई हुड़दंगी भाग निकले। पुलिस ने मौके पर मिली पांच कारों को जब्त कर हुड़दंग मचाने वाले दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस हुड़दंग मचाने वाले युवकों व उनके वाहनों की तलाश कर रही है।

थानाधिकारी अजयकांत रतूड़ी ने बताया कि मोती डूंगरी इलाके में स्थित एक मैरिज गार्डन में शनिवार रात शादी का प्रोग्राम था। रात करीब 10.30 बजे शास्त्री नगर से बारात मोती डूंगरी आई थी। करीब 8-9 कारों में सवार होकर युवक शादी में शामिल होने आए थे। जालूपुरा से होते हुए मोती डूंगरी आते समय चलती कारों की विंडो से बाहर निकल व लटककर हुड़दंग मचाना शुरू कर दिया। सड़कों पर शोर मचाते हुए अपने वाहनों की रैली निकालने लगे। हुड़दंग मचा रहे युवक चलती कार के विंडो से बाहर निकलकर बोनट व छतों पर चढ़कर बैठ गए और शोच मचाने लगे। कार सवार युवकों के हुड़दंग मचाने पर लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों के सूचना देने पर मोती डूंगरी थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीमों को देखकर हुड़दंग मचाने वाले कुछ युवक अपनी कारों को छोड़कर भाग निकले और कुछ अपने वाहनों को लेकर फरार हो गए।

### खैबर पख्तूनख्वा में फिर आतंकी हमला

### पाकिस्तान के चार जवानों सहित पांच की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों ने अर्धसैनिक बल के वाहन को निशाना बनाकर पर हमला किया है। इस आतंकी हमले में चार जवानों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। यह घटना दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले में हुई है। पुलिस के अनुसार 'करिजत लेवी' नाम के अर्धसैनिक बल के जवान एक निजी चालक के साथ जिले की दरबान तहसील में चोरी हुए ट्रक को बरामद करने जा रहे थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया। प्रवर्तन एजेंसियों ने बलूचिस्तान में अलग-अलग अभियानों में 23 आतंकवादियों को मार गिराया था।

### चारपाई पर मरीजों का इलाज, पेड़ों पर टांगी ड्रिप...

# शादी समारोह में मटर-पनीर खाकर 60 लोग बीमार हुए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नदबई/भरतपुर।** भरतपुर में शादी समारोह में आलू-गोभी और मटर-पनीर की सब्जी खाकर 60 लोग बीमार हो गए। सूचना पर गांव में पहुंची मेडिकल टीमों ने चारपाई पर मरीजों को लेटा दिया और पेड़ों पर ड्रिप की बोतलें टांग दी। घटना नदबई के गाजीपुर गांव में रविवार सुबह हुई। 17 मरीजों को नदबई हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

नदबई के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल कौशिक ने बताया कि हमें रविवार दोपहर को सूचना मिली किगांव में कुछ लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए हैं। हॉस्पिटल से 10 सदस्यीय मेडिकल टीम को दोपहर 3 बजे गांव भेजा गया। वहां करीब 60 लोग फूड पॉइजनिंग से बीमार मिले। 17 लोगों की स्थिति गंभीर थी। उन्हें एंबुलेंस से नदबई अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। बाकी लोगों का इलाज गांव में ही चारपाई पर कर रहे हैं। फिलहाल हालात नियंत्रण में है।

#### रात से उल्टी-दस्त, पेट दर्द की शिकायत

गाजीपुर गांव निवासी सुरेश के बेटे की रविवार को शादी है। शादी से पूर्व शनिवार को खाने का कार्यक्रम किया था। इसमें गांव के लोग शामिल हुए थे। शाम को समारोह में लोगों ने खाना खाया। खाने में लड्डू, पूरी, आलू-गोभी और मटर पनीर की सब्जी थी। खाना खाने के बाद रात में कुछ लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। रविवार को कई लोग फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत हुई तो नदबई के सरकारी अस्पताल में सूचना दी गई।



#### इन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

अस्पताल प्रशासन के अनुसार फूड पॉइजनिंग से माया (58) पत्नी लखन सिंह, रामा (32) पत्नी सुमेर सिंह, लोंगश्री (75) पत्नी गुरुचरण, गेंदी (70) पत्नी अर्जुन, सुगड़ (60) पुत्र हरिओम, गजेंद्र (11) पुत्र विष्णु, रविंद्र (28) पुत्र लखन , सत्येंद्र (7) पुत्र सुमेर सिंह, अन्नू (9) पुत्री सुमेर, रोहित (10) पुत्र अशोक, इंद्रजीत (13) पुत्र अशोक, गुंजन(13) पुत्री समय सिंह, मोहिनी (11) पुत्री सत्यवीर, अंगूरी (68), बृजेश (22), सुमित्रा(40), माया (50) को नदबई के सरकारी अस्पताल में भर्ती है।

## प्रयागराज एयरपोर्ट पर टूटा रिकॉर्ड

# सबसे ज्यादा यात्रियों और विमानों की रही आवाजाही

### एक ही दिन में दस हजार यात्री और 87 विमानों का रहा संचालन

### नए टर्मिनल से विमानों का संचालन बना आसान

**महाकुंभनगर।** प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहली बार एक ही दिन में 10 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन हुआ। इतना ही नहीं, एक ही दिन में 87 विमानों के आवागमन के आवागमन का भी कीर्तिमान स्थापित हुआ। कीर्तिमानों की जननी बन गया है महाकुंभ में प्रयागराज एयरपोर्ट। नित नए कीर्तिमानों से एयरपोर्ट कर्मी और प्रयागराज उत्साहित हैं। 28 जनवरी को 62 विमानों के अपने ही कीर्तिमान को ध्वस्त कर एयरपोर्ट ने एक और मील का पत्थर स्थापित कर दिया।

एक फरवरी को समय सारिणी के अनुसार, 32 विमान आए और 32 विमान रवाना हुए, जबकि नॉन शेड्यूल में 11 विमान आए और 12 विमानों ने उड़ान भरी। इससे 5399 यात्रियों का आवागमन हुआ, जबकि 5200 यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी। निजी विमानों से 66 यात्री प्रयागराज आए, जबकि 87 ने यहां से उड़ान भरी।



#### जनवरी का कीर्तिमान

- 10 जनवरी को पहली बार प्रयागराज से रात में यात्री विमान उड़ा।
- 14 जनवरी को 43 विमानों से 5,250 यात्रियों का आवागमन
- 15 जनवरी को लारेन पावेल विमान से भूटान गई
- 18 जनवरी को 15 निजी विमानों से 119 यात्रियों का आवागमन
- 28 जनवरी को 62 विमानों से 8,378 यात्रियों का आवागमन
- 31 जनवरी को 62 विमानों से 6862 यात्रियों का आवागमन।
- 31 जनवरी को 19 निजी विमानों से 101 यात्रियों का आवागमन।

#### एक फरवरी का आवागमन

- एक फरवरी को 87 विमानों से 10,599 यात्रियों का आवागमन ।
- एक फरवरी को 23 निजी विमानों से 153 यात्रियों का आवागमन ।

# बसन्त पंचमी पर नव चयनित प्रधानाचार्यों का सम्मान



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** बसन्त पंचमी मां शारदे के पावन पर्व पर राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद प्रधानाचार्य जिला शाखा चूरु के द्वारा राजगढ़ उपशाखा में नव चयनित प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह स्थानीय राजस्थान पब्लिक स्कूल, शिक्षा समूह राजगढ़, के परिसर में किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड, हरिप्रसाद टांक जिला मंत्री, जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद जांगिड, संगठन के पूर्व पदाधिकारी व सरक्षक महेन्द्र सहारण, राजेश पूनियां, सुमेर सांगवान, डा. सोमवीर सिह, राजपाल स्वामी, जयपाल सिंह श्योराण द्वारा तहसील राजगढ के नवनियुक्त प्राचार्यो का अभिमन्दन किया गया। इस अवसर पर राजेश पूनिया प्रधानाचार्य बैजुआ ने नवनियुक्त आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। राजपाल स्वामी प्रधानाचार्य काधरान ने विद्यालय हित, छात्र-छात्राओं के हित व ग्रामहित हो कार्य करने हेतु आव्हान किया तथा सुमेर सांगवान तथा तथा विनोद कुमार जांगिड़ द्वारा विद्यालय के बेहतर संचालन के तरीको पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उप शाखा राजगढ की कार्य कारणी का भी निविरोध निर्वाचन किया गया जिसमे हनुमान सिह श्योराण को तहसील अध्यक्ष, अरविन्द कुमार को उप शाखा मंत्री व सीताराम सिंघल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इन अवसर पर जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड़ ने विभिन्न सांगठनिक दायित्वों पर चर्चा के साथ-साथ वर्षभर संगठन द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला तथा आगे मिलने वाली नई संस्था की जिम्मेवारी को बेहतर ढंग से सबको साथ लेकर निभाने की नसीहत दी तथा सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राजकुमार पूनियां द्वारा विभिन्न गतिविधियां व्यवस्था में सहयोग किया व सभी आगन्तुको द्वारा संस्था के निदेशक दीपचंद साहू एवं उनकी टीम को साधुवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डोकवा प्रधानाचार्य डॉ. सोमवीर सिह सरावग द्वारा किया गया।

## विद्यारंभ संस्कार व सरस्वती पूजन यज्ञ संपन्न

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** भक्कड़ आदर्श विद्या मंदिर, मुख्य दरवाजे के पास राजगढ़ में आज 2 फरवरी 2025 बसंत पंचमी को विद्यारंभ संस्कार व सरस्वती पूजन यज्ञ किया गया। प्रधानाचार्य किशन लाल प्रजापत ने बताया कि 2 फरवरी को सुबह 10-15 बजे के कार्यक्रम में 2.5 से 5 वर्ष तक के 12 शिशुओं का हवन में आहुति दिलवाकर विद्यारंभ संस्कार किया गया । अभिभावकों ने यज्ञ में आहुति दिलवा कर व विद्यारंभ संस्कार करवा कर अपने शिशुओं का संस्कार मय शिक्षा के लिए भविष्य सुनिश्चित किया । कार्यक्रम में 3 जोड़े बैठे हिमांशु बिंदल-राशि, किशन लाल - चंद्रा, नरेंद्र-मिनाक्षी, विद्यालय व्यवस्थापक कैलाश बिंदल, सह जिला कार्यवाह पुरूषोत्तम बलौदा, साधना शर्मा, अंशु,पूजा, सुदेश एवम विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या, भैया-बहिन उपस्थित रहे।



## जीआरपी पुलिस की अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई

# 26 किलो 550 ग्राम डोडा चूरा सहित तीन युवक गिफ्तार



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ पर कार्यवाही करते हुए तीन युवकों की गिरफ्तार किया है तीनों आरोपियों के कब्जे से 26 किलो 550 अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा पाउडर बरामद किया है । आरोपीयों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । थानाधिकारी गुलज़ारी लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन पर गश्त टीम के द्वारा प्लेटफॉर्म नंबर 02 के पश्चिमी छोर पर तीन संदिग्धों को डिटेन किया गया। डिटेनशुदा तीनों लड़कों से पुलिस को देखकर भागने का कारण पूछा तो तीनों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया । जिसके बाद उनके बैग की तलाशी ली गई जिसमें अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा पाउडर बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत। 3 लाख 98 हजार 250 रुपये बताई जा रही है। टीम ने कार्रवाई करते हुए अमन आयु 31 साल, सुलेमान आयु 35 साल, रिकी आयु 30 साल को गिरफ्तार किया गया तथा तीनों के कब्जे से 26 किलो 550 ग्राम डोडा चूरा पाउडर जप्त कर। उक्त तीनों युवकों के खिलाफ तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। प्रकरण में आसूचना अधिकारी कृष्णा विश्नोई की विशेष भूमिका रही। कार्यवाही में राजकीय रेलवे पुलिस थानाधिकारी गुलजारीलाल, कृष्णा, निंबाराम, ओमप्रकाश शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### खिलाड़ियों ने की बेल्ट परीक्षा पास व किया सम्मान




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** मार्शल आर्ट की ओर से आयोजित मार्शल आर्ट बेल्ट परीक्षा में खिलाड़ियों ने बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रशिक्षक कविंद्र राठौड़ ने बताया कि दिव्य, अहम, रेने, वीरप्रताप, माही, मानवेंद्र, नवाजिश ने येलो बेल्ट, रेहान, जागृति, हुमायरा, इरा, आरव, देवांश ने ग्रीन बेल्ट, युवल, कनिष्क, प्रशांत, हर्षित, गजेंद्र, वरुण ने ब्लू बेल्ट व अंशुमन, शाहजेब, सनाया, कार्तिक ने रेड बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की।

### जरूरतमंदों को राशन किट वितरित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** श्री बाबा गंगाराम सेवा समिति सरदारशहर के द्वारा कंदोई बगीची में सदस्यों के द्वारा जरूरतमंदों को राशन किट वितरित की गई। दिल्ली प्रवासी कैलाश कंदोई, रवि बॉय वाला, सांवरमल बांय वाला, रामलाल मिश्रा, राजकुमार कंदोई की विशेष सहभागिता रही और सिंगर लक्ष्मी मोदी एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस उपलक्ष पर पूनमचंद भाटी, महावीर माली, शोभाकांत स्वामी, विपिन कंदोई, पवन कंदोई, मनोज मोदी, अशोक पारीक आदि कई सदस्यों की मौजूदगी रही।

### 155 प्रतिभाओं का किया सम्मान



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** श्री गांधी बाल निकेतन का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए समारोह में लगभग 700 विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, वेलकम सांग, राजस्थानी कला के गिंदड़, कच्छी घोड़ी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, मणिपुरी, तमिल, कश्मीरी, आसामी, हिप हॉप, कृष्ण राधा, ऑर्केस्ट्रा, कथकली आदि से जुड़े गीतों पर प्रस्तुतियां दी। प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत कक्षाओं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों, सर्वाधिक अनुशासित विद्यार्थियों, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला- राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों, अभिभावक प्रतियोगिता में विजेता अभिभावकों, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा आस्था सराफ, सीए परीक्षा 2024 में 29वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त निकेतन के पूर्व छात्र गर्व मुरारका सहित 155 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुसुईया शर्मा, अंजलि प्रजापत, श्रेया वर्मा तथा सरिता प्रजापत ने किया।

### श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती पूजन किया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। विद्यालय में आर ए एस प्री की परीक्षा से पूर्व मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर धूप प्रज्वलित कर प्रार्थना की गई। इस अवसर पर इंद्रा कसवां, गायत्री, अलका, एकता, रमेश कुमार पुनिया, रमेश कुमार बेनीवाल, राजेंद्र सिंह, दीपक चंद्र, निखिल, अबरार, भंवरी मोगा, माया, मंजू, जगदीश प्रसाद, विनोद कुमार, रोहतास, मुकेश ने भी पुष्प अर्पित किए।

### राजगढ़ में चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद, एक आरोपी गिरफतार

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में किशोरी लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजगढ़ साहब पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम राजगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग निर्देशन मे चोरी के अपराधियों की गिरफतारी हेतु गठित टीम द्वारा प्रकरण सख्या 32/2025 धारा 303 (2) 2023 पुलिस थाना राजगढ में 31.01.2025 को सादुलपुर रेल्वे स्टेशन के सामने कस्बा राजगढ से खड़ी मोटरसाईकिल को एक आरोपी चोरी कर ले गया था। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर चोरी की घटनास्थल का मौका निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे देखे गये एवं तकनिकी सहायता से आरोपी का पीछा कर 02.02.2025 को आरोपी मनोज उर्फ मोनू पुत्र माई राम जाति नायक उम्र 28 साल निवासी लॉको कॉलोनी वार्ड न0 17 कस्बा राजगढ़ पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू को गिरफतार किया गया है। आरोपी के कब्जा से मुकदमा हाजा में चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद की गई है। मुल्जिम के कब्जा से बरामद की गई मोटरसाईकिल की कीमत अनुमानित करीब 01 लाख रूपए है।

# पंडित भंवरलाल शर्मा की मूर्ति का अनावरण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** निकटवर्ती गांव जैतसीसर में पूर्व विधायक पं भंवरलाल शर्मा परिवार द्वारा निर्मित ठाकुर जी मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। संत दयानाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह के मुख्य यजमान विधायक पं. अनिल शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पं. केसरी शर्मा ने सपत्नीक पूजा अर्चना करवाई। समारोह में पूर्व प्रधान मनोहारी देवी, तारा शर्मा, रेणु शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अरुणा शर्मा, पवन शर्मा जयपुर, इंदिरा, समाजसेवी रामलाल मिश्र, ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अरूणा गौड़, ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष पूनमचंद तिवाड़ी, फूसे खां, संजय दीक्षित, बालचंद सेवदा, सोनू सोनी, मांगीलाल शर्मा, पवन शर्मा, कुलदीप शर्मा, बदरूदिन, ऊमरदीन सैयद सहित 36 कौम के सैकड़ों की संख्या में गणमान्यजनों ने भाग लिया। पं. हेमंत शर्मा के सानिध्य में पंडितों ने पूजा अर्चना करवाई।

# बदमाशों ने चुराई खड़ी कार की नंबर प्लेट

## बदमाशों ने नुकीली वस्तु से कार के टायर किए पंक्चर, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी घटना, पीड़ित ने पुलिस को दी मामले की सूचना

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** शहर के रेनवाल रोड स्थित लक्ष्मी पैराडाइज गार्डन के सामने बीती रात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी एक कार की नंबर प्लेट चुराकर उसके टायर पंक्चर कर दिए। बदमाशो की यह करतूत यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुई है। घटना के बाद पीड़ित परिवार आशंकित है कि बदमाशो ने यह वारदात किसी रंजिशवश की है या बदमाशो द्वारा चुराई गई नंबर प्लेट का किसी अपराधिक वारदात में उपयोग करने के लिए। जानकारी के अनुसार, पीड़ित ने अपने मकान के बाहर कार खड़ी की थी। बीती रात कार में 3 बदमाश सवार होकर आए। उनमें से मुंह पर रुमाल बांधे 2 बदमाश कार से नीचे उतरे और नुकीली वस्तु से कार के टायर पंक्चर कर दिए। इसके बाद बदमाशों ने खड़ी कार के दोनों नंबर प्लेट तोड़कर चोरी कर लिए और फरार हो गए। आशंका जताई जा रही है कि चुराई गई नंबर प्लेट का दुरुपयोग किसी अपराधिक वारदात में किया जा सकता है। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है।



# संत नामदेव का ज्ञानोदय दिवस आज



## समाज की बसंत पंचमी पर्व को लेकर हुई बैठक

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** श्री नामदेव सेवा समाज समिति की बैठक राजेश कुमार झेडू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 2 फरवरी रविवार को बसंत पंचमी पर्व पर श्रीनामदेव महाराज का ज्ञानोदय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक में झेडू ने बताया कि हम सभी को संत नामदेव महाराज के शांति, समता व बन्धुता के सन्देश को अपनाकर मजबूत समाज का निर्माण करना चाहिए। उन्होंनें बताया की पंचमी पर नामदेव मंदिर में रोशनी की सजावट की जाएगी। इस मौके पर धर्मशाला प्रभारी निरजंन ऊंटवाल ने कहा की ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एकता व भाईचारे का संदेश मिलता है। वहीं बैठक में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बाटू ने कहा की समाज को ऐसे कार्यो में बढ़-चढ़ कर भागीदार निभानी चाहिए। कार्यक्रम में पुजारी ओमप्रकाश पारीक ने भी अपने चिवार व्यक्त किए।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह शुरू

## गढ़ गणेश मंदिर से 108 मंगल गीत गाते हुए महिलाओं द्वारा निकाली कलश यात्रा



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** शहर के सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में 2 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तहत गढ़ गणेश मंदिर से 108 मंगल गीत गाते हुए महिलाओं द्वारा आयोजक सत्यनारायण व यज्ञदत सर्राफ के तत्वाधान में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण करके मंगल गीत व भगवान कृष्ण के भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा के आगे आगे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व कथा आयोजक सत्यनारायण सर्राफ सिर पर श्रीमद् भागवत ग्रंथ लेकर चल रहे थे। इस दौरान कलश यात्रा का बावड़ी गेट पर जनरल फैंसी फुटवियर व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, त्रिपोलिया बाजार में खुदरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल व अशोक रेवडका, सब्जी मंडी में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल व सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीनाथ चौक में भामाशाह मनीष गोयल, सदर बाजार में समाज सेवी सांवरमल गोयल सहित अन्य सामाजिक, धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा के पश्चात श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह की शुरुआत हुई। कथा वाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने भक्तों को महात्यम्, भक्तिज्ञान वैराग्य, गौकर्णोपाख्यान की कथा सुनाई। सोमवार को 12:15 बजे से महर्षि वेदव्यास नारद संवाद, परिक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, विदूर चरित्र, कपिल देवहूति संवाद की कथा सुनाई जाएगी।

# 'एस-सैट' 2025 के पहले चरण में हजारों विद्यार्थियों ने लिया भाग, छात्रवृत्ति व आकर्षक पुरस्कारों से होंगे सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** 'एस-सैट' 2025 के पहले चरण का आयोजन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें 8वीं से 12वीं कक्षा के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रतिस्पर्धात्मक कौशल विकसित करने और उनकी प्रतिभा को परखने का अवसर प्रदान करना है। परीक्षा में 1.5 करोड़ की छात्रवृत्ति के साथ-साथ लाखों के पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें स्कूटी, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, साइकिल और अन्य आकर्षक उपहार शामिल हैं। यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाती है, जिसमें पहला चरण आज पूरा हो चुका है और दूसरा चरण रविवार, 20 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम में छात्रों के दोनों चरणों में प्राप्त अंकों में से बेहतर स्कोर को अंतिम माना जाएगा, जिससे छात्रों को अधिकतम अवसर मिल सके। परीक्षा की उत्तर कुंजी (Answer Key) 5 फरवरी 2025 को आधिकारिक वेबसाइट ssat.net.in पर अपलोड की जाएगी और अंतिम परिणाम 16 फरवरी 2025 को घोषित किया जाएगा, जिसकी विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जाएगी। संस्था के निदेशक सुनील शर्मा ने 'एस सैट' एग्जाम के सफल आयोजन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'हमारे छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परीक्षा केवल शैक्षिक चुनौती नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को उनके सपनों को पूरा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। इस परीक्षा के माध्यम से छात्रों को उनकी पूरी क्षमता को पहचानने और उसे निखारने का मौका मिलता है। मुझे गर्व है कि हमारी पूरी टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई और विद्यार्थियों के सपनों को आकार देने में योगदान दिया। मैं सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। संस्था के सीएमडी इंद्राज चोपड़ा ने इस परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, की यह केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का एक प्रयास है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।



# शिशु मेले का आयोजन



**सादुलपुर।** तारानगर में श्री बनेचन्द सरावगी आदर्श विद्या मन्दिर व जगन्नाथ कन्दोई बालिका विद्यालय द्वारा संचालित शिशुवाटिका भवन में बसंत पंचमी के अवसर पर दोपहर 12 बजे बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन आदर्श शिक्षण संस्थान चूरू के जिलाध्यक्ष मदनलाल प्रजापत व क्षेत्रीय संस्कार प्रमुख महीपाल ने किया। बाल व शिशु मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान से विभिन्न प्रयोग कलात्मक व आकर्षक झांकिया, राजस्थान की पुरातन वेशभूषा, रहन-सहन, खानपान, आदर्श घर की सुन्दर प्रस्तुती दी गई। स्वालम्बन हेतु लकड़ व लोहे का काम, बाल काटने का काम की स्टॉल, चिकित्सक की प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों द्वारा फल, सब्जी, स्टेशनरी, पुस्तको, भेलपुरी, पानी पूरी की भी दुकाने सजाई गई। मेले में तहसील के हजारों अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे। स्थानीय समिति ने सभी आगन्तुक महानुभावों का आभार प्रकट किया।

# किसान रजिस्ट्री शिविर में प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन हो सुनिश्चित

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

## जयपुर में 5 फरवरी से 31 मार्च तक ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन



### फार्मर आईडी के अलावा किसानों को विभागीय योजनाओं से भी किया जाएगा लाभांवित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को सशक्त करने के लिए उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को आगामी 5 फरवरी से सम्पूर्ण राजस्थान में लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत जयपुर सहित राज्य के सभी जिलों में शिविर आयोजित किये जायेंगे, जहाँ किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनवाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जयपुर जिले में किसान रजिस्ट्री शिविरों के सफल आयोजन एवं जिले के समस्त किसानों का एग्रीस्टैक पर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने शिविरों के व्यापक प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिये हैं ताकि जिले के प्रत्येक किसान को ना केवल शिविरों के आयोजन की जानकारी हो बल्कि शिविरों में किसान फार्मर आईडी बनाने के साथ-साथ अन्य विभागीय योजनाओं से लाभांवित हों सकें।

**प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक होगा शिविरों का आयोजन:-** अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार ने बताया कि एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जायेगी। शिविरों का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा। शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जायेगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिये आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाईल नम्बर की जरूरत होगी। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने, प्रधानमंत्री किसान/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी उपयोगी होगी।

**बेहद सरल है किसान आईडी बनवाने की प्रक्रिया:-** शिविर कार्यक्रमानुसार 05 फरवरी 2025 से राज्य में सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित करवाये जा रहे है। आपकी कृषि भूमि से संबंधित ग्राम पंचायत के शिविर में जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते है। फार्मर आईडी बनाने के लिए किसान को महज अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक्ड मोबाइल नम्बर वाला फोन और नवीनतम जमाबंदी लेकर शिविर में आना होगा। अपनी ग्राम पंचायत में शिवर कार्यक्रम की जानकारी www.rjfr.agristack.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त की जा सकती है।

**हर किसान को मिलेगी 11 अंकों की एक विशिष्ट पहचान:-** किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण (कृषक का जनसांख्यिकीय विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि) को डिजिटल इंफास्ट्रक्चर में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। किसान आईडी डिजिटली सत्यापन योग्य पहचान है, जिसे www.rjfr.agristack.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते है। फार्मर आईडी जनरेट होने के बाद भूमि संशोधन (खसरा जोड़ने या हटाने) के लिए पटवारी, भू-अभि. निरीक्षक या तहसीलदार से सम्पर्क किया जा सकता है। इस हेतु मोबाइल एप/वेबसाइट द्वारा प्रदेश के समस्त कृषकों के स्वामित्व वाले सभी खसरों को सम्मिलित करते हुए कृषक के 'आधार' से लिंक कराया जायेगा, तत्पश्चात कृषक से ऑनलाइन सहमति प्राप्त करते हुए ई-हस्ताक्षर की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**इसलिए उपयोगी है किसान रजिस्ट्री:-** भविष्य में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। राज्य एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों को प्रदान करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। भविष्य में नामांतरणकरण एवं क्रय-विक्रय पंजीयन की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी।

**किसान रजिस्ट्री से किसानों को लाभ:-** किसान आईडी (बिना अतिरिक्त दस्तावेज) के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी। पात्र किसान का प्रधानमंत्री-किसान/मुख्यमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वतः जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा। इसके अतिरिक्ति किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण आसानी एवं शीघ्रता से मिल सकेगा। किसानों को फसलों के लिए सेवाओं और बाजारों का व्यापक विकल्प मिल सकेगा। किसान अपनी फसलों, मृदा की स्थिति और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुसार परामर्श सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे । साथ ही, सरकारी योजनाओं में लाभों का समान वितरण सुनिश्चित हो सकेगा, साथ ही लाभ से वंचित पात्र किसानों की पहचान संभव होगी।

# राज्यपाल बागडे ने हरखचंद नाहटा स्मृति स्मारक सिक्के का अनावरण किया

## राष्ट्र हित को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : राज्यपाल बागडे




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्र हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकसित भारत के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक देश को श्रेष्ठतर बनाने में अपनी भागीदारी निभाए। राज्यपाल रविवार को बीकानेर में हरखचंद नाहटा की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा उनकी स्मृति में जारी 25 रुपए मूल्य के 40 ग्राम वजनी स्मारक सिक्के के अनावरण समारोह में संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि नाहटा ने व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र के साथ जन सेवा तथा धर्म सेवा के कार्यों में भी अतुल्यनीय योगदान दिया। देश की कई सुप्रतिष्ठित संस्थाओं से संबंध रखकर वे लोक मंगल कार्यों में निरंतर आर्थिक सहयोग के अलावा सक्रिय सहभागिता निभाते थे। जैनाचार्य श्री जिनपीयूष सागर सूरिश्वर जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित समारोह के दौरान राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हरखचंद नाहटा की स्मृति में स्मारक रजत सिक्का जारी करना जीवन को आलोक देने वाले महापुरूषों के सम्मान की परम्परा है। उन्होंने कहा कि समय तथा इतिहास की कसौटी पर ही किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का मूल्यांकन होता है। हरखचंद नाहटा के जीवट व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, दूरदर्शिता तथा लोक मंगल की बलवती भावना ने उन्हें विशेष स्थान दिलाया।

उन्होंने दानदाता भामाशाह, सेठ घनश्याम दास बिड़ला और समर्थ रामदास के व्यक्तित्व से जुड़े उदाहरण दिए और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार दान देने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग धार्मिक प्रवृत्ति के होते हैं। ऐसे लोग अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने में भी भागीदारी निभाएं। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने स्मारक सिक्के का अनावरण किया तथा यह सिक्का नाहटा परिवार के छोटे बच्चों को आशीर्वाद के साथ सौंपा।

## 54 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 में आजमाया भाग्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार, 2 फरवरी, 2025 को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन हुआ। भर्ती परीक्षा का आयोजन से दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक जयपुर शहर के 240 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 91 हजार 513 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर 54.41 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 91 हजार 513 अभ्यर्थियों में से 49 हजार 794 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 41 हजार 719 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया है।

# राज्यपाल ने देशनोक में करणी माता के दर्शन कर सबके मंगल की कामना की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को बीकानेर स्थित देशनोक की करणी माता के दर्शन कर सभी के मंगल की कामना की है। बागडे ने देशनोक में मां करणी की विधिवत पूजा अर्चना कर उनकी जोत-आरती में भी भाग लिया।

## आधी आबादी के विकास का दूसरा नाम...जयपुर सक्षम अभियान

# जिला कलक्टर के निर्देश पर विभिन्न योजनाओं का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

## बेटी के जन्म पर मनाया गया जन्मोत्सव, 1300 से ज्यादा बेबी किट का हुआ वितरण

### गणतंत्र दिवस समारोह में 5 हजार से ज्यादा होनहार बेटियों को मिले प्रशस्ति पत्र

### जागरुकता कार्यक्रम में 8 हजार से ज्यादा छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जयपुर जिले में जारी सक्षम जयपुर अभियान आधी आबादी के पूर्ण विकास का दूसरा नाम बन गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के ध्येय को साकार करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सक्षम जयपुर अभियान के तहत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम उठाये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत समाज में बेटी के जन्म को जन्मोत्सव के रूप में मनाये जाने की अवधारणा को पल्लवित करने के लिए जनजागरुकता फैलाई जा रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में कन्या जन्मोत्सव के तहत आंगबाड़ी एवं अस्पतालों में कन्या जन्म पर विगत एक महीने में 1300 परिवारों को बेबी किट का वितरण किया गया, साथ ही, नवजात कन्या के नाम पर ही पंचायत में पौधारोपण भी किया गया है।

डॉ. डोगीवाल ने जानकारी दी कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जयपुर जिला प्रशासन ने अनूठी पहल करते हुए गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में 5 हजार 769 होनहार छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं, कई समारोह में 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में टॉप तीन में स्थान हासिल करने वाली प्रतिभावान बालिकाओं के अभिभावकों को भी सम्मानित कर बालिका शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया।

साथ ही, उन्होंने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर की 36 पीएम श्री विद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं को गुड टच, बैड टच, आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ महत्वपूर्ण कानूनों की भी जानकारी प्रदान की गई। इन जागरुकता कार्यक्रम से जिले की 8 हजार से अधिक छात्राओं को लाभांवित कर जयपुर जिला प्रशासन द्वारा बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किये गए।

# खान व भूविज्ञान विभाग ने 527 माइनर मिनरल प्लॉटों का ई-ऑक्शन कर रचा नया इतिहास

## इसी वित्तीय वर्ष में 231 करोड़ का राजस्वः टी. रविकान्त

### » केन्द्र के 2017 से नए प्रावधानों के बाद अब तक 2636 प्लॉटों की ई-नीलामी

### » माइनिंग सेक्टर में निवेश, रोजगार और रेवेन्यू के नए अवसर विकसित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री व खान मंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने माइनर मिनरल प्लॉटों के ऑक्शन में भी नया इतिहास रच दिया है। प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष में अब तक माइनर मिनरल के 527 प्लाटों की सफल नीलामी की जा चुकी है। इससे राज्य सरकार को 577 करोड़ 80 लाख रु. का प्रीमियम राशि का राजस्व मिलेगा। प्रमुख शासन सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जोकि खान मंत्री भी है ने प्रदेश में माइनिंग सेक्टर के समग्र विकास पर जोर देते हुए खनिज खोज व मेजर व माइनर मिनरल के अधिक से अधिक ब्लॉक व प्लॉट तैयार कर ऑक्शन को प्राथमिकता दी गई है। भजन लाल शर्मा का मानना है कि वैध खनन को बढ़ावा देकर ही अवैध खनन पर अंकुश संभव है। टी. रविकान्त ने बताया कि केन्द्र सरकार के माइनिंग प्राबधानों के अनुसार 2017-18 से माइनिंग ब्लॉकों व प्लॉटों के ऑक्शन के ही प्रावधान किये गये। इसके बाद से ऑक्शन के नीलामी के प्रावधानों के बाद से राज्य में अब तक 4914 हैक्टेयर के 2536 माइनर ब्लॉकों का ऑक्शन किया गया है जिसमें से चालू वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक 527 प्लॉटों की भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य में मार्च तक 483 प्लॉटों की नीलामी प्रक्रिया जारी है।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में 1044 हैक्टेयर के 527 प्लाटों की नीलामी से राज्य सरकार को 40 प्रतिशत प्रीमियम राशि 231 करोड़ रु. इसी वित्तीय वर्ष में राजस्व के रुप में प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि राज्य में सेंड स्टोन, मार्बल, मेसेनरी स्टोन, क्वार्टज, फेल्ड्सपार, सिलिका सेंड, क्वाटजाइट आदि माइनर मिनरल्स के विपुल भण्डार है। विभाग द्वारा रोडमेप बनाकर एक्सप्लोरेशन के साथ ही खनिजों के डेलिनियेशन कर प्लॉट तैयार करने और उनकी ई-नीलामी पर जोर दिया जा रहा है ताकि खनिजों के अवैध खनन पर अंकुश लगाया जा सके। निदेशक कलाल ने बताया कि मिनरल ब्लाकों व प्लॉटों की नीलामी से प्रदेश में माइनिंग सेक्टर में निवेश, रोजगार और रेवेन्यू के नित नए अवसर विकसित हो रहे हैं।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# जीव जंतुओं की आत्मा की शांति के लिए किया णमोकार महामंत्र जाप




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जीव जंतुओं की आत्मा की शांति और कल्याण के लिए णमोकार महामंत्र जाप राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के बैनर तले टोंक रोड स्थित वसुंधरा कॉलोनी में णमोकार महामंत्र जाप का आयोजन किया। पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन ने बताया कि आयोजन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष अभय नाहर के नेतृत्व में किया गया।

हर वर्ष संस्था द्वारा अकाल मृत्यु को प्राप्त जीव-जंतुओं की शांति तथा उनके कष्ट और पीड़ा कम करने के लिए णमोकार जाप का आयोजन किया जाता है। इसकी अगली कड़ी में 23 फरवरी को गायत्री मत्रों के साथ शांति यज्ञ का आयोजन भी संस्था द्वारा किया जाएगा। णमोकार महामंत्र के अवसर पर अभय नाहर, राजू शर्मा, छाजू लाल, ऋतु लोचन कमल लोचन आदि ने मंत्र के महत्व को बताया। कमल लोचन ने बताया कि जाने-अनजाने में जीव जंतु को हमारे द्वारा जो कष्ट होता है उसकी क्षमा याचना के लिए यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

# भव्य वेदी प्रतिष्ठा व विश्व शांति महायज्ञ चार से

**जयपुर।** महेश नगर स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर का भव्य वेदी प्रतिष्ठा व विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन 4 से 6 फरवरी तक आयोजित होगा। मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में होने वाले इस आयोजन में तीन दिन तक ध्वजारोहण, कलश यात्रा सहित अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम कुमार जैन व कार्यक्रम समन्वयक नवल जैन ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन 4 फरवरी को दोपहर 2 बजे देव आज्ञा, गुरु आज्ञा के बाद घटपूजन व घटयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 5 फरवरी को सुबह 7 बजे ध्वजारोहण, सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, अभिषेक व शांतिधारा के बाद मुनि प्रणम्य सागर महाराज के प्रवचन होंगे। इसके बाद वेदी के संस्कार के बाद दोपहर में 1 बजे याज्ञ मंडल विधान की पूजा की जाएगी। इसी दिन सांय को आरती व प्रवचन होंगे। मंदिर प्रबंध समिति के मंत्री पीयूष कुमार जैन ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन 6 फरवरी को सुबह जाप्य यानुष्ठान व अभिषेक व शांति धारा के बाद मुनिश्री के प्रवचन होंगे। तत्पश्चात विश्व शांति महायज्ञ के बाद विधि विधान से श्रीजी को वेदी में विराजमान किया जाएगा। महोत्सव की सारी क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य शुभम जैन शुभांश सम्पन्न करवाएंगे।

# स्टेट चीफ कमिश्नर ने किया स्काउट गाइड्स का उत्साहवर्धन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन 28 जनवरी से तीन फरवरी तक मन्नापराई तिरुचिरापल्ली तमिलनाडू में किया जा रहा है। जंबूरी में पूरे भारतवर्ष से पंद्रह हजार से अधिक स्काउट गाइड सहभागिता कर रहे हैं। जिसमें नेपाल, श्रीलंका, सऊदी अरब, मलेशिया के स्काउट्स गाइड्स भी सहभागिता कर रहे हैं। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस डायमंड जुबली जंबूरी में राजस्थान प्रदेश से 1050 से अधिक स्काउट गाइड, यूनिट लीडर्स एवं पदाधिकारी जंबूरी डायरेक्टर डॉ. पीसी जैन, राज्य दल नेता एवं राज्य संगठन आयुक्त पूर्णसिंह शेखावत तथा राज्य उप दल नेता एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्नालाल के नेतृत्व में सहभागिता कर राजस्थान की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। जंबूरी में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें उद्घाटन समारोह में मार्च पास्ट परेड का प्रतिनिधित्व राजस्थान प्रदेश के स्काउट गाइड्स की कलर पार्टी द्वारा किया गया। मार्च पास्ट, बैंड प्रदर्शन, फूड प्लाजा, स्किल ओ रामा, स्काउट गेट, गाइड गेट, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, सिगनलिंग, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, कैंप क्राफ्ट, लोक नृत्य, टेंट कैंप फायर, रंगोली, झांकी प्रदर्शन, रूट मार्च जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान प्रदेश के स्काउट गाइड्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जंबूरी के दौरान विभिन्न राज्यों के दिवसों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में राजस्थान दिवस का आयोजन स्टेट चीफ कमिश्नर और पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार निरंजन आर्य के सानिध्य में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया।

**जिले का 23 सदस्य दल भी कर रहा सहभागिता :** सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस डायमंड जुबली जंबूरी में झुंझुनूं जिले से 23 सदस्य दल जंबूरी में सहभागिता कर रहा है। जिसमें जिले से प्रेरणा सीनियर सैकंडरी स्कूल नवलगढ़ के 8 स्काउट्स दीक्षित यादव, मनीष बुरड़क, आयुष, विजेश कुमार यादव, आर्यन सैनी, प्रशांत सैनी, गर्वित सैनी, विनीत बिजारणिया, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारू के दो स्काउट्स पुनीत, अर्पित चौधरी, रामलाल शिक्षण संस्थान अलसीसर के छह स्काउट्स निखिल खेदड़, शौर्य सिंह, नवीन, आर्यन, अंकुश, अभय धारीवाल, जिला प्रभारी विकासचंद्र व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निराधनु एवं स्काउट मास्टर रौनक वर्मा पाना बाई गोदावरी पोदार स्कूल नवलगढ़ के नेतृत्व में सहभागिता कर बेहतरीन प्रदर्शन कर झुंझुनूं की अमिट छाप छोड़ रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर प्रहलाद राय जांगिड़ सब कैंप चीफ के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा स्काउट मास्टर विक्रम सिंह झाझड़िया एडवेंचर गतिविधियों का प्रभावी संचालन कर रहे हैं। रोवर गणेश कुमार एवं जितेंद्र कुमार अपनी उत्कर्ष सेवाएं दे रहे हैं। सीओ स्काउट महेश कालावत द्वारा राजस्थान प्रदेश की विभिन्न गतिविधियां की मॉनिटरिंग राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित



**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र बसंत पंचमी के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रपति पुलिस पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रक्तदान शिविर के संचालन में भरपूर योगदान दिया। शिविर में 15 इकाई रक्तदान हुआ। शिविर के साथ साथ हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा और विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुदेश कुमारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति पर पैदल जागरूकता यात्रा निकाली गयी। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने पैदल जागरूकता यात्रा से पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के नेतृत्व में रात दिन अथक प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा में ही नहीं अपितु भारत में अब ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की वेबसाइट या पोर्टल अथवा 1933 पर दी जा सकती है।

# सादुलपुर में संलेखना संथारा जारी, जाने माने अर्थशास्त्री कोठारी भी पहुंचे



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** महाराणा प्रताप चौक के निकट स्वर्गीय झूमर मल बैद की धर्मपत्नी सिरेकंवरी देवी का संथारा व्रत रविवार को आठवें दिन भी जारी रहा। संथारा साधिका अभी तक पूर्ण चैतन्य अवस्था में है जो आगत श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए खमत खामणा भी कर रही है। रविवार को जाने-माने अर्थ शास्त्री और वित्तीय सलाहकार कोलकाता प्रवासी विनोद कुमार कोठारी भी संथारा साधिका के दर्शनार्थ पहुंचे। अर्थशास्त्र की 25 पुस्तको के लेखक तथा श्रेष्ठ राष्ट्रीय सीएस अवार्ड प्राप्तकर्ता विनोद कोठारी ने इस अवसर पर कहा की आर्ट ऑफ लिविंग तो एक सामान्य बात है मगर जीवन के चरम लक्ष्य स्वैच्छिक मौके समाधि सबसे ज्यादा तेरापंथ धर्म संघ में है। इस अवसर पर कोठारी ने स्वरचित मारवाड़ी गीत चमचम करती पालकडी आ सुरगां स्यूं आई खड़ी... सुना कर अपने भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर दिल्ली से आए हुए अशोक एवं मधु कोठारी तथा राजगढ़ की कमला देवी कोठारी भी उपस्थित थी। इससे पूर्व आचार्य श्री महाश्रमण की वरिष्ठतम शिष्या शासनश्री साध्वी विद्यावती की सहयोगी साध्वी दिव्या प्रभा और साध्वी प्रशस्त प्रभा ने भी घंटे भर तक श्रावक-श्राविकाओं के साथ संथारा साधिका को आध्यात्मिक उद्बोधन दिया। उल्लेखनीय है कि सीरिया बाई। के अभी तिविहार संथारा चल रहा है यानी वह सूर्योदय से सूर्यास्त के मध्य त्याग मात्रा के अनुसार सादा जल ग्रहण कर रही है। जब यह संथारा व्रत चौविहार में हो जाएगा तो उसके बाद यह जल का भी त्याग कर देगी।

# सांसद खेल उत्सव के तीसरे चरण में हुए क्वार्टर फाइनल के मुकाबले



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** वी-शक्ति के बैनर के अंतर्गत अलवर सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'खेलो इंडिया' की प्रेरणा से अलवर संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहे अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत आज राज ऋषि कॉलेज के खेल मैदान में क्वार्टर फाइनल मैच का पहला मुकाबला महिला टीम राजगढ़ और रामगढ़ के बीच हुआ। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राजगढ़ टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रामगढ़ टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात ओवर में अपने 4 विकेट खोकर 54 रन बनाए। जवाब में, राजगढ़ टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया और जीत दर्ज की। इस मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए सपना को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। वहीं, दूसरा मुकाबला पुरुष टीम राजगढ़ और रामगढ़ के बीच हुआ। इस मुकाबले में राजगढ़ टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 12 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। जवाब में, रामगढ़ टीम 12 ओवर में 9 विकेट गंवाकर केवल 105 रन ही बना पाई और मुकाबला हार गई। इस मुकाबले में अंकित ने शानदार बल्लेबाजी की और अल्फाज ने अच्छी गेंदबाजी कर टीम को जीत दिलाने में सहायता की। वहीं, नीमराणा के राठ इंटरनेशनल स्कूल में हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में पहला मुकाबला तिजारा और किशनगढ़ टीम के बीच हुआ। इस मुकाबले में किशनगढ़ टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

# लेट होने के कारण नहीं दे पाए आरएएस की परीक्षा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** आरएएस प्री के एग्जाम में रविवार को काफी अभ्यर्थी परीक्षा देने से चूक गए। वे 11 बजने के बाद कुछ मिनट बाद सेंटर पर पहुंचे। जीडी कॉलेज में करीब 20 अभ्यर्थियों को रोक दिया गया। जो समय से देर से आए। इसी तरह अन्य सेंटर पर भी ऐसा देखने को मिला।

वहीं अलवर के निकट देसूला के परीक्षा केंद्र पर शिक्षा विभाग के कर्मचारी ने अपनी बेटी को सेंटर के अंदर मोबाइल ले जाकर थमा दिया। जिसका दूसरे अभ्यर्थियों ने विरोध कर दिया। विरोध के बाद महिला अभ्यर्थी को बिना एग्जाम दिए बाहर करना पड़ा। ताकि समय पर एग्जाम शुरू हो सके। अलवर में 28 हजार में से 14 हजार अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए हैं। आरएएस एग्जाम के कारण एक घंटे पहले परीक्षार्थी एग्जाम सेंटर पर पहुंचे। एग्जाम सेंटर के आसपास के साइबर कैफे व ई मित्र परीक्षा के समय बंद रखे जाएंगे। 16 फ्लाइंग दल बराबर निगरानी रखेंगे। अलवर में 93 एग्जाम सेंटर पर 28 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। आरएएस के एग्जाम में अलवर में 28 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। एक दिन पहले ही एग्जाम सेंटर के अंदर व बाहर की तैयारी को देखा गया। एग्जाम के दिन ई-मित्र कोचिंग, साइबर कैफे बंद कराए गए हैं। कुल 28 हजार में से करीब 26 हजार अभ्यर्थी अलवर के हैं।

# 28वां सैनी सामूहिक विवाह समारोह फुलेरादोज को



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति (रजि.) अलवर की बैठक आज रविवार को काशीराम का चौराहे के पास स्थिति सैनी समाज सभा भवन परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (घारा भाई) ने की। समिति प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि 28वां सैनी सामूहिक विवाह समारोह दिनांक 01 मार्च 2025 शनिवार फुलेरादोज को आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह हेतु अभी तक 13 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है एवं प्रत्येक रविवार को सैनी विवाह योग्य युवक एवं युवती परिचय एवं पंजीयन कार्यक्रम प्रारम्भ है। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 28 फरवरी 2025 निश्चित की गई है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकार्ताओं ने सन् 2025 में सामूहिक विवाह समारोह में महिलाओं एवं बालिकाओं की अधिक से अधिक भागिदारी सुनिश्चित करते हेतु दिनांक 23 फरवरी 2025 रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रसेन सर्किल के पास अलवर में किया जावेगा। जिसमें 1. रंगोली प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से 2. मैहन्दी प्रतियोगिता दोपहर 11 बजे से3. नृत्य प्रतियोगिता दोपरह 12:30 बजे से प्रारम्भ होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सैनी समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीया पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को सान्तवना पुरूस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व पंजीकरण कराना आवश्यक है। पंजीकरण की अन्तिम तिथि दिनांक 20 फरवरी 2025 गुरूवार सुनिश्चित की गई है। आज बैठक में समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी, समिति महामंत्री पदमचन्द सैनी, उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, भण्डारण मंत्री रामजीलाल खुराडिया, समिति उपाध्यक्ष रतनलाल सैनी, कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द सैनी सब्जी मण्डी, भारत सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, सुबेदार सुरेश चन्द सैनी, रामगोपाल सैनी, मन्याराम सैनी, डॉ. प्रदीप सैनी, ओमप्रकाश सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, तेजपाल सैनी, हरसोली, मदन लाल सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण की कड़ी में बगड़ मोनिका आल्हा की बिंदौरी निकाल दिया संदेश



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के बगड़ कस्बे के वार्ड नंबर 11 स्थित जोगेंद्र निवास में महेंद्र सिंह आल्हा ने अपनी बेटी मोनिका के लिए बिंदौरी निकाली गई। जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनी। महेंद्र सिंह आल्हा ने पुरानी परंपराओं को दरकिनार करते हुए यह संदेश दिया कि बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं है। सामान्यतः लड़कों को घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली जाती है। लेकिन महेंद्र सिंह आल्हा ने अपनी बेटी मोनिका को दूल्हे की तरह घोड़ी पर बैठाया। मोनिका आल्हा को साफा पहनाया गया और सजी-धजी मोनिका घोड़ी पर बैठी। जिससे हर किसी के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। बगड़ के जोगेंद्र निवास चौक में इस बिंदौरी के दौरान परिजनों ने डीजे पर ठुमके लगाए और पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। मोनिका आल्हा के भाई, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने कहा कि लड़का घर को संवारता है, लेकिन लड़कियां दो दो घरों को संवारती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह बताना है कि बेटियां बेटों से कम नहीं हैं। वे चाहते हैं कि समाज में बेटियों को प्रोत्साहित किया जाए और बराबरी का दर्जा दिया जाए। राजस्थान में लिंगानुपात में बेटियों की कमी से उबरने के लिए सरकारी स्तर पर कई प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन सामाजिक स्तर पर जब तक बेटियों और बेटों को समान दर्जा नहीं मिलेगा। तब तक सरकार की योजनाएं पूरी नहीं हो पाएंगी। मोनिका आल्हा की बिंदौरी जैसी पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रभावी साबित हो सकती है। इस बिंदौरी के दौरान आल्हा परिवार के आशाराम आल्हा, गुलझारी आल्हा, राहुल, विशाल, देवेंद्र, विजय शुभकरण, आकाश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कल दो घंटे बंद रहेंगे शराब के ठेके

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** प्रदेशभर के शराब ठेके चार फरवरी को दो घंटे तक बंद रहेंगे। छह सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत शराब ठेकेदारों ने शटर डाउन का ऐलान किया है। शराब ठेकेदार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज धनखड़ ने बताया कि दुकानों का खोलने का समय रात 11 बजे तक करने, शराब की दुकानों में पुलिस का हस्तक्षेप बंद करने, कलस्टर समाप्त करने, गारंटी उठाव त्रैमासिक करने, पुराना बकाया पैनल्टी समाप्त करने, वर्तमान गारंटी पर ही दुकान रिन्यूअल करने जैसी मांगों को लेकर पहले भी कई बार सरकार से वार्ता हो चुकी है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। जिसके चलते अब आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन के पहले चरण में चार फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक दो घंटे का शटर डाउन हड़ताल होगी। वहीं नौ फरवरी को प्रदेश के शराब ठेकेदारों की जयपुर में महारैली होगी।

## आदर्श बालिका विद्या मंदिर में समरसीबल का शुभारंभ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** श्रीमती द्रोपती देवी भक्कड़ बालिका आदर्श विद्या मंदिर राजगढ़ में भामाशाहों के आर्थिक सौजन्य से विद्यालय में लगाए गए समसीबल का शुभारंभ किया गया एवं विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह डॉ कौशल पूनिया, आशा देवी शिक्षण समूह डॉक्टर हिमांशु बेडवाल पुत्र अरुण बेडवाल, शांति सरावगी पुत्र विनोद सरावगी जिंदल बेग देवकीनंदन लोहारी वाला स्वर्गीय रामी देवी पत्नी स्वर्गीय शुभकरण फतेहपुरिया परिवार के प्रतिनिधि का साफा दुपटा पहनाकर प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस अवसर पर एडवोकेट अनिरुद्ध पाटोदिया तोला कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा शिक्षा विभाग प्रशासनिक अधिकारी, मंगतू राम शर्मा दाधीच, सामाजिक कार्यकर्ता गणेश दाधीच, नारायण प्रसाद, सुमित अग्रवाल, योगेश महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति मुकेश सरावगी, श्यामा बाई उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्य कांन्ता वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### खटीक समाज का सामूहिक विवाह समारोह हेतु द्वितीय बैठक आयोजित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राष्ट्रीय संत श्री दुर्बलनाथ जयंती एवं विवाह समारोह समिति, श्री खटीक छात्रावास, जेल चौराहा, अलवर में 01 मार्च 2025 को सामाजिक सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना है। समिति के मीडिया प्रभारी अविनाश मलावलिया ने बताया कि द्वितीय परिचय सम्मेलन जेल चौराहा के पास खटीक छात्रावास के परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें समिति द्वारा 11 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन कर लिया गया हैं। समाज के सभी बन्दुओं से निवेदन किया गया है कि दिनांक 10 फरवरी 2025 तक अधिक से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन करवाएं। आज का परिचय सम्मेलन महेंद्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में किया गया हैं। इस अवसर पर समिति संयोजक गोपाल दास खटीक, प्रेमचंद बुटालिया, रामकिशोर चौहान, डालचंद महिंद्रा, प्यारेलाल, सीताराम छिलवाल, मनोहर लाल छिलवाल, फतह सिंह आसीवाल, भगवान सहाय, मंजीत आसीवाल, महेनु राजोरा सहित समाज के बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### बैंक के गार्ड ने नशे में पुलिस पर तानी बंदूक, पुलिस ने किया अरेस्ट

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** बानसूर में एसबीआई बैंक के गार्ड ने शराब के नशे में धुत होकर एक घंटे तक हाइवोल्टेज ड्रामा किया। गार्ड ने नशे में बैंक के शटर को अंदर से ताला लगा दिया और अंदर से ही आने जाने वाले लोगों के साथ गाली गलौज करने लग गया। मामला अलवर बस स्टैंड पर शनिवार रात करीब 8 बजे का है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बानसूर पुलिस को दी गई। सूचना पर बानसूर पुलिस मौके पर पहुंची तो गार्ड पुलिस को देखकर भडक़ गया और पुलिस की तरफ बंदूक तान दी, जिससे वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। एक घंटे तक चले ड्रामे के बाद गार्ड ने जैसे ही चैनल से हाथ बाहर निकाला तो पुलिस ने गार्ड का हाथ दबोच लिया और चैनल को चौड़ा कर एक बच्चे को अंदर भेजकर गेट को खोला और गार्ड को हिरासत में लिया। बैंक मैनेजर आशुतोष शर्मा ने बताया कि गार्ड के शराब के नशे में किए ड्रामे की सूचना मिली थी। आरोपी गार्ड के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और उसकी जगह दूसरे गार्ड को तैनात कर दिया गया है।

### बसंत पंचमी पर्व पर डप चंग का शुभारंभ



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** बसंत पंचमी पर्व पर राजगढ़ शहर में महाराणा प्रताप चौक के पास सादुलपुर अखाड़ा की ओर से शीतला माता का पूजन कर डंप चंग होली के गीतों के साथ शुभारंभ किया गया। सादुलपुर अखाड़ा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बसंत पंचमी पर डप चंग होली के गीतों के साथ शुरू हुआ आयोजन होली के त्योहार तक लगातार जारी रहेगा।


### लम्बोर छिपियान में श्री नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** बसंत पर्व पर लम्बोर छिपियान में श्री नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के सभी लोगों ने श्री नामदेव महाराज की प्रतिमा पर फूल गुलाब और प्रसाद चढ़ाया गया। नामदेव की बताई गई बातों पर उल्लेख किया गया। मोहनलाल सूबेदार की अध्यक्षता में संपूर्ण कार्य किया गया। प्रमुख लोगों द्वारा कार्यकारिणी गठन करने का निर्णय लिया गया। सुरेंद्र नामदेव सुरेश अनिल रघुवीर हरि सिंह देवराज बद्री प्रसाद नागेंद्र सूरजभान मुकेश श्यामलाल आदि उपस्थित रहे।

### बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में श्री सरस्वती माता मंदिर में आयोजन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** बसंत पंचमी के उपलक्ष में रविवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए प्रमुख और सबसे बड़ा आयोजन पुराना फलसा में स्थित यहां के एकमात्र श्री सरस्वती माता मंदिर में हुआ। यहां सुबह से शाम तक भक्तों का आवागमन रहा और लोगों ने पीले पुष्प व पीली चीजें मां सरस्वती को अर्पित कर अपनी श्रद्धा भावना व्यक्त की। पुजारी गण महेंद्र कुमार शर्मा, गणेश, अजय कुमार और श्याम सुंदर की देखरेख में यह आयोजन हुआ। इससे पूर्व शनिवार की रात्रि को जागरण भी हुआ। रविवार दोपहर को महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई।

### श्री सर्व समाज विकास मंच की बैठक आयोजित

**सादुलपुर।** श्री सर्व समाज विकास मंच की बैठक आयोजित की गई। आज की बैठक में वार्ड नं 1,2 व 3 के वार्डवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का उल्लेख किया। जिसमे से अंबेडकर सर्किल से लेकर गोगामेड़ी नायकान तक नालियां कचरे से भरी हुई हैं। कचरा निकाला भी जाता है तो उसे उठाया नहीं जाता इसलिए वापस गंदगी भर जाती है। वार्ड नं2 मे हरिराम सुपुत्र माईराम नायक के घर से अंबेडकर सर्किल तक स्ट्रीट लाइटें काफी समय से खराब है। वार्ड नं 2मे कचरा पात्र नहीं होने से कचरा गली में फैल जाता है। पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास सड़क पर हमेशा पानी भरा रहता है।

## न्यूज ब्रीफ

### भगवान देवनारायण की 1113वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकलेगी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** देवनारायण विकास समिति गुर्जर समाज की ओर से आयोजित होने वाले दो दिवसीय देवनारायण जयंती महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। देवनारायण विकास समिति नगर अध्यक्ष बजरंगलाल गुर्जर ने बताया कि देवनारायण भगवान की 1113 वीं जयन्ति महोत्सव 2025 का दो दिवसीय आयोजन ऐतिहासिक और विशाल होगा। जिसमें 3 फरवरी को फड वाचन सहित जागरण और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 4 फरवरी को एतिहासिक विशाल शोभायात्रा एवं मेला आयोजित होगा। शोभायात्रा देवनारायण मन्दिर से आरम्भ होकर डीडवाना रोड़, बस स्टेण्ड, स्टेशन रोड़, गुर्जर मोहल्ला, कड़वा मार्केट होते हुए पुनः देवनारायण मन्दिर पर सम्पन्न होगी। इसके बाद प्रतिभा सम्मान समारोह सायं 4:15 बजे होगा। देवनारायण विकास समिति द्वारा सत्र 2023-24 में राजकीय सेवा एवं उच्च शिक्षा में चयनित कक्षा 10वी 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले होनहार प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। शोभायात्रा को लेकर गांव ढाणी में समाज के लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। इस दो दिवसीय महोत्सव में हजारों की संख्या में ऐतिहासिक रूप से गुर्जर समाज के लोग भाग लेंगे। इसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

### भजनों पर थिरके श्रोता, महिलाओं ने किया श्याम पाठ, आज निकलेगी निशान पदयात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे में श्रीश्याम नवयुवक मित्र मंडल के 25वें पांच दिवसीय बसंत महोत्सव में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। महोत्सव स्थल अड़ूकिया स्कूल के पास महाकालेश्वर मंदिर में भजन संध्या और नृत्य नाटिका का आयोजन हुआ। जिसमें शिव वर्मा कानपुर एंड पार्टी के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। लक्की ड्रॉ निकालकर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। वहीं शनिवार को मंदिर में श्रीश्याम महिला मित्र मंडल के सौजन्य से श्रीश्याम पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने सामूहिक रूप से पाठ किया। इसी प्रकार श्रीश्याम प्रभू का 48वां मूर्ति स्थापना दिवस भी मनाया गया। जिसमें पुरानी बस्ती स्थित श्याम मंदिर में जागरण हुआ। कलाकार राजू जोशी एंड पार्टी चिड़ावा, कुमार गौरव पारीक कोलकाता एवं राज राठौड़ जयपुर के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। श्रीश्याम हरिकीर्तन मंडल की ओर से मूर्ति स्थापना पर आयोजित इस कार्यक्रम में छप्पन भोग, वृंदावन के कलाकारों द्वारा फूल बंगला, ड्राई फ्रूट से बाबा का शृंगार, फतेहपुरिया साउंड, बिट्टू म्यूजिकल ग्रुप जयपुर द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। महोत्सव के अंतिम दिन तीन फरवरी को श्रीश्याम नवयुवक मंडल की ओर से निशान यात्रा का निकाली जाएगी। जो कि अड़ूकिया स्कूल के पास स्थित महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर विभिन्न रास्तों से होते हुए श्याम प्रभू मंदिर पहुंचेगी। जहां बाबा को निशान अर्पित किए जाएंगे।

### बाल व्यास कथा वाचक श्रीकांत शर्मा का विप्र सेना ने किया सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** मानस मर्मज्ञ, देश के विख्यात कथा वाचक बालव्यास श्रीकांत शर्मा व महामंडलेश्वर अर्जुनदास महाराज का विप्र सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया के नेतृत्व में लारेश्वर मंदिर मे अभिनंदन किया गया। विदित हो बाल व्यास श्रीकांत शर्मा लारेश्वर मंदिर में व्यास पीठ से शिवपुराण कथा का अपनी मधुर वाणी से वाचन कर रहे हैं। अपने इस अभिनंदन से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि झुंझुनूं से मेरा सदैव आत्मीय संबंध रहा है और जिस तरह से विप्र समाज ने मेरा सम्मान किया है इस मधुर क्षण को में शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। झुंझुनूं के विप्र समाज का सदैव ही मेरे प्रति स्नेह रहा है। उसी की परिणति यह अभिनंदन समारोह है। इस अवसर पर अनिल जोशी, राकेश सहल, श्यामसुंदर लालपुरिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### साइकिल वितरण समारोह का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिरोड़।** निकटवर्ती ग्राम बसावा के सेठ सीताराम क्याल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह भामाशाह सेठ सुशील गुप्ता के मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ। मां शारदे की आराधना से प्रारंभ हुए इस समारोह की अध्यक्षता संस्था प्रधान रजनीश प्रधानाचार्य ने की। जबकि जिला परिषद सदस्य बजरंगलाल जांगिड़ एवं अशोक पटवारी समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे। शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा के सानिध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रोचक प्रस्तुति नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई एवं राज्य सरकार की साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत विद्यालय की पांच छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। वहीं भामाशाह सेठ गुप्ता ने विद्यालय के संस्थापक परिवार की तीसरी पीढ़ी के रूप में विद्यालय का मुख्य द्वार एवं स्टाफ शौचालय मंत्रालय निर्माण की घोषणा की एवं आगामी सत्र में बच्चों के लिए स्कूल फीस एवं ड्रेस इत्यादि की व्यवस्था भी संस्थापक भामाशाह परिवार द्वारा करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर ग्रामीण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### निशुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल पर स्वर्गीय गीतादेवी एवं स्वर्गीय रामावतार मोदी की पुण्य समृति में उनके पुत्र लॉयन रामचंद्र मोदी एवं परिवारजन के आर्थिक सौजन्य से निशुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मधुमेह चिकित्सा शिविर में 63 मधुमेह रोगियों को लॉयन डॉ. एनएस नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल ने चिकित्सा परामर्श देते हुए उपलब्ध एक माह की निशुल्क दवाइयां क्लब की ओर से प्रदान की गई। शिविर में दानदाता परिवार के संजीव मोदी, क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, क्लब अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत, शकुंतला पुरोहित, विनिता शर्मा, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन रघुनाथ पोद्दार, रामप्रताप कुमावत, देवेंद्र शेखावत एवं शिविर संयोजक लॉयन महिपालसिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इसी क्रम में अस्पताल परिसर में ही लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लॉयन डॉ. एनएस नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल ने शिविर में आए हुए 31 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की एवं उपलब्ध सात दिवस की दवाइयां क्लब की ओर से प्रदान की गई।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में जिला स्तरीय आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. राजवीर राव ने किया। उन्होंने पूरे शिविर में मॉनेटरिंग भी रखी। डॉ. राव ने बताया कि इस जिला स्तरीय कैंप का फायदा सैंकड़ों की संख्या में मरीजों ने उठाया। इस कैंप में आरोग्य आयुष्मान योजना के कार्ड भी तैयार किए गए है। तो वहीं दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अलावा अन्य कार्य भी किए गए। इसके अलावा गांव और ब्लॉक स्तर पर आयोजित हुए कैंपों से रैफरल मरीजों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जांचकर उनका ईलाज किया। डॉ. राव ने बताया कि एनसीडी के तहत कैंप में आने वाले रोगियों की मधुमेह, दमा, श्वांस संबंधित बीमारियों की जांचें भी फ्री की गई। इसके अलावा चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार निशुल्क दवा वितरित की गई।

# बालव्यास श्रीकांत शर्मा ने शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह का रोचक वर्णन किया

### बसंत पंचमी के अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर के सामने चौथमल गोयनका नोहरा में किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा यज्ञ में तीसरे दिवस रविवार को व्यासपीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बाल व्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया। इससे पूर्व भागवत ग्रंथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया। व्यासपीठ से बाल व्यास ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग रोचक वर्णन किया। बताया महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए शिव विवाहोत्सव मनाया जाता है। महाशिवरात्रि पर शिव विवाह की कथा सुनना और पढ़ना पुण्यदायी बताया। कथा मर्मज्ञ ने शिव बारात का रोचक वर्णन करते हुए कहा बारात में भूत-प्रेत, बेताल मगन होकर नाच रहे थे। भगवान शिव गले में नाग धारण किए नंदी पर विराजमान थे। भगवान विष्णु और ब्रह्माजी देवताओं की टोली लेकर चल रहे थे। त्रिलोक आनंद से मगन था। शिवजी के जयकारों से दिशाएं गूंज रही थीं। बारात देवी पार्वती के पिता राजा हिमाचल के द्वार पहुंची। स्वागत के लिए महिलाएं आरती की थाली लेकर आईं। भगवान शिव की सासू मां मैना दामाद की आरती उतारने पहुंची तो शिवजी का रूप देखकर घबरा गईं। शिवजी की लीला से नागों ने फुफकारना शुरू कर दिया। तेज हवा से वस्त्र अस्त-व्यस्त होने लगे। मैना अचेत होकर गिर गई। चैतना लौटी तो कहा मैं अपनी सुकुमारी बेटी बाघंबरधारी, भस्मधारी को नहीं दे सकती। देवी पार्वती ने भगवान शिव की लीला समझ ली। माता पिता की आज्ञा लेकर शिवजी के पास गई और अपनी लीला समेटने की विनय की। देवी पार्वती की मनोदशा समझकर शिवजी ने लीला समेट ली और चंद्रमौलि स्वरूप में प्रकट हो गए। तब देवी पार्वती की मां आनंद पूर्वक देवी पार्वती का विवाह करने को तैयार हुई। विवाह आरंभ होने से पूर्व लोकाचार वश राजा हिमाचल की वंश परंपरा का बखान हुआ। नारदजी ने शिवजी की वंश परंपरा बताई। ब्रह्माजी पुरोहित और भगवान विष्णु देवी पार्वती के भाई बने। आनंदमय वातावरण में विवाह की कथा संपन्न हुई। इससे पहले बसंत पंचमी के अवसर पर सुबह विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में 51 किलो दूध एवं अन्य सामग्री से विधि विधान के साथ रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक के पश्चात आरती हुई एवं सभी श्रद्धालु भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

**आयोजन में इन्होंने भी किया कथा का रसपान :** इस अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी इंद्र कुमार मोदी दिल्ली, सुरेशचंद्र पंसारी, कृपाशंकर मोदी मुंबई, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अग्रवाल जयपुर, राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, अनिल टेकड़ीवाल एवं दिनेश गुप्ता दिल्ली, परमेश्वर हलवाई, रमाकांत एवं प्रदीप जालान सूरत, जयपुर से प्रमोद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, पूनम ढंढारिया, संजय अग्रवाल, शिखरचंद बैराठी, विनोद अग्रवाल, मुंबई से गोपीराम मोदी, संतकुमार मोदी, सूरत से विमल ढंढारिया, सुशील तुलस्यान हैदराबाद, चैन्नई से महावीर प्रसाद गुप्ता एवं गजेंद्र मोदी, अशोक अग्रवाल नीमकाथाना, रामकिशन लोहिया मुंबई, विशाल गोयल काठमांडू, मनीष गोयल अजमेर, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य बुद्धिप्रकाश अग्रवाल, श्रीकांत पंसारी, कैलाश अग्रवाल, राकेश तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रीगोपाल हलवाई, शिवचरण हलवाई, नितिन नारनौली, अनिल केजड़ीवाल, निर्मल मोदी, सुभाष जालान, पंडाल एवं स्टेज डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान आदि मौजूद रहे।

# गांजा बेचने के आरोपी को दबोचने पुलिस पहुंची ओड़िसा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कानून के हाथ लंबे होते है। यह फिल्मों में तो कोई बार सुना था। लेकिन अब हम आपको यह ना केवल बताने, बल्कि दिखाने भी जा रहे है। जी, हां झुंझुनूं पुलिस गांजे के सप्लायर को पकड़ने के लिए करीब 2000 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी के पास तक पहुंच गई। पुलिस ऐसी जगह गई। जहां के ना तो रास्ते मालूम थे और ना ही भाषा आती थी। फिर भी सुलताना एसएचओ रवींद्र सिंह ने करीब चार दिनों तक ओड़िसा के रायगडा जिले के पदमपुर थाना इलाके में डेरा डाले रखा। ओड़िसा पुलिस के ही एक एएसआई की मदद से आरोपी को पकड़ने में कामयाब भी हुए। दरअसल पिछले दिनों झुंझुनूं पुलिस ने हरियाणा के झोझू थाना इलाके के नौरंगाबास जाटान निवासी सुभाष पुत्र अमरजीत जाट को अवैध 200 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। जिसने पूछताछ में बताया कि वह गांजा ओड़िसा से लेकर आया था। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर सुलताना एसएचओ रवींद्र सिंह अपनी टीम के साथ करीब 2000 किलोमीटर दूर पांच से ज्यादा राज्यों को पार करके ओड़िसा पहुंच गए। जहां पर उन्होंने चार दिनों तक डेरा डाला और गांजे की खेती करने वाले 26 साल के कन्दा अम्बूकलां गांव निवासी दास माझी को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीम देखकर दास माझी घर छोड़कर भी भा गया था। लेकिन सुलताना एसएचओ ने पीछा नहीं छोड़ा। जंगलों में पीछा करके आरोपी को पकड़ लिया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दास माझी गांजे की खेती करता है। जो ना केवल हरियाणा और राजस्थान, बल्कि पश्चिम बंगाल, केरल आदि राज्यों में भी नेटवर्क के जरिए गांजा बेचता है। पहले भी कई बार दास माझी का नाम विभिन्न राज्यों की पुलिस के सामने आ चुका है। लेकिन काफी दूर होने और आदिवासी इलाका होने के कारण कभी कार्रवाई नहीं हुई। इस बार झुंझुनूं पुलिस ने डीआईजी शरद चौधरी के निर्देशन में ओड़िसा में कार्रवाई की है।

# लोहार्गल धाम के सूर्य मंदिर में सूर्य सप्तमी महोत्सव का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के धर्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम के सिद्ध पीठ भगवान सूर्य मंदिर (मठ) में सूर्य सप्तमी महोत्सव के प्रथम दिवस के उपलक्ष में रविवार सुबह ध्वज पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके उपरांत सामूहिक जनदेव संस्कार का कार्यक्रम किया गया। भगवान आदित्य हृदय स्तोत्र के सामूहिक पाठ का कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन के बारे में श्रीमद् जगतगुरु लोहार्गल सूर्य मटके पीठाधीश्वर महंत अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि गांव के बटुको के साथ लोहार्गल सूर्यमठ के युवराज स्वामी देव प्रपंचाचार्य, रवि शर्मा रजत शर्मा मनीष शर्मा, ऋतिक शर्मा, दुर्गेश स्वामी, देवांशु स्वामी, लक्की स्वामी, विशाल शर्मा इस यज्ञोपवित संस्कार में पं. चेतन शास्त्री की टीम के द्वारा यज्ञ उपयुक्त संस्कार करवाया गया। जिसमें लोहार्गल पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने सभी बटुकों को शंख चक्र दीक्षा देकर कार्यक्रम में गुरु दीक्षा का भी कार्यक्रम संपन्न किया। इस कार्यक्रम में वेंकटेश मंदिर के महंत अश्विनीदास महाराज का जयकांत निरंजन शर्मा, मनोज रिया, पवन स्वामी, प्रमोद स्वामी आदि मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी पर्व पर सरस्वती पूजन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** भारतीय संगीत सदन में रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन और बसंतोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रार्थना से हुई, जिसे संगीत सदन के विद्यार्थियों गरिमा, रेखा, कविता, पूजा, कमल, अशोक, मनीष राजपुरोहित और असलम ने प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने ऋतुओं के राजा बसंत पर सुंदर गीत प्रस्तुत किए, जो सबको मंत्रमुग्ध कर गए। कार्यक्रम में संगीत सदन के सचिव शिवकुमार अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा, बसंत पंचमी का त्योहार नए वर्ष में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। इसे उत्साह और उमंग के साथ हमें अपनी संगीत की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे इस पावन अवसर का लाभ उठाते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ें। मां सरस्वती के प्रति आस्था का प्रतीक यह पर्व शिक्षा, कला और ज्ञान की देवी को सम्मानित करने का अवसर है। इस दिन विशेष रूप से बच्चों में उत्साह और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम गौड़ किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को मां सरस्वती की उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विनोद कुमार आचार्य, प्रदीप आचार्य, प्रभु प्रधान, विमल पारीक, मनोज भारद्वाज,पूर्व शिक्षा अधिकारी बाबूलाल जांगिड़, लुकूट बल्लभ गौड़, सुनील माथुर और रामचंद्र सोनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# चिकित्सक से अभद्रता, विरोध में अस्पताल में सेवारत चिकित्सकों का प्रदर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में राजकीय सामान्य चिकित्सालय में रविवार को सेवारत चिकित्सक संघ के आव्हान पर चिकित्सकों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेज आरोपित एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विवेक अग्रवाल ने बताया कि बाड़मेर के मेड़वा में सीएचसी पर तैनात चिकित्सक के साथ वहां के एसडीएम द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। साथ में चिकित्सक को वेबजह परेशान भी किया गया। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। इसी के विरोध में सेवारत चिकित्सक संघ के प्रदेश संगठन के आव्हान पर यह विरोध प्रदर्शन किया है। जिसमें मुख्यमंत्री से आरोपित एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ पवन गोस्वामी, डॉ महेश गुप्ता,डॉ आनंद वर्मा के साथ अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# छठवीं बार सामूहिक अग्रवाल विवाह समारोह में दूल्हों की निकली सामूहिक बारात



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में रविवार को अग्रवाल समाज की परमार्थ सेवा समिति द्वारा छठवीं बार सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 6 जोड़ी दूल्हा-दुल्हन एक दूसरे के हमसफर बने। इससे पूर्व दूल्हों की शहर के किला गेट दाऊजी मंदिर से सामूहिक बारात निकाली गई। जिसमें अग्रवाल समाज के युवा गणमान्य नागरिक और महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान घुड़चड़ी में युवाओं ने जमकर डांस किया और जैसे ही बारात विवाह स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। सभी दूल्हों की अगुवानी की गई। इस दौरान कार्यक्रम में पधारे जनप्रतिनिधियों ने सबसे पहले महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की। इसके बाद सभी दूल्हा दुल्हनों ने एक दूसरे को मंच पर वरमाला पहनाई। सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक सुभाष गर्ग ने समाज के परमार्थ समिति के इस आयोजन को अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से सामूहिक विवाह आज समय की जरूरत है। इस विवाह समारोह में जो आयोजन का तरीका रखा है वह बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आगामी 2026 में परिसीमन होगा उस वक्त कुछ सीटे बढ़ेगी। उनकी इच्छा है,कि बाड़ी से अग्रवाल समाज का कोई व्यक्ति प्रतिनिधित्व करें। इस दौरान बाड़ी विधायक जसवंत गुर्जर ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज हर कार्य में अग्रणी रहता है,जो समिति का यह पूरा आयोजन है। वह वास्तव में परहित में है। बाड़ी के हर जनमानस में परमार्थ दिखाई देता है।

**नवदंपति से अनूठे लिए सात वचन :** विवाह समारोह के दौरान सात वचन में बाल विवाह नहीं करने,भ्रूण हत्या नहीं करने,अपने बच्चों को पढ़ाने,शराब, धूम्रपान का उपयोग नहीं करने,माता-पिता की सेवा करने, तुलसी का पौधा घर में लगाने और खुले में शौच नहीं जाने का संकल्प दिलाया गया।

# आरएएस 2024 प्री एग्जाम; आधे ही परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी

### 28583 में से 15561 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, परीक्षा के बाद बोले परीक्षार्थी-सामान्य था पेपर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के 89 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आरएएस 2024 प्री का एग्जाम हुआ। परीक्षा देने के लिए करीब करीब आधे परीक्षार्थी पहुंचे। दरअसल झुंझुनूं जिले के झुंझुनूं शहर, बगड़, चिड़ावा और नवलगढ़ में 89 परीक्षा केंद्रों पर 28 हजार 583 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पंजीकृत किए गए थे। लेकिन इनमें से सिर्फ 15 हजार 561 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने के लिए पहुंचे। जबकि 13 हजार 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 54.44 प्रतिशत रहा। जो आधे से थोड़ा सा ज्यादा था। इधर, परीक्षा देने के बाद केंद्रों से बाहर निकले परीक्षार्थी तनाव मुक्त दिखाई दिए। परीक्षार्थियों ने बताया कि आरपीएससी ने जो सलेबस में दिया था। उसी के अंदर सारे प्रश्न आए थे। करंट अफेयर्स को लेकर परीक्षार्थी ने बताया कि कुछ घटनाओं की दिनांक पूछी गई। जहां वे कंफ्यूज दिखे। वहीं पेपर में दिसंबर 2024 तक की घटनाओं से जुड़े प्रश्न भी आए थे। जिन्हें करने में काफी आसानी रही। वहीं जिला मुख्यालय के करीब एक दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्रों का जिला कलेक्टर रामावतार मीणा तथा डीआईजी शरद चौधरी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों ही अधिकारियों को ना केवल परीक्षा केंद्रों के अंदर, बल्कि परीक्षा केंद्रों के बाहर भी चाक चौबंद और माकूल व्यवस्था मिली। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार झुंझुनूं जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्षता और बिना किसी लापरवाही के परीक्षा हुई। इधर, डीआईजी शरद चौधरी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात था। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय पूरी सतर्कता के साथ तलाशी लेकर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रवेश के समय सभी परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी करवाई गई। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के कक्षों में सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी के जरिए नजर रखी गई। जिले के अन्य जगहों पर भी परीक्षा शांति से हुई।

**तैयारी पर टाइम पड़ा भारी, गेट हुए बंद, लौटे निराश :** परीक्षा शुरू होने से पहले ही कुछ परीक्षार्थियों की तैयारी पर टाइम भारी पड़ गया। दरअसल परीक्षा दोपहर 12 बजे से शुरू हुई। लेकिन परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश का आखिरी समय सुबह 11 बजे था। लेकिन आरपीएससी द्वारा बार—बार समय की जानकारी देने के बावजूद भी कई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी 11 बजने के बाद पहुंचे। लेकिन ठीक 11 बजे सभी परीक्षा केंद्रों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे। जिसके चलते दर्जनों ही परीक्षार्थियों को बिना परीक्षा दिए ही लौटना पड़ा और उनकी सारी तैयारी धरी की धरी रह गई। मोरारका कॉलेज समेत कई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी पुलिस टीमों और परीक्षा की अन्य टीमों से गुहार लगाते भी दिखाई दिए। लेकिन नियमों में बंधे पुलिस और प्रशासन के प्रतिनिधियों ने किसी को भी प्रवेश नहीं दिया। इससे पहले जब 11 बजने में सिर्फ चार—पांच मिनट शेष थे। तब भी कई परीक्षार्थियों ने दौड़ते दौड़ते परीक्षा केंद्रों में प्रवेश किया। वहीं पुलिस टीमों के जवानों ने भी परीक्षा केंद्र के बाहर अपने दस्तावेज संभालने वाले परीक्षार्थियों को पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने और फिर दस्तावेज संभालने की हिदायत दी।

**एक कक्ष में 10 परीक्षार्थी, नौ ने किया पेपर का बहिष्कार :** इधर, नवलगढ़ में एक परीक्षा केंद्र में आरएएस 2024 प्री के पेपर का लिफाफा खुला हुआ होने के कारण हंगामा हो गया। इस कारण से एक कक्ष में परीक्षा देने बैठे 10 में से नौ परीक्षार्थियों ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक नवलगढ़ के बलवंतपुरा गांव में स्थित सरस्वती स्कूल में आरएएस 2024 प्री का परीक्षा केंद्र था। सुबह जब परीक्षा देने के लिए रूम नंबर 57 में परीक्षार्थी पहुंचे। तब तक सब ठीक था। इस रूम में 24 परीक्षार्थियों की सिटिंग थी। लेकिन 10 ही परीक्षा देने पहुंचे। लेकिन जब पेपर का लिफाफा आया तो वो खुला हुआ था। जिस पर नौ परीक्षार्थियों ने इसका विरोध किया। विरोध के चलते केंद्र के समन्वयक के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। परीक्षार्थियों ने कहा कि यह लिफाफा खुला हुआ है। इसके लिए उन्हें लिखित में दिया जाए। उसके बाद ही परीक्षा देंगे। लेकिन परीक्षार्थियों को ऐसा कुछ लिखित में नहीं दिया गया। जिसके चलते नौ परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी।

## सुविचार

महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## मध्यम वर्ग मालामाल

इस बार का आम बजट मध्य आय वाले करदाताओं के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। बजट में आयकर छूट की सीमा बढ़ाए जाने के बाद मध्य वर्ग में खुशी की लहर है। इसका सीधा असर यह होगा कि मध्य वर्ग के वेतनभोगियों को पहले के मुकाबले कम टैक्स देना होगा और उनकी जेब में ज्यादा पैसे बचेंगे। बजट में नए आयकर बिल की घोषणा की गई है, जो एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार इस बिल को अगले सप्ताह लाएगी, जो वर्तमान में आय पर टैक्स लगाने के तरीके को बदल सकता है। 12 लाख तक की आय वाले वेतनभोगी करदाताओं को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा, जो 75000 रुपए की मानक कटौती के कारण 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। आयकर स्लैब की दरों में भी इसी के अनुसार बदलाव किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को भी राहत दी गई है, खास तौर पर ब्याज से होने वाली आय पर टीडीएस सीमा को मौजूदा 50 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया गया है। इस बार बजट में मकान मालिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। खुद के इस्तेमाल वाले घरों पर टैक्स छूट के नियमों में बदलाव किया गया है। खासतौर से जिनके पास दो मकान हैं। अब करदाता दो घरों को सेल्फ-ऑक्यूपाइड दिखाकर टैक्स छूट का लाभ ले सकेंगे, जबकि पहले यह सुविधा सिर्फ एक घर के लिए थी। अब ऐसे मकान मालिक संपत्तियों के वार्षिक मूल्य को शून्य के रूप में दावा कर सकते हैं। सरकार के इस कदम से होम ओनरशिप को बढ़ावा मिलेगा और रियल एस्टेट निवेश को भी मजबूती मिलेगी। किराये की आय पर भी टीडीएस दरों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव मौजूदा 2.4 लाख रुपए से बढ़ाकर 6 लाख रुपए कर दिया गया है, जिससे मकान मालिक और किरायेदारों दोनों को लाभ होगा। बजट में टीसीएस की सीमा बढ़ाए जाने का लाभ उन परिवारों को मिलेगा, जिनके बच्चे विदेश में पढ़ाई कर रहे हैं। अपने बच्चों की शिक्षा के लिए विदेश पैसा भेजने वाले लोगों को टीसीएस सीमा का लाभ तभी मिलेगा, जब यह धन किसी वित्तीय संस्थान के माध्यम से भेजा जाए। विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए टीसीएस की सीमा बढ़ाई गई है। पहले यह 7 लाख रुपए थी, जो अब 10 लाख रुपए कर दी गई है। कुल मिलाकर यह बजट आम लोगों के लिए राहत देने वाला है। यह बजट जटिल व्यक्तिगत टैक्सेशन में सुधार करने का एक प्रयास है, जिससे छोटे करदाताओं और कर्मचारियों को लाभ होगा। करदाताओं के हाथों में अधिक पैसा आने से उनके लिए खर्च करना और बचत करना संभव होगा, जिससे जीएसटी के तहत अधिक खर्च और कर संग्रह को बढ़ावा मिलेगा।

### आम बजट 2025-26

# अब केवल 'ज्ञान' नहीं मध्य वर्ग भी..!!



मनोहर मनोज

वर्ष 2025-26 के लिए पेश बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के मध्य वर्ग की महत्ता को आखिरकार स्वीकार कर लिया है। अब तक आम बजट में 'ज्ञान' यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला की ही बारंबार राजनीतिक रट लगा करती थी, लेकिन इस बार इसमें मध्यवर्ग को भी जोड़ा गया है। सो इस बजट में मध्य वर्ग की बार-बार दुहाई देते हुए उसके आयकर की मौजूदा सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख करने की एक बड़ी घोषणा की गई है। इसके साथ ही आयकर में व्यापक सुधार लाने वाला एक नया कानून भी सरकार अगले हफ्ते लाने जा रही है। यह कानून 1961 के आयकर कानून का स्थान लेगा। बजट की हेडलाइन में इस बार कृषि, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, शहरी विकास, कौशल विकास, स्टार्टअप, एमएसएमई और निर्यात सेक्टर की कुछ नयी स्कीमें, बढे आवंटन, पुनरगठित मिशन के साथ-साथ चुनावी साल में प्रवेश कर चुके बिहार के लिए भी कई सौगातें शामिल की गईं हैं।

इमेज

बजट की घोषणा के मुताबिक तकनीकी तौरपर चार लाख तक की सालाना आमदनी के लिए शून्य कर, 4 से 8 लाख तक 5 फीसदी, 8 से 12 लाख तक 10 फीसदी, 12 से 16 लाख आय पर 15 फीसदी, 16 से 20 लाख आमदनी पर 20 फीसदी, 20 से 24 लाख आमदनी पर 25 फीसदी और उससे ऊपर 30 फीसदी आयकर का स्लैब निर्धारित किया गया है। विभिन्न निवेश और उपभोग की स्कीमों का फायदा उठाकर सरकार ने अनुमान लगाया है कि कुल 12 लाख रुपए सालाना तक आमदनी वाला व्यक्ति अब आयकर मुक्त रह सकेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में एक दिन पूर्व पेश आर्थिक सर्वेक्षण के इस निष्कर्ष कि भारतीय अर्थव्यवस्था में अब उपभोग की मात्रा को बढाने का समय आ गया है, उसे ध्यान में रखकर टीडीएस, टीसीएस की सीमा बढाने के साथ रिटर्न फाइल की समय सीमा भी दो साल से चार साल तक बढाए जाने की घोषणा की है। बजट में वित्त मंत्री ने अर्थव्यवस्था के वित्तीय स्वास्थ्य को लेकर तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनमें से एक यह है कि देश का वित्तीय घाटा चालू साल यानी 31 मार्च 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.8 फीसदी रहेगा, जो आगामी वित्त वर्ष 2025-26 में घटाकर 4.4 फीसदी किये जाने का प्रस्ताव है। वित्तमंत्री के मुताबिक कोविड उपरांत बढते वित्तीय घाटे से सरकार का सार्वजनिक ऋण का आकार काफी बढ़ चला था, लेकिन अब वह घटना शुरू हो जाएगा। वित्तमंत्री ने कहा कि अब देश में पूंजीगत व्यय का आकार तेजी से बढ़ना शुरू हो गया है, जो मौजूदा वित्त वर्ष में भी दस लाख करोड़ के आकार को पार कर चुका है। बजट में दलहन-तिलहन के उत्पादन को और प्रोत्साहन देने हेतु राष्ट्रीय सहकारी विपणन परिषद द्वारा इनके उत्पादकों से सीधे क्रय किए जाने की नई स्कीम की घोषणा के साथ कपास, मखाना के लिए नए मिशन की स्थापना, देश के 100 जिलों में किसानों के लिए विशेष धन-धान्य प्रोत्साहन योजना तथा असम में यूरिया के दो नए प्लांट स्थापित कर यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्रमुख है। इसी क्रम में क्रेडिट कार्ड धारक किसानों को रूपांतरित इंटेरेस्ट सबवेन्शन स्कीम के तहत लोन सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर दिया गया है। बजट में एमएसएमई सेक्टर की महिमा फिर से दोहराते हुए एक नया राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन स्थापित करने की बात की गई है। जिसमे विगत के 'मेक इन इंडिया' अभियान को एक नयी गति देने की बात कही गई है। इसके अतिरिक्त एमएसएमई को मिलने वाले बैंक लोन की की बढ़ी सकल मात्रा को और गति प्रदान करने की बात कही गई है। आंगनबाड़ी व बाल पोषाहार कार्यक्रम में करीब 8 करोड बच्चों को शामिल करने, देश के 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल जल मुहैय्या कराने, एक करोड़ गिग वर्करों को सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क से जोडने तथा देश के करोड़ों स्ट्रीट वेंडरों व हाकरों को यूपीए लिंक्ड क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जाने की कई कल्याणमूलक घोषणाएं शामिल हैं। भारत की इंटरनेशनल बेंचमार्क मानी जाने वाली संस्था कुल 23 आईआईटी में सीटों को बढ़ाकर करीब 1 लाख 35 हजार करने व 5 आईआईटी की बुनियादी संरचना को सुदृढ़ करने हेतु बजट में घोषणा की गई है। इसी तरह देश में मेडिकल शिक्षा में मौजूदा 1 लाख 10 हजार सीटों को बढाकर अगले पांच सालों में 1 लाख 85 हजार करने यानी 75 हजार नई सीटें बढ़ाने तथा वहां करीब दस हजार नए तकनीकी फैलोशिप शुरू करने का संकल्प प्रदर्शित किया गया है। जबकि इसी क्रम में स्टार्टअप व्यवसाय पर और जोर देते हुए दस हजार करोड़ रुपए का प्रोत्साहन व्यय घोषित किया गया है। बजट में इस बार भी नए-नए क्षेत्रों की तलाश कर उनमे निवेश आवंटन बढ़ाकर उन्हें भविष्य की अर्थव्यवस्था की इबारत बनाने का इरादा प्रदर्शित हुआ है। मिसाल के तौर पर कृषि,स्वास्थ्य और शिक्षा में आर्टिफिसिएल इंटेलिजेन्स के नए सेन्टर फार एक्सीलेंस सेन्टर स्थापित करने की बात कही गई है। देश में स्कूल स्तर पर शोध व प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए पचास हजार स्कूलों में अटल लैब बनाने की घोषणा भी शामिल है। बजट भाषण में एक राज्य जिसका बारंबार जिक्र हुआ, वह बिहार था। जाहिर है एनडीए शासित इस राज्य में इस साल नवंबर में चुनाव हैं और इस सरकार की साझेदार दल केन्द्र की सरकार में भी साझेदार है। अविकसित माने जाने वाले राज्य बिहार में खाद्य प्रसंस्करण को बढावा देने हेतु यहां राष्ट्रीय फूड टेक्नोलाजी संस्थान स्थापित करने, बिहटा सहित कई जगह ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट परियोजना शुरू करने, कोशी में सिंचाई परियोजना हेतु विशेष वित्तीय आवंटन इस बार के केन्द्रीय बजट की विशेषता रही। देश में पर्यटन को नए सिरे से प्रोत्साहित करने के लिए 50 नए पर्यटक केन्द्रों को विकसित करने के साथ साथ निजी क्षेत्र के साथ मेडिकल टूरिज्म को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार का करीब बीस हजार करोड़ का व्यय करने का इरादा प्रदर्शित किया गया है। साल 2025-26 के आम बजट में देश की उर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परमाणु उर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों व मोबाइल की बैटरी में प्रयुक्त कुल 12 क्रिटिकल धातुओं के घरेलू उत्पादन व इनके आयात को शुल्क मुक्त करने की एक महत्वपूर्ण पहल दर्शायी गई है। इसके तहत एक लाख मेगावाट बिजली केवल परमाणु उर्जा से उत्पादित करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमे करीब बीस हजार करोड़ रुपए का आवंटन किये जाने की घोषणा की गई है। बुनियादी क्षेत्र की बात करें तो इस बार के बजट में वित्तमंत्री ने हवाई परिवहन व समुद्री परिवहन पर ज्यादा जोर देते हुए देश में हवाई यात्रियों की संख्या में चार करोड़ का इजाफा करने तथा देश के 120 नए शहरों को हवाई परिवहन से जोडने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बजट में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम जो आभाषित हुआ है, वह है निर्यात प्रोत्साहन जनित कई घोषणाएं। एक तरफ करीब 36 जीवन रक्षक दवाओं को पूर्ण आयात कर मुक्त कर दिया गया है, वहीं निर्यात मार्ग के आगे करीब 7 टैरिफ दरों को हटाकर अब केवल 8 टैरिफ संरचना को चालू रखा गया है।

## पंचांग

3 फरवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | शुक्ल |
| • तिथि | - | षष्ठी 28.38 तक |
| • वार | - | सोमवार |
| • नक्षत्र | - | रेवती 23.18 तक |
| • योग | - | साध्य 27.03 तक |
| • करण | - | कौलव 17.45 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.13 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.31 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.23 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.26 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | मीन 23.18 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.29 से 13.15 |
| • राहु काल | - | 08.37 से 10.02 |
| • व्रत, त्यौहार | - | शीतला सप्तमी (बंगाल), पंचक 23.18 तक, कुमारयोग 23.18 से 28.38 तक, रवियोग 23.18 तक, कुंभ शाही स्नान |
| • दिशा शूल | - | पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### अपने ही पुत्र बभ्रुवाहन के हाथों मारे गए थे अर्जुन, दोनों में छिड़ा था युद्ध

महाभारत की कथा में अर्जुन और उनके पुत्र बभ्रुवाहन के युद्ध का एक विचित्र और दुखद प्रसंग है। अश्वमेध यज्ञ के दौरान बभ्रुवाहन को अपने पिता से लड़ना पड़ा, जिसमें अर्जुन मारे गए। बाद में श्रीकृष्ण की मदद से बभ्रुवाहन ने अर्जुन को फिर से जीवित किया था। यह प्रसंग अर्जुन के जीवन के एक ऐसे पहलू को उजागर करता है, जिसके बारे में कम ही लोग जानते हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से

**महाभारत का युद्ध और अश्वमेध यज्ञ**

महाभारत के युद्ध के बाद पांडवों ने अश्वमेध यज्ञ किया। इस यज्ञ में घोड़े को स्वतंत्र रूप से घूमने के लिए छोड़ दिया जाता था और जो भी राजा उस घोड़े को पकड़ता था, उसे पांडवों की अधीनता स्वीकार करनी होती थी या युद्ध करना होता था।

**मणिपुर में अर्जुन-बभ्रुवाहन का मिलन**

जब घोड़ा मणिपुर पहुंचा तो वहां का राजा था बभ्रुवाहन, जो अर्जुन और उनकी पत्नी चित्रांगदा का पुत्र था। बभ्रुवाहन ने अपने पिता का स्वागत किया लेकिन जब अर्जुन ने अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को छोड़ने की बात कही तो बभ्रुवाहन को युद्ध के लिए विवश होना पड़ा।

**पिता-पुत्र का युद्ध, अर्जुन की मृत्यु**

अर्जुन और बभ्रुवाहन के बीच भीषण युद्ध हुआ। बभ्रुवाहन ने अपने पिता को पराजित कर दिया और उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से बभ्रुवाहन और चित्रांगदा को गहरा शोक हुआ।

**अर्जुन का पुनर्जीवन**

जब श्रीकृष्ण को इस घटना का पता चला तो उन्होंने बभ्रुवाहन को अर्जुन को जीवित करने का उपाय बताया। बभ्रुवाहन ने श्रीकृष्ण के कहे अनुसार किया और अर्जुन फिर से जीवित हो गए। यह कथा हमें यह शिक्षा देती है कि हमें अपने सिद्धांतों और परंपराओं का पालन करना चाहिए लेकिन साथ ही हमें अपने विवेक और भावनाओं का भी ध्यान रखना चाहिए। अर्जुन ने अश्वमेध यज्ञ के नियमों का पालन करते हुए अपने पुत्र के साथ युद्ध किया लेकिन उन्हें इस बात का अनुमान नहीं था कि इसका परिणाम इतना दुखद होगा।

## तारीख विशेष

### राष्ट्रीय गुमशुदा व्यक्ति दिवस

3 फरवरी को राष्ट्रीय गुमशुदा व्यक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो देश का ध्यान गुमशुदा व्यक्ति की पहचान पर केन्द्रित करता है। यह जानकर आपको आश्चर्य हो सकता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में हर दिन लगभग 2300 लोगों के लापता होने की सूचना मिलती है। हालांकि, अब ये संख्याएं रिपोर्ट करने वाले, घर पर अपने प्रियजन का इंतजार करने वाले या सक्रिय रूप से उनकी तलाश करने वाले लोगों को आश्चर्यचकित नहीं करती हैं। जब हमारे जीवन का इतना बड़ा हिस्सा खो जाता है, तो यह एक गहरा खालीपन छोड़ जाता है। यह खालीपन भरने लायक नहीं होता। जिन लोगों ने इसे अनुभव किया है, जो प्रतिदिन 2300 लापता लोगों की रिपोर्ट करते हैं, वे जानते हैं। हर किसी का कोई दोस्त, मां, भाई-बहन, बच्चा, पड़ोसी या सहकर्मी होता है, जिसे वे हर दिन देखते हैं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि वे रहस्यमय तरीके से गायब हो जाएंगे और बिना किसी स्पष्टीकरण के उनके जीवन से गायब हो जाएंगे। यह एक चुनौतीपूर्ण विचार है। इस पर विचार करना इतना कठिन है कि इससे उन लोगों का ध्यान आकर्षित करना मुश्किल हो जाता है, जो लापता व्यक्ति से परिचित नहीं हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि हमारे साथ ऐसा नहीं होगा। हालांकि, जब कोई व्यक्ति लापता होता है तो वह अक्सर एक वयस्क या एक बच्चा भी हो सकता है। महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक गायब होती हैं और बुजुर्ग भी जोखिम में होते हैं। स्वास्थ्य जोखिम, प्राकृतिक आपदाएं, अनियोजित परिस्थितियां और निश्चित रूप से, जो लोग अपनी इच्छा के विरुद्ध ले जाए जाते हैं, वे आंकड़ों की सूची में आते हैं। ये सभी हम पर लागू हो सकते हैं। लापता लोगों के परिवारों को पड़ोसियों और दोस्तों के समर्थन की जरूरत होती है। उन्हें खोज जारी रखने, लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए हमारी मदद की जरूरत होती है। सौभाग्य से आज की डिजिटल दुनिया में यह पहले से कहीं ज्यादा आसान है। राष्ट्रीय गुमशुदा व्यक्ति दिवस आपको सतर्क रहने, उनके नाम, उनकी तस्वीरें साझा करने और उन्हें उनके परिवारों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### शोभा खोटे के जीवन का लक्ष्य

# हंसना और हंसाना है

कैलाश सिंह

**जीवन में चीज़ें जैसी आती हैं, उन्हें मैं वैसे ही स्वीकार कर लेती हूं। मैं चिंता नहीं करती हूं। देखा जाएगा। और मैं खूब हंसती हूं। मैं खिड़की के बाहर देखती हूं, पक्षियों को कुछ मज़ेदार करते देखती हूं और फिर खूब हंसती हूं। मैं 88 बरस की हो गई हूं और हमेशा की तरह खूब मज़े में हूं।" गौरतलब है कि हाल ही में शोभा खोटे ने फिल्में (डबल एक्सएल, टॉयलेट, ए लव स्टोरी), टेलेविज़न (स्पाई बहू) और अनेक विज्ञापन (अमूल छाछ, विक्रम टी) किए हैं।**

- इमेज

इस घिसे पिटे विरोधाभास को भूल जाइए कि अपनी मुस्कान के पीछे जोकर अपने आंसुओं को छुपाए रहता है। शोभा खोटे एक ऐसी हास्य कलाकार हैं, जो निरंतर हंसती व हंसाती रहती हैं और यह संदेश देती हैं कि 'चिंता मत करो, खुश रहो'। अब वह अपने जीवन के 88 बसंत पार कर चुकी हैं, अब भी एक्टिंग कर रही हैं, जिससे वह सबसे पुरानी सक्रिय अभिनेत्री हो जाती हैं। उन्होंने अपने जीवन में सीमा, पेइंग गेस्ट, छोटी बहन, अनाड़ी, गोलमाल, एक दूजे के लिए आदि यादगार फ़िल्में दी हैं और वह अब भी भरपूर हंसती व हंसाती हैं। वह कहती हैं, "जीवन में चीज़ें जैसी आती हैं, उन्हें मैं वैसे ही स्वीकार कर लेती हूं। मैं चिंता नहीं करती हूं। देखा जाएगा। और मैं खूब हंसती हूं। मैं खिड़की के बाहर देखती हूं, पक्षियों को कुछ मज़ेदार करते देखती हूं और फिर खूब हंसती हूं। मैं 88 बरस की हो गई हूं और हमेशा की तरह खूब मज़े में हूं।" गौरतलब है कि हाल ही में शोभा खोटे ने फिल्में (डबल एक्सएल, टॉयलेट, ए लव स्टोरी), टेलेविज़न (स्पाई बहू) और अनेक विज्ञापन (अमूल छाछ, विक्रम टी) किए हैं। उनकी इस दीर्घकालीन सक्रियता का राज़ क्या है? वह बताती हैं, "अगर मुझे अधिक काम मिलेगा तो मैं इससे भी ज़्यादा काम करूंगी। हाल ही में मैंने तनिष्क का विज्ञापन किया था। दुर्भाग्य से इस उम्र में मेरे लिए रोल्स मिलना कठिन है। मैं काम करती रहती हूं क्योंकि मैं फिट हूं। मुझे एक्टिंग करना पसंद है। मैं एक्टिंग करने से ही रिलैक्स होती हूं।" सेट पर हर कोई शोभा खोटे से उम्र में छोटा होता है। जब वे लोग उनसे आशीर्वाद लेते हैं तो वह खुद को वृद्ध महसूस करती हैं, वर्ना वह खुद को बुढ़िया नहीं समझती हैं। बहरहाल, वह एक ऐसा पुल हैं जो हिंदी सिनेमा के सुनहरे युग (1950 व 1960 के दशक) को आज के आधुनिक इंटरनेट युग से जोड़ती हैं। उस पुराने दौर को याद करते हुए वह बताती हैं, "तब फ़िल्मी दुनिया बहुत छोटी थी, ज़्यादा कलाकार नहीं थे। हम एक परिवार की तरह थे। हर सिल्वर जुबली के बाद पार्टी होती थी और सब



एक दूसरे से मिलते थे। अब पीछे मुड़कर देखती हूं तो बहुत अच्छी यादें हैं। मैं शांति के साथ 9 से 6 काम किया करती थी। अच्छे निर्देशकों के साथ अच्छी भूमिकाएं मिलती थीं। अपने पिता की कृपा से मेरी स्टेज की पृष्ठभूमि थी। मेरे सामने कोई भी कलाकार हो, मुझे एक्टिंग करते हुए डर नहीं लगता था। मैं दिलीप कुमार की पूजा करती थी, लेकिन दुर्भाग्य से मुझे उनके साथ काम करने का कभी अवसर नहीं मिला। राज कपूर से अच्छी दोस्ती थी, उनके साथ आरके स्टूडियो में अनाड़ी के लिए काम करते हुए ऐसा लगा जैसे उनके घर में काम कर रही हूं। देवानंद बहुत सभ्य थे, लेकिन पेइंग गेस्ट में उनके साथ काम करते हुए मुझे अच्छा नहीं लगा क्योंकि मैं नेगेटिव भूमिकाएं अदा करने से नफ़रत करती थी।" लेकिन 'एक दूजे के लिए' में भी तो वह नेगेटिव रोल में थीं, हां उसमें हास्य का पुट भी था। हालांकि उस फिल्म को देखते हुए दर्शकों को लगा कि दुर्गा खोटे सीढियां नहीं चढ़ सकती थीं, लेकिन उस समय वह पूर्णतः फिट थीं। यही तो एक्टिंग है। गौरतलब है कि शोभा खोटे ने अपनी पहली फिल्म सीमा (1955) से ही दर्शकों को हंसाना शुरू कर दिया था। इस फिल्म में उन पर यह गाना फिल्माया गया था 'बात बात में रूठो न, अपने आप को कोसो न'। वह अपने जीवन में इसी दर्शन का पालन करती हैं। इस गाने की उनकी पसंदीदा पंक्ति है-'तुम जो हंसे तो हंस देगी दुनिया, रोना पड़ेगा अकेले'। हंसना उम्र बढ़ा देता है, शोभा खोटे इस बात का सबूत हैं। हिंदी सिनेमा में महिला हास्य कलाकार दुर्लभ हैं। शोभा खोटे इससे भी दुर्लभ हैं; क्योंकि हास्य उत्पन्न करने के लिए वह टुनटुन या मनोरमा की तरह शरीर की बनावट पर निर्भर नहीं थीं। दिलचस्प यह है कि शोभा खोटे फिल्मों में हीरोइन नहीं बल्कि हास्य कलाकार बनने के लिए आयी थीं। उनके ज़माने में कोई अन्य महिला हास्य कलाकार नहीं थी, इसलिए कोई कम्पटीशन ही नहीं था। पचास के दशक के लिए यह भी दुर्लभ था कि शोभा खोटे एथलीट (स्विमिंग व साइकिलिंग में राष्ट्रीय चैंपियन) थीं और विल्सन कॉलेज से ग्रेजुएट भी थीं। उन्होंने अंग्रेज़ी साहित्य व फ्रेंच में जब अपनी शिक्षा पूर्ण की तो अमिय चक्रवर्ती ने उनकी तस्वीरें देखीं और सीमा में कास्ट किया। इस तथ्य से भी मदद मिली कि वह राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिस्ट थीं और फिल्म की कहानी में उनके किरदार को साइकिल पर एक चोर का पीछा करना था। इस सीन को शूट करते हुए वह चोटिल हो गईं थीं।



## गीता सार

**वीतरागभयक्रोधा मन्मया मामुपाश्रिताः।**
**बहवो ज्ञानतपसा पूता मद्भावमागताः ॥४-१०॥**

-: हिंदी भावार्थ :-

नष्ट आसक्ति, भय और क्रोध वाले, मुझसे अनन्य प्रेम करने वाले और मेरे आश्रित रहने वाले बहुत से भक्त ज्ञान रूपी तप से पवित्र होकर (पहले भी) मेरे स्वरूप को प्राप्त हो चुके हैं ॥10॥

## बोले तो...



आजकल हम देख रहे हैं कि कैसे दिल्ली में वोटिंग से पहले झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं, आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। दिल्ली के लोगों के गुस्से से आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है। दिल्ली की जनता के सामने आपदा वालों का नकाब उतर चुका है।

- नरेन्द्र मोदी

संतों के धैर्य के आगे सनातन विरोधी साजिश में विफल हो गए हैं। उन संतों का अभिनंदन करूंगा, जिन्होंने मौनी अमावस्या पर पूरा धैर्य दिखाया। कुछ पुण्यात्मा हादसे का शिकार हुईं, लेकिन उन परिस्थितियों में हमारे संत एक अभिभावक के रूप में नजर आए।



- योगी आदित्यनाथ



हम भी अमेरिका को जवाब देंगे। हम 155 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। मंगलवार से 30 बिलियन डॉलर मूल्य के सामान पर यह टैरिफ लागू किया जाएगा। आने वाले 21 दिन में 125 बिलियन डॉलर मूल्य के सामानों पर और टैरिफ लगाए जाएंगे।

- जस्टिन ट्रूडो

## कुछ अलग | अजब गजब

# पब्लिक टॉयलेट करना था इस्तेमाल, मांगा चार्ज, शख्स ने हाथ पर रखा चेक, कर्मचारी कोमा में!

सोशल मीडिया पर हमें यूं तो बहुत कुछ देखने और सुनने को मिल जाता है लेकिन कुछ चीज़ें ऐसी होती हैं, जो बिल्कुल अनोखी होती हैं। लोगों की क्रिएटिविटी ऐसी चरम पर पहुंच जाती है कि हम सोच भी नहीं सकते। एक ऐसा ही वाक्या हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों को हंसने का भरपूर मौका दिया। मामला ज़रा पुराना है लेकिन मज़ेदार इतना है कि आप खुद को शेयर करने से रोक नहीं पाएंगे। पिछले कुछ सालों में देश में बहुत सारे सार्वजनिक शौचालय बन गए हैं। कुछ जगहों पर तो ये मुफ्त में इस्तेमाल किया जा सकता है तो कुछ जगहों पर इसके लिए फीस ली जाती है। ऐसे ही एक शख्स को पब्लिक टॉयलेट इस्तेमाल करने के लिए जाना था, जिसके लिए 5 रुपए का चार्ज देना होता है। जब कर्मचारी ने ये चार्ज मांगा, तो शख्स ने उसके हाथ पर कुछ ऐसा रख दिया कि उससे ये बर्दाश्त ही नहीं हुआ।

**पांच रुपए मांगे तो मिला ये!**

हम सभी जानते हैं कि वो ज़माना जा चुका है, जब सभी जेब में छुट्टे पैसे से लेकर नोट तक लिए घूमते थे। अब मामला कैशलेस ट्रांजेक्शन का है और लोग कम से कम पेमेंट करनी हो, तो फटाफट यूपीआई कर देते हैं। हालांकि अब भी बहुत से लोग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन




से बचते हैं फिर वो क्या करें? सोशल मीडिया पर ऐसे ही मदुरई के शख्स का एक चेक वायरल हो रहा है, जिसने पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल करने के लिए 5 रुपये खुले न होने की स्थिति में कर्मचारी के हाथ में 5 रुपये का चेक थमा दिया, जो मदुरई पब्लिक टॉयलेट के फेवर में लिखा गया था।

**कैशलेस होने की भी हद होती है!**

ये मामला साल 2016 का है, जब भारत में कैशलेस ट्रांजेक्शन की शुरुआत ही हो रही थी। प्रधानमंत्री की अपील पर लोग हार्ड मनी की जगह ऑनलाइन पेमेंट करने लगे थे। उसी वक्त ये चेक सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हुआ। लोगों ने इस पर कमेंट करते हुए लिखा कि कैशलेस होने की भी हद होती है। वहीं कुछ यूज़र्स ने इसे बेहतरीन तरीका बताया।

## पाठक पाती

### नक्सल विरोधी अभियान सराहनीय

छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चलाया जा रहा नक्सलवाद विरोधी अभियान सराहनीय है। इस कार्य में हाल ही के दिनों मे व्यापक तेजी आई है। इस हेतु हमारे सुरक्षा बल बधाई के पात्र हैं। बीते एक माह में कई नक्सलवादियों ने आत्म समर्पण किया है एवं बहुत से सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे भी गए हैं। यह कार्यवाही सतत जारी रहना चाहिए। आखिर नक्सली हिंसा में कब तक हमारे जवान शहीद होते रहेंगे? यह एक अहम प्रश्न है। इस विचारधारा को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए एवं नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलवादियों की हिंसक गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन होना चाहिए। उन्हें समस्त आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध होना चाहिए। नक्सली नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आवश्यक है कि इस समस्या के तहत तक पहुंच जाए। नक्सलवादी भोले भाले युवक युवतियों को भ्रमित करके अपने जाल में न फंसा सके। इस हेतु सरकारी इंटेलिजेंस एजेंसियों में गुप्तचरों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

- ललित महालकरी, इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

### महाराष्ट्र में 'जीबीएस' के 140 संदिग्ध केस

# अब तक पांच की मौत, 98 की पुष्टि

- पुणे में पानी के 160 सैंपलों की जांच
- पानी में मिला ई.कोली बैक्टीरिया




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' (जीबीएस) के कारण मरने वालों की संख्या शनिवार को (31 जनवरी) बढ़कर पांच हो गई। जबकि पूरे राज्य में अब तक 140 मामले सामने आ चुके हैं। जिनमें से 98 में जीबीएस की पुष्टि हो चुकी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पानी के सैंपल में ई.कोली बैक्टीरिया पाया गया है।

वहीं पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम क्षेत्र के यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल में निमोनिया के कारण सांस लेने में दिक्कत होने से 36 वर्षीय एक व्यक्ति की गुरुवार को मौत हो गई थी।

पुणे के सिंहगढ़ रोड के धायरी इलाके के रहने वाले 60 वर्षीय व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हुई। पुणे नगर निगम (पीएमसी) के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पीड़ित को दस्त और कमजोरी के कारण 27 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई।

#### कहां मनपा क्षेत्र में सबसे अधिक मरीज

पुणे से 26 मरीज हैं जबकि पीएमसी क्षेत्र में शामिल किए गए नए गांवों से 78 लोग हैं, 15 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ से हैं, 10 मरीज पुणे ग्रामीण से हैं और 11 लोग अन्य जिलों से हैं। महाराष्ट्र में शुक्रवार को जीबीएस का कोई नया मामला सामने नहीं आया। राज्य में सामने आए अधिकांश मामले पुणे और आसपास के इलाकों से हैं।

#### पानी के कुल 160 सैंपलों की जांच

■ पुणे शहर के विभिन्न भागों से पानी के कुल 160 सैंपलों को रासायनिक और जैविक विश्लेषण के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा गया, जिसमें से आठ जल स्त्रोतों के सैंपल दूषित पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि सिंहगढ़ रोड क्षेत्र के कुछ निजी बोरवेल से प्राप्त सैंपल में से एक में एस्चेरिचिया कोलाई या ई-कोली बैक्टीरिया पाया गया। पानी में ई-कोली का होना मल या पशु अपशिष्ट संदूषण का संकेत है और बैक्टीरिया की व्यापकता जीबीएस संक्रमण का कारण बन सकती है।

#### जीबीएस एक दुर्लभ डिसऑर्डर

जीबीएस एक दुर्लभ डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर के हिस्से अचानक सुन्न पड़ जाते हैं और मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है। इसके साथ ही इस बीमारी में हाथ पैर में गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण भी होते हैं। माना जाता है कि दूषित भोजन और पानी में पाया जाने वाला 'बैक्टीरिया कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी' इस प्रकोप का कारण है।

### मीरा भायंदर में शिवसेना उद्धव गुट को झटका

# दर्जनों पदाधिकारी भाजपा में शामिल

राकेश विश्वकर्मा / जागरूक टाइम्स

**मीरा भायंदर।** शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के मीरा भायंदर उपजिला प्रमुख सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। लक्ष्मण जंगम के साथ घनश्याम सिंह,जीवराज धर्माजी राजपुरोहित,संग्राम सिंह, रामचन्द्र शर्मा,रवींद्र पाटिल,उदय मोरे,संदेश रहाटे,सुनील जाधव,संतोष मस्के,रमेश मस्के, अजय झा,कृष्णा तिवारी ,संजय करवर,दगड़ु शिंदे ,प्रेम पांडे सहित अन्य लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया। शिवसेना उपजिला प्रमुख पूर्व नगरसेवक लक्षण जंगम ने विधायक नरेंद्र मेहता की उपस्तिथि में पक्ष प्रवेश कर उद्धव ठाकरे शिवसेना को करारा झटका दिया है।



#### जल्द और नेता बीजेपी में होंगे शामिल

सूत्रों की मानें तो जल्द ही शिवसेना के कई और नेता भाजपा का दामन थामने वाले है। पक्ष प्रवेश को लेकर लक्षण जंगम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है और राज्य में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस राज्य को मजबूत बनाने में लगे है। मीरा भायंदर शहर के विधायक नरेंद्र मेहता शहर में विकास के पथ पर लेकर जा रहे है। इन्हीं सभी कार्यों से प्रभावित हो कर उन्होंने और उनके साथियों ने भाजपा में प्रवेश किया है।

#### राजन विचारे के करीबी रहे है लक्षण जंगम

■ लक्षण जंगम पूर्व नगरसेवक है और शिवसेना के पूर्व सांसद राजन विचारे के क़रीबियों में से एक रहे है। विधायक नरेंद्र मेहता ने पक्ष प्रवेश करने वाले सभी नेताओं को पार्टी को मजबूत बनाने के साथ ही जनसेवा करने की हिदायत दी। सूत्रों की मानें तो जल्द ही ठाकरे गुट का एक और नेता पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में जानेवाला है। ठाकरे गुट को छोड़कर भाजपा में जानेवाले कार्यकर्ताओं ने बताया कि पार्टी शहर में दिशाहीन हो गई है वो जितना भी काम कर ले पार्टी में उनको तवज्जो नहीं दी जाती है। इसी के चलते सभी ने भाजपा में प्रवेश किया।



# वसई पूर्व में एसटी बस का पहिया निकला

▸▸ बस में सवार 30 यात्रियों की सांसे थमी

**विरार।** वसई पूर्व में वज्रेश्वरी-वसई के बीच चलने वाली एसटी बस का एक पहिया अचानक निकल जाने की घटना घटी है। इस बस में 30 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि बस चालक ने सतर्कता बरतते हुए बस को नियंत्रित कर लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई और इसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वसई पूर्व के ग्रामीण इलाकों में एसटी कॉर्पोरेशन की बसें चलती हैं। शनिवार दोपहर को एसटी बस वज्रेश्वरी से वसई यात्रियों को लेकर जा रही थी। जैसे ही बस पारोल गांव के पास पहुंची, अचानक आगे से एक पहिया ढीला हो गया। पहिया डगमगाने लगा और यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, बस चालक ने तुरंत बस रोकी और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। दिलचस्प बात यह है कि जिस जगह यह घटना हुई, वह मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग से कुछ ही किलोमीटर दूर है। नागरिकों ने कहा है कि अगर यह घटना राजमार्ग पर तेज गति से होती, तो बड़ी दुर्घटना होने की संभावना थी। इस घटना के बाद यात्रियों ने एसटी प्रशासन के प्रति कड़ी नाराजगी जताई है। यात्रियों की मांग है कि पुरानी और खतरनाक बसों को हटाकर नई और सुरक्षित बसें उपलब्ध कराई जाएं। यात्रियों ने यह भी कहा है कि प्रशासन को इस घटना पर ध्यान देना चाहिए और तत्काल कदम उठाने चाहिए।



# राहुल नार्वेकर ने किए 'माघी गणपति' के दर्शन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के भूलेश्वर स्थित श्रीपति टॉवर में कल्पेश शांतिलाल शाह प्रशासन व महामंत्री दक्षिण मुंबई जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के निवास पर माघी गणपति की स्थापना की गई। जहां महाराष्ट्र सरकार के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने दर्शन किए। उसके बाद शाह परिवार ने उनका शॉल ओढ़ाकर सत्कार किया। इस दौरान पूर्व नगरसेवक जनक संघवी,जीतू भाई दवे मौजूद थे।



## मुंबई एयरपोर्ट पर रफ्तार का कहर, पांच घायल

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर रविवार की सुबह तेज रफ्तार मर्सिडीज कार की चपेट में आकर पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। घटना रविवार की सुबह की है जब प्राइवेट कंपनी की एक मर्सिडीज़ कार के ड्राइवर ने एयरपोर्ट पर पैसंजेर्स को छोड़ने के बाद अपना नियंत्रण खो दिया और गेट नंबर 3 पर जाकर टकरा गई। इस घटना में दो विदेशी नागरिकों और तीन एयरपोर्ट स्टाफ से जुड़े हुए लोगों को चोट आई है। विदेशी नागरिकों को मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं एयरपोर्ट स्टाफ ने बताया कि उन्हें पता ही नहीं चला अचानक गाड़ी कब आई और उन्हें टक्कर मार दी।

# बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा : संतोष आरएन सिंह



**मुंबई।** उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष एवं बीआईएस के सीएमडी संतोष आरएन सिंह ने देश के बजट को देश का चहुंमुखी विकास करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में मध्यम वर्ग सहित हर वर्ग का यथोचित ध्यान रखा है। आयकर में भारी राहत, किसान क्रेडिट में पैसे की बढ़ोत्तरी, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हर संभव प्रावधान, जीवन आवश्यक छत्तीस औषधियों के शुल्क में माफी आदि तमाम ऐसे निर्णय हैं, जो इस बजट को सर्वकल्याणकारी बनाते हैं। संतोष आरएन सिंह ने कहा कि इस बजट में मध्यमवर्ग, वेतनभोगी कर्मचारी, युवाओं-किसानों और मजदूरों सबको कुछ न कुछ दिया गया है। यह देश की अर्थव्यवस्था को यथोचित गति प्रदान करेगा और सामान्य से लेकर उच्च वर्ग के लोगों के सपनों को पूरा करेगा।

#### केंद्र ने ली मिडिल क्लास की सुध



पिछले दस सालों में पहली बार मोदी सरकार ने मिडिल क्लास की सुध ली। आयकर में इतनी बड़ी छूट का किसी भी आयकर देने वाले को भरोसा नहीं था। इससे बाजार में कैश फ्लो भी बढ़ेगा। इससे सीधे तौर पर इंडस्ट्री को फायदा मिलेगा। निटेड फैब्रिक्स में कस्टम ड्यूटी 20% या 115/- प्रति किलोग्राम (जो भी अधिक हो) किए जाने से आयातित माल पर रोक लगेगी। जिससे देशी कपड़ा उद्योग को फ़ायदा होगा।

■ मनोज जालान (उपाध्यक्ष,भारत मर्चेंट्स चेंबर)

### मीरा भायंदर में ज्वेलर्स लूटपाट कांड

# पांच आरोपी गिरफ्तार, कबूला जुर्म

- 23 लाख से अधिक रूपए के आभूषण,1 ऑटोमेटिक पिस्टल,1 जिंदा कारतूस,पल्सर बाइक ,कोयता,कटर,हंसिया व मोबाइल फोन जब्त

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई।** मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत माणिकपुर पुलिस ने ज्वेलर्स लूटपाट कांड के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही है। आरोपियों के पास से 23,39,200 रूपए के आभूषण,1 ऑटोमेटिक पिस्टल,1जिंदा कारतूस,पल्सर मोटरसाइकिल,कोयता,कटर,हंसिया व मोबाइल फोन आदि जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया है कि, 10 जनवरी को लगभग 21.13 बजे माणिकपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर,जब शिकायतकर्ता अपनी मयंक ज्वेलर्स की दुकान क्रमांक 6, लोटस बिल्डिंग,कौल हेरिटेज सिटी,अग्रवाल,वसई पश्चिम में था,तब 25 से 30 वर्ष की आयु के दो अज्ञात व्यक्ति आए और उनमें से एक ने पिस्तौल तान दी और "चिल्लाओ मत" की धमकी दी थी।



#### 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के आधार पर व 600 से अधिक स्थानों के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपियों की तलाश की गई। आरोपी अनुज गंगाराम चौगुले (36),रॉयल ऊर्फ रॉय एडव्हर्ड सिक्येरा (46), निवासी - वसई को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया। उसके बाद टीम ने दो आरोपी लालसिंह ऊर्फ सिताराम सर्जेराव मोरे (56) और सौरभ ऊर्फ पप्पु तुकाराम राक्षे (27) को तकनीकी जरिए सातारा से हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। चुराए गए सोने के आभूषण खरीदने वाले आरोपी अमर भारत निमगि (21) को कर्नाटक राज्य से गिरफ्तार किया गया। आरोपी अनुज गंगाराम चौगुले (36) के ऊपर महाराष्ट्र राज्य के अलग अलग पुलिस स्टेशनों में अलग अलग धाराओं के तहत कुल 20 अपराध दर्ज है। आरोपी रॉयल ऊर्फ रॉय एडव्हर्ड सिक्येरा (46) के ऊपर महाबलेश्वर पुलिस स्टेशन समेत कुल 12 गंभीर मामले दर्ज है।आरोपी लालसिंह ऊर्फ सिताराम सर्जेराव मोरे (56) के ऊपर जिला सातारा में 3 अपराध दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों से दो अपराधों का खुलासा हुआ है। यह कार्रवाई जोन 2 डीसीपी पौर्णिमा चौगुले श्रींगी और एसीपी नवनाथ घोगरे के मार्गदर्शन में माणिकपुर पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस निरीक्षक हीरालाल जाधव और वालीव पुलिस के सीनियर पुलिस निरीक्षक दिलीप घुगे के नेतृत्व में वालीव पुलिस स्टेशन और माणिकपुर पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी कर्मचारी की टीम ने की है।

# भायंदर में पूर्व नगरसेवक ने बिल्डर से मांगा 10 करोड़ का हफ्ता

**डेढ़ करोड़ में मामला तय ,चार गिरफ्तार**

मीरा भायंदर। भायंदर नवघर पुलिस ने डेढ़ करोड़ की हफ्ता उगाही मामले में उद्धव ठाकरे गुट के एक पूर्व नगरसेवक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार वरली के बिल्डर आकाश पवन कुमार गुप्ता से नालासोपारा के पूर्व नगरसेवक स्वप्निल बांदेकर और उसके साथियों ने 10 करोड़ की मांग की थी। बिल्डर ने जब10 करोड़ देने में असमर्थता दिखाई तो मामला डेढ़ करोड़ में तय हुआ। बिल्डर ने पुलिस को बताया कि उसका निर्माण कार्य बंद करने की धमकी के साथ बांदेकर उनको गंदी गंदी गाली देता था। साथी उसको सलाह देते की पैसा देने में ही उसकी भलाई है। आकाश गुप्ता ने पहली किस्त देने के लिए बांदेकर को मुंबई आने को कहा तो बांदेकर ने मुंबई में मिलने से मना कर दिया। गुप्ता ने जब विरार में मिलने को कहा तो वहां भी मिलने से इनकार कर दिया गया जिसके बाद बांदेकर ने गुप्ता को भायंदर के एक होटल में मिलने बुलाया। गुप्ता ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। बिल्डर की जानकारी के आधार पर पुलिस ने होटल में जाल बिछाया और स्वप्निल बांदेकर और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया।आकाश गुप्ता का मुंबई में एसआरए के तहत निर्माण कार्य चल रहा था जिसकी सूचना अधिकार (आरटीआई )के तहत बांदेकर और उसके जानकारी मंगवा ली थी इसी के आधार पर गिरफ्तार आरोपी गुप्ता को ब्लैक मेल करना चाहते थे।गुप्ता के अनुसार पिछले दी है तीन चार महीनों से उन्हें परेशान किया जा रहा था जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी है। पुलिस ने बांदेकर सहित हिमांशु शाह ,किशोर,नितिन के खिलाफ मामला दर्द किया है।

# अंबरनाथ नपा कर्मियों का रिटायरमेंट कार्यक्रम



**अंबरनाथ।** अंबरनाथ नगर परिषद के स्थायी समिति सभागृह की पहली मंजिल में 31 जनवरी को सेवानिवृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंबरनाथ नगर परिषद के सेवानिवृत कर्मचारी, सुरक्षा विभाग के किशोर सखाराम धुमाल और आस्थापना विभाग के शांताराम गंगाराम जाधव को विदाई दी गई। यह कार्यक्रम नगर परिषद के मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर और उपमुख्याधिकारी उमेश राऊत की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, सेवानिवृत्त कर्मचारी किशोर सखाराम धुमाल ने इस कार्यक्रम में साथियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर आस्थापना विभाग की अधिकारी मिनल जाधव, जनसंपर्क अधिकारी महेंद्र नेर, नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी तथा पत्रकार उपस्थित थे।

# नाईजीरियन महिला गिरफ्तार

**नालासोपारा।** एंटी-नारकोटिक्स सेल, मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस कमिश्नरेट ने तुलिंज पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर एक विदेशी नाईजीरियन महिला के खिलाफ कार्रवाई की,जिसके पास कुल 67.5 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स बरामद किया है। इसके पहले भी उक्त सेल की टीम ने नालासोपारा पूर्व क्षेत्र से एक विदेशी नाईजीरियन के पास लाखो रूपये ड्रग्स बरामद किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि,मीरा-भायंदर, वसई-विरार कमिश्नरेट के अंतर्गत एंटी-नारकोटिक्स सेल को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 30 जनवरी 2025 को नायगांव,वालिव, वसई, नालासोपारा, तुलिंज के क्षेत्रों में गश्त करने और ड्रग्स खरीदने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था।तदनुसार, नायगांव, वालिव, वसई क्षेत्रों और फिर नालासोपारा, तुलिंज क्षेत्रों में गश्त करते समय, टीम ने 30 जनवरी को लगभग 22.00 बजे नालासोपारा (पूर्व) स्टेशन की ओर से विरार की ओर जाते समय मोरेगांव झील के सामने सड़क पर एक दक्षिण अफ्रीकी महिला को किसी का इंतजार करते देखा।

# विरार में सात आरोपी तड़ीपार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**विरार।** जनवरी माह में जोन 3 से गौमांस तस्करी व अन्य अपराधों के लिए 7 लोगों को ठाणे,पालघर, बृहन्मुंबई, मुंबई उपनगरीय जिला क्षेत्राधिकार से तड़ीपार किया गया है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने शनिवार को दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि,मीरा-भायंदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय, जोन-3 विरार, नालासोपारा, मांडवी, पेल्हार पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में अपराधियों और उनके साथियों के खिलाफ गोमांस तस्करी, गाली-गलौज,मारपीट,धमकी,चोट पहुंचाना, महिलाओं से छेड़छाड़, भीड़ लगाकर मारपीट और चोट पहुंचाने जैसे गंभीर अपराधों के तहत मामला दर्ज किया गया है। तथा उक्त अपराध में आरोपी ने गिरफ्तार होने के बाद भी अपने आपराधिक व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं किया है, इसलिए पुलिस कमिश्नर (पुलिस आयुक्त मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) मधुकर पांडेय, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, जोन 3 पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले विरार के कार्यालय के आदेश पर 7 अपराधियों (मनीष वसंत गायकवाड,अक्षय चितामण जाधव,ओम सावले सिंह,विशाल रंगीला यादव,मुजमील नूर मोहम्मंद कुरेशी,तौफिक रज्जाक जोगिया और तारिक तलत शेख) को ठाणे,पालघर, बृहन्मुंबई, मुंबई उपनगर या जिला कार्य क्षेत्राधिकार से तड़ीपार किया गया है।



■ मुंबई। दक्षिण मुंबई क्षेत्र की अनंतवाड़ी में गणेश जन्मोत्सव पर पूजा करतीं संतोष राजपुरोहित, शांति राजपुरोहित,पवन संत,वर्षा राजपुरोहित आदि।

### रोहिंग्या जन्म प्रमाणपत्र घोटाला

# मालेगांव से तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**मुंबई।** बीजेपी नेता किरीट सोमैया के आरोपों के बाद मालेगांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। किरीट सोमैया ने रोहिंग्या जन्म प्रमाणपत्र घोटाले में 31 जनवरी 2024 को FIR दर्ज की थी। इन आरोपों के बाद मालेगांव पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने सैयद साजिद, शबाना बानो और नजमा बानो को जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन तीनों पर फर्जी पेपर के जरिए जन्म प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप है। कोर्ट ने आरोपियों को 4 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। बीजेपी नेता किरीट सोमैया का दावा है कि मालेगांव, जो मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, वहां 3,977 बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय जन्म प्रमाणपत्र हासिल किए हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच की मांग उठाई थी। उनकी शिकायत के आधार पर तहसीलदार ने पुलिस में आधिकारिक शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस मामले की जांच तेज कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि यह कोई संगठित घोटाला तो नहीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी कई और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया है। बीजेपी नेताओं का कहना है कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, कुछ स्थानीय नेताओं ने निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि निर्दोष लोग न फंसें। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।



■ **भायंदर।** सालाबाद की तरह, भायंदर पूर्व शिर्डीनगर में श्री बालक मंडल ने इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ माघ महीने में श्रीगणेश की मूर्ति स्थापित की। इस अवसर पर बोर्ड के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# 33 सेंटर पर आरएएस प्री-एग्जाम



**बाड़मेर।** आरएएस प्री एग्जाम बाड़मेर जिले के 33 एग्जाम सेंटरों पर हुई। 65.57 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए। कुल 10621 परीक्षार्थियों में से 6964 ने ही परीक्षा दी। हर सेंटर पर कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच और चैकिंग के बाद एंट्री दी गई। परीक्षार्थियों ने आखिरी समय में भागकर सेंटर में प्रवेश किया। 11 बजे के बाद सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। दिव्यांगों मे भी एग्जाम को लेकर उत्साह नजर आया। सेंटर सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, कॉलेजों को बनाया गया है। दरअसल, प्रदेश भर में आरएएस प्री एग्जाम 12 बजे से शुरू हुए। इससे पहले 11 बजे तक परीक्षार्थियों को एंट्री दी गई।

- 65.57% परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा : 3657 अभ्यार्थियों रहे अनुपस्थित कड़ी सुरक्षा और चेकिंग के बाद मिली एंट्री

### महिलाओं को चैकिंग कर दी एंट्री

रविवार को शुरू हुई आरएएस प्री एग्जाम को लेकर कड़े बंदोबस्त किए गए है। इसमें 33 केंद्रों में 10621 परीक्षार्थी के लिए सेंटर बनाया गया था। इसमें 6964 परीक्षार्थी एग्जाम में शामिल हुए वहीं 3657 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एग्जाम 12 से शुरू हुआ जो तीन बजे तक चला। इससे पहले सेटरों के बाद सुबह 10 बजे से अभ्यार्थियों की लाइनें लग गई। सेंटर गेट पर परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड सहित आईडी प्रूफ सहित डॉक्यूमेंट चैक करके एंट्री दे गई। एग्जाम सेंटरों पर महिलाओं के कान के कुंडल, मंगलसूत्र और बालों की क्लिप सहित धातु की वस्तुएं बाहर रखवाकर एंट्री दी गई। 11 बजे गेट बंद कर दिए गए। उसके बाद किसी को एंट्री नहीं दी गई है।

### नकल रोकने का पुख्ता इंतजाम

एडीएम राजेंद्र सिंह चांदावत ने बताया- प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। परीक्षा में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किए गए है। इसके अलावा उड़नदस्तों की तैनातगी, परीक्षा केंद्रों पर समस्त परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी करवाने, समुचित यातायात व्यवस्था, लगातार लाइट सप्लाई, मेडिकल टीम की तैनातगी के बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसका संचालन दो फरवरी को परीक्षा समाप्ति उपरांत नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक होगा।

# मारपीट और पॉक्सो मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

## 10 महीने से फरारी काट रहे थे सभी इनामी बदमाश



**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की सिवाना पुलिस ने मारपीट, छेड़छाड़, पॉक्सो मामले में 10 माह से फरारी काट रहे सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों पर दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से सभी को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 22 मार्च 2024 को सिवाना थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 18 मार्च को मैं घर पर खाना बना रही थी। इतने में भटाराम, नेमाराम पुत्र सांवलाराम, हसीया, सविया पुत्र गोबाराम, गोबाराम पुत्र वगताराजी, रामाराम पुत्र लालाराम, भीमाराम, हिराराम शराब के नशे में धुत होकर घर के अंदर घुसे। हाथों में हथियार कुल्हाड़ी लेकर घर के अंदर जबरदस्ती घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद मेरी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता की लज्जा भंग की। इस पुलिस ने मामला पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। एसपी हरिशंकर ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी सहयोग व परंपरागत पुलिसिंग से अलग-अलग जगहों पर दबिशें दी गई। लेकिन मगर आरोपी पुलिस के भय से अपने घर से फरार हो गए। एसपी बालोतरा ने सभी आरोपियों में 2000-2000 का इनाम घोषित किया गया। पुलिस टीम को सुराग हाथ लगने पर इनामी आरोपी भटाराम, सवाराम, गोबरराम उर्फ गोबाराम, रामलाल उर्फ रामाराम, हंसाराम, भीमाराम व नेमाराम को डिटेन किया गया।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

## शव मॉर्च्युरी में रखकर परिजनों का प्रदर्शन, मुआवजे की मांग पर अड़े



**जैसलमेर।** जैसलमेर के सम रोड पर हुए एक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। परिजनों ने शव जवाहिर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखकर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे का मामला दर्ज किया। सदर थाना पुलिस की हैड कॉन्स्टेबल चुका विश्नोई ने बताया कि हादसा एक ट्रक के ओवरटेक करने के दौरान लोडिंग टैक्सी में रखे सामान के अटकने से हुआ। हादसे के बाद लोडिंग टैक्सी में सवार लहरी देवी (37) पत्नी हेमनाथ की मौत हो गई। हमने मामला दर्ज कर ट्रक को जब्त करने के साथ ही ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। अब परिजनों को समझाया जा रहा है। मृतक लहरी देवी के पुत्र कालू नाथ ने बताया कि वे परिवार के साथ स्क्रैप इकट्ठा करने का काम करते हैं। शुक्रवार शाम को वे कनोई गांव से अपनी लोडिंग टैक्सी में स्क्रैप भरकर जैसलमेर की तरफ आ रहे थे। सम रोड पर होटल सूर्यगढ़ के सामने पीछे से तेज गति से आते ट्रक ने टैक्सी में भरे प्लास्टिक के बोरे को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बोरे पर बैठी उसकी माता लहरी देवी सड़क पर गिर गई और गंभीर चोट के चलते उसकी मौत हो गई।पीछे आ रही एक निजी गाड़ी में लहरी देवी को जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। हमने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मुआवजे की मांग को लेकर मृतका लहरी देवी के शव को जवाहिर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। अभी तक हमारी मांग को माना नहीं गया है। जब तक मांगों को माना नहीं जाएगा तब तक हम शव को नहीं उठाएंगे।

## हरखचंद नाहटा स्मृति स्मारक सिक्के का अनावरण

# राष्ट्र हित को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : राज्यपाल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बीकानेर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्र हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकसित भारत के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक देश को श्रेष्ठतर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। राज्यपाल रविवार को बीकानेर में हरखचंद नाहटा की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा उनकी स्मृति में जारी 25 रुपए मूल्य के 40 ग्राम वजनी स्मारक सिक्के के अनावरण समारोह में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि नाहटा ने व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र के साथ जन सेवा तथा धर्म सेवा के कार्यों में भी अतुल्यनीय योगदान दिया। देश की कई सुप्रतिष्ठित संस्थाओं से संबंध रखकर वे लोक मंगल कार्यों में निरंतर आर्थिक सहयोग के अलावा सक्रिय सहभागिता निभाते थे। जैनाचार्य जिनपीयूष सागर सूरिश्वर महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हरखचंद नाहटा की स्मृति में स्मारक रजत सिक्का जारी करना जीवन को आलोक देने वाले महापुरुषों के सम्मान की परम्परा है। उन्होंने कहा कि समय तथा इतिहास की कसौटी पर ही किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का मूल्यांकन होता है। हरखचंद नाहटा के जीवट व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, दूरदर्शिता तथा लोक मंगल की बलवती भावना ने उन्हें विशेष स्थान दिलाया।

# बीकानेर में शराब का पीने पर, मौत

## पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार कहा-खेत में बेहोश पड़ा मिला



**बीकानेर।** नापासर थाना क्षेत्र के मूंडसर में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने महज चौबीस घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। ये घटना शराब के नशे में हुई। दरअसल, मृतक जेठाराम मजदूरी पर था लेकिन वहीं पर शराब पी ली थी। इसी कारण काम नहीं कर रहा था। इसी मुद्दे पर उसकी कुछ लोगों से मारपीट हो गई। इसी मारपीट में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। तीन दिन पहले जेठाराम मेघवाल का शव मिला था। इसे हत्या मानते हुए नापासर पुलिस ने छानबीन शुरू की थी। अब इस मामले में मूंडसर निवासी सहीराम जाट, लालूराम जाट व अर्जुनराम जाट को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक जेठाराम मेघवाल मजदूरी का कार्य करता था। वह मजदूरी ना मिलने पर अधिकतर लालूराम के साथ काम करता था। मृतक के भाई राजूराम ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई 29 जनवरी को लालूराम के साथ बीकानेर जाने का कहकर गया था। बाद में लालूराम ने उसे सहीराम के साथ उसके खेत काम करने के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि जेठाराम ज्यादातर लालूराम के साथ रहता था। पुलिस के अनुसार, लालूराम के सब्जी का काम है, वह उसमें सहयोग करता था।

# भाजपा के नए जिलाध्यक्षों का जोरदार स्वागत

## बालोतरा और बाड़मेर के नेताओं ने कहा- संगठन को मजबूत करना पहली प्राथमिकता




**बालोतरा।** पचपदरा में बालोतरा और बाड़मेर के नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्षों का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालोतरा के भरत मोदी और बाड़मेर के अनंतराम विश्नोई का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डुंगरराम देवासी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा एक साधारण कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाना गौरव की बात है। बाड़मेर जिलाध्यक्ष अनंतराम विश्नोई ने पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प लिया और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बालोतरा जिलाध्यक्ष भरत मोदी ने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जिले के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

## डाक्टर बोला-चेक कर लिया, 250 की ओपीडी, एक मरीज पर खड़ा नहीं रह सकता

# एसडीएम की डाक्टर को फटकार, पुलिस के हवाले कर दूंगा



**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के सेड़वा उपखंड के एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई सेड़वा अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान बेड पर एक महिला सो रही थी। उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। इस पर एसडीएम ने ओपीडी रूम में जाकर डाक्टर को जबरदस्त लताड़ लगाई। बोले- तुम इधर आओ, क्या नाम है तुम्हारा, डांट भरे लहजे में इधर आ, जब मैं कह रहा हूं, सुन नहीं रहा है क्या? एसडीएम आगबबूला हो गए। बोले अभी एक मिनट में पुलिस के हवाले कर दूंगा। उसको चेक करों। यह मेरा ऑर्डर है। यह मेरा ऑर्डर है। यू वील चेक इट...। डाक्टर ने कहा कि मैंने उसको चेक किया है। एसडीएम ने कहा कि चेक करो इसको। डाक्टर ने बोला सर मैंने अभी चेक किया है। एसडीएम ने कहा कि मेरे सामने चेक करों। सुन ली मैंने तुम्हारी बात, इसको चेक करो। इसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, और तुम कैमरे की निगाह में हो। डाक्टर ने कहा- मैं मना नहीं कर रहा हूं कि कैमरे की निगाह में हूं। एसडीएम ने डाक्टर से पूछा- क्या नाम है आपका। पर्ची कहां है इसकी, एसडीएम ने कहा कि मुझे कुछ नहीं सुनना है, मुझे इसका इलाज चाहिए। डाक्टर ने कहा कि सर इलाज अच्छे से चल रहा है। मैं यहीं तो कह रहा हूं। एसडीएम ने कहा कि आप यहां पर खड़े रहे हो, इसके पास रहो। ओपीडी में इतनी भीड़ है, इसको नहीं देखूं। एसडीएम ने कहा कि यह सीरियस है, इसका पहले देखो यह मेरा ऑर्डर है।

# व्यापार जगत

# टॉप-10 कंपनियों में सात की वैल्यू 1.83 लाख करोड़ बढ़ी

## बैंकिंग शेयरों की खरीदारी सबसे ज्यादा रही, टाटा-कंसल्टेंसी का मार्केट कैप 28 हजार करोड़ कम




**मुंबई।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से सात का मार्केट कैप बीते हफ्ते के कारोबार में 1.83 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। इस दौरान देश के तीन बड़े बैंकों- आईसीआईसीआई, एचडीएफसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की वैल्यू 84 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ी है। कारोबार के बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर की वैल्यू सबसे ज्यादा 32,471 करोड़ रुपए बढ़कर 5.89 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इसके अलावा, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसआईसी का मार्केट कैप भी बढ़ा है। वैल्यूएशन के लिहाज से देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मार्केट कैप 28,058 करोड़ रुपए कम हुआ है। हफ्तेभर के कारोबार के बाद कंपनी का मार्केट कैप 14.74 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। एक सप्ताह पहले टीसीएस की मार्केट वैल्यू 15.02 लाख करोड़ रुपए थी। इसके अलावा भारती एयरटेल की वैल्यू 11,212 करोड़ रुपए और इंफोसिस की वैल्यू 9,653 करोड़ रुपए कम हुई है। बीते हफ्ते 1,315 अंक चढ़ा सेंसेक्स शनिवार के दिन भी बाजार बजट के चलते खुला था। दिनभर के कारोबार में उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स पांच अंक की तेजी के साथ 77,505 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 26 अंक की गिरावट रही, ये 23,482 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप 212 अंक की गिरावट के साथ 42,884 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में गिरावट और 22 में तेजी रही। वहीं, एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 3.38% चढ़ा। इसके साथ ही एफएमसीजी सेक्टर में 3.01%, कंज्यूमर ड्यूरेबल में 2.96% और ऑटो सेक्टर में 1.91% की तेजी रही। जबकि, पीएसयू बैंकिंग सेक्टर में 1.59%, ऑयल एंड गैस में 1.59% और आईटी सेक्टर में 1.48% की गिरावट रही। बीते सप्ताह के कारोबार के बाद सेंसेक्स में 1,315 अंक की तेजी रही।

# 2020 के बाद सबसे ज्यादा बजट पेश होते ही औंधे मुंह गिरे पीएसयू स्टॉक्स



**मुंबई।** शेयर बाजार को इस साल का आम बजट रास नहीं आया है। शनिवार को बजट को लेकर आयोजित स्पेशल कारोबारी सत्र के दिन स्थानीय शेयर बाजार काफी उतार-चढ़ाव के बीच स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 5.39 अंक की मामूली बढ़त रही, जबकि निफ्टी में 26.25 अंक की गिरावट आई। बजट के दिन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) के शेयरों में 9% तक की गिरावट देखी गई, जबकि बीएसई पीएसयू इंडेक्स 2.7% लुढ़क गया। बाजार निवेशक 11.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) आवंटन से निराश दिखे, क्योंकि यह उनकी अपेक्षा से कम था। डिफेंस, रेलवे और पावर जैसे प्रमुख सेक्टरों में गिरावट दर्ज की गई।जहां डिफेंस और रेलवे से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में 4% तक की गिरावट आई। वहीं, पीएसयू शेयरों में 9% तक की गिरावट आई, जो पिछले सात बजट के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट रही। निवेशकों को उम्मीद थी कि पूंजीगत व्यय आवंटन अधिक होगा, लेकिन सरकार ने 11.2 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया, जो उनके अनुमान से कम था। कुल मिलाकर बजट में अपेक्षित कैपेक्स वृद्धि न होने से निवेशकों में निराशा देखी गई, जिसका असर बाजार पर पड़ा। पीएसयू स्टॉक्स ने पिछले सात बजट (2020 से अब तक) में से तीन बार निगेटिव रिटर्न दिया है। इससे पहले, 2020 और 2023 में यह इंडेक्स 0.08% और 0.50% गिरा था।

### डिफेंस सेक्टर के निवेशक भी निराश

दिलचस्प यह है कि वित्त वर्ष 2025-26 में डिफेंस बजट के लिए 9.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, इसके बावजूद डिफेंस कंपनियों के शेयर गिर गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने लगातार आठवें बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए। यह FY25 के 6.21 लाख करोड़ रुपए से 9.5% ज्यादा है। बजट के बाद प्रमुख डिफेंस कंपनियों के शेयरों में 4% तक की गिरावट देखी गई। इन कंपनियों में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल), भारत डायनामिक्स (बीडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (बीएचईएल) शामिल हैं।

# 5500 रुपए बढ़ी सोने की कीमत, रिकॉर्ड हाई पर गोल्ड, चांदी की भी बढ़ी कीमत



**मुंबई।** सोने की कीमत आसमान छू रही है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में पीली धातु की कीमत नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। शनिवार को सोने की कीमत 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर स्तर पर बनी हुई है। शुक्रवार से 99.9 फीसदी शुद्धता वाली सोने की कीमत में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी आई थी। घरेलू मांग में तेजी के कारण यह 1100 रुपए उछलकर 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई।

**सोने में आई जबरदस्त तेजी**

एक जनवरी से लेकर एक फरवरी के बीच सोने के भाव में जोरदार तेजी आई है। एक महीने में सोने की कीमत में 5,510 रुपए तक का इजाफा हो गया है। बीते महीने इसके रेट में सात प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम से उछलकर 84,900 पर पहुंच गई। 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोना भी 84,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वोच्च स्तर पर स्थिर बना हुआ है।

**चांदी की भी बढ़ी चमक**

सोने के साथ-साथ चांदी की भी चमक बढ़ गई है।

# ईएफसी (आई) का पहला बोनस इश्यू, शेयर मिलेंगे फ्री



**मुंबई।** रियल एस्टेट सेक्टर की कंपनी आईएफसी (आई) अपने निवेशकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आई है। कंपनी ने अपने पहले बोनस शेयर इश्यू की घोषणा कर दी है और जल्द ही इसका एक्स-डेट भी आने वाली है। पिछले तीन सालों में कंपनी के शेयरों ने जबरदस्त 2345% की बढ़त दिखाई है, जिससे निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न मिला है। खास बात ये है कि इस दौरान आईएफसी (आई) के शेयरों ने सेंसेक्स को भी पीछे छोड़ दिया, जो इसी अवधि में सिर्फ 31.67% ही बढ़ा। 1:1 के रेश्यो में मिलेगा बोनस शेयर इस स्मॉलकैप कंपनी ने पहले ही ऐलान किया था कि वह 1:1 के रेश्यो में बोनस शेयर जारी करेगी। ऐसे में किसी निवेशक के पास एक शेयर है, तो उसे एक शेयर फ्री में मिलेगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक, कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू दो रुपए प्रति शेयर है। बोनस शेयर के लिए पात्र निवेशकों की पहचान करने के लिए 11 फरवरी 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की गई है। यानी अगर आप इस तारीख तक कंपनी के शेयर होल्ड करते हैं, तो आपको बोनस शेयर मिलने का फायदा मिलेगा। आईएफसी (आई) का मार्केट कैप और रिटर्न बीएसई पर इस कंपनी का मार्केट कैप 2,555.78 करोड़ रुपए है। आईएफसी (आई) एक रियल एस्टेट कंपनी है, जो उद्यमियों, छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) और बड़े कॉरपोरेट्स के लिए प्रबंधित ऑफिस स्पेस सॉल्यूशन देती है।अगर कंपनी के शेयर प्राइस पर नजर डालें तो इसने बीते कुछ सालों में निवेशकों को बेहतरीन मुनाफा दिया है।

## आप का राशिफल 3 फरवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रखें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

साल 2025 : भारत में रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे

# भारतीय रेल के विद्युतीकरण एक सदी का सफर









## सितंबर 1825 में मिली रफ्तार को नई दिशा

## 16 अप्रेल, 1853 को भारत में पहली बार ट्रेन चलाई

**मुंबई।** पहिए के अविष्कार के साथ ही दुनिया कई गुना तेजी से आगे बढ़ने लगी। इस रफ्तार को नई दिशा सितंबर 1825 में तब मिली, जब दुनिया की पहली ट्रेन ने अपनी यात्रा शुरू की। इसी क्रम में 28 साल बाद 16 अप्रैल, 1853 को वह दिन भी आया जब भारत में पहली बार ट्रेन चलाई गई। इसके करीब 72 वर्षों बाद 3 फरवरी 1925 ने भारतीय रेल ने एक और अध्याय जोड़ते हुए पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) से कुर्ला, मुंबई तक अपनी यात्रा बिजली से चलने वाली ट्रेन चलाकर नया कीर्तिमान रच दिया। अब साल 2025 भारत में रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे के होने के साथ, भारत अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क के 100% विद्युतीकरण के कगार पर है जो भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि भारत में पहली रेल यात्रा के समान ही ऐतिहासिक है तथा भारतीय रेल के विद्युतीकरण में एक सदी की प्रगति का प्रतीक है।

**28 सालों में दौड़ने लगी रेलगाड़ियां**

दुनिया में पहली बार रेल संचालन के केवल 28 वर्षों के भीतर भारत में भी रेलगाड़ियां दौड़ने लगीं। हालांकि, बिजली से चलने वाले इंजनों को अपनाने में भारत को अधिक समय लगा। वर्ष 1879 में जर्मनी में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन चली, लेकिन भारत में यह तकनीक पहुँचने में 46 वर्षों का समय लगा। दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 1879 में चलाई गई, जबकि भारत ने 1925 में पहली बार इस सुविधा की शुरुआत की।



डा. जयदीप गुप्ता
(अपर सदस्य, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन रेलवे बोर्ड)

**मुंबई में विद्युतीकरण: पहला कदम**

3 फरवरी 1925 को भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन ने 1500 वोल्ट डायरेक्ट करंट (डीसी) पर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और कुर्ला के बीच 16 किलोमीटर की दूरी तय की। यह भारतीय रेल के स्वच्छ और आधुनिक परिवहन की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस कदम के साथ, भारत दुनिया का 24वां और एशिया का तीसरा देश बन गया जिसने इलेक्ट्रिक रेल सेवाएं संचालित कीं।

**पूर्वी भारत में विद्युतीकरण की शुरुआत**

जहां मुंबई ने विद्युतीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई, वहीं पूर्वी भारत में यह प्रक्रिया देरी से शुरू हुई। इसका मुख्य कारण विश्व युद्धों और 1930 के दशक की महामंदी जैसी घटनाएँ थीं। 1950 के दशक में कोलकाता (तब कलकत्ता) में विद्युतीकरण की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ी। 1954 में, भारतीय रेल ने यूरोपीय विद्युतीकरण मॉडल का अध्ययन किया और, इस क्षेत्र के लिए 3000 वोल्ट DC सिस्टम को चुना। दिसंबर 1957 में हावड़ा और शियोराफुली के बीच पूर्वी भारत के पहले विद्युतीकृत ट्रैक का उद्घाटन हुआ। नवंबर 1957 में भारतीय रेल ने 25 kV AC प्रणाली को विद्युतीकरण के लिए मानक के रूप में अपनाया

**पूरे भारत में विद्युतीकरण: एक नया युग**


वर्ष 2014-15 के बीच हर दिन करीब 1.42 किलोमीटर विद्युतीकरण किया जाता था। इस अवधि में भारतीय रेल ने ब्रॉड गेज नेटवर्क पर लगभग 45,200 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा किया। वहीं 2023-24 के दौरान प्रतिदिन करीब 19.7 किलोमीटर विद्युतीकरण का रिकॉर्ड बना। 2014 तक देश में जहां 21801 RKM रहा वहीं 2014-24 के बीच विद्युतीकरण में अभूतपूर्व प्रगति हुई और महज एक दशक में 44199 RKM किया गया। 2025 में, जब भारत रेल विद्युतीकरण के 100 वर्षों का जश्न मनाएगा, यह उपलब्धि उस दूरदृष्टि और तकनीकी प्रगति की गवाही देगी जिसने भारतीय रेल को दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक नेटवर्क में से एक बना दिया।

कल्याण-भांडुप परिमंडल

# 'गो-ग्रीन' में पंजीकरण करें और 120 रुपए बचाएं

## एक लाख बिजली उपभोक्ताओं की सालाना सवा करोड़ की बचत

## महावितरण की पर्यावरण अनुकूल पहल को जबरदस्त प्रतिक्रिया



कल्याण/भांडुप। महावितरण के कल्याण और भांडुप परिमंडल में 1 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए छपे हुए बिलों का पूरी तरह से उपयोग बंद कर पेपरलेस बिजली बिल को प्राथमिकता दी है। महावितरण की 'गो-ग्रीन' योजना से जुड़ने के कारण इन उपभोक्ताओं को सालाना लगभग सवा करोड़ रुपये का सीधा लाभ हो रहा है। महावितरण की 'गो-ग्रीन' योजना के तहत छपे हुए बिजली बिल के स्थान पर केवल ई-मेल और एसएमएस का विकल्प चुनने पर प्रति बिल, प्रति माह 10 रुपये की छूट दी जा रही है। इससे योजना में शामिल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में सालाना 120 रुपये की बचत हो रही है। इसी के अनुसार, छपे हुए बिल का पूरी तरह से उपयोग बंद कर कल्याण परिमंडल के 52,129 और भांडुप परिमंडल के 49,856 पर्यावरण अनुकूल बिजली उपभोक्ताओं ने केवल 'ई-मेल' और 'एसएमएस' का विकल्प चुना है। इन दोनों परिमंडलों में कुल 1,01,985 बिजली उपभोक्ता इस योजना से जुड़कर सालाना 120 रुपये के हिसाब से 1,22,38,200 रुपये बचा रहे हैं।

### 'गो-ग्रीन' योजना पर्यावरण संरक्षण को भी महत्वपूर्ण

आधुनिक जीवनशैली से मेल खाने वाली 'गो-ग्रीन' योजना पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। भले ही छपे हुए बिजली बिल का उपयोग बंद हो गया हो, फिर भी महावितरण मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर उपभोक्ताओं के लिए चालू और पिछले बिजली बिल के साथ-साथ बिल भुगतान की रसीदें आदि की जानकारी उपलब्ध है। महावितरण ने सभी लो-वोल्टेज उपभोक्ताओं से 'गो-ग्रीन' योजना में शामिल होकर आर्थिक बचत करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की है।

### 11 माह के बिजली बिल मूल स्वरूप में उपलब्ध

'गो-ग्रीन' योजना में शामिल हुए बिजली उपभोक्ताओं को यदि कभी छपे हुए बिजली बिल की आवश्यकता होती है, तो वे ई-मेल से प्राप्त मासिक बिजली बिल को अपने कंप्यूटर में सॉफ्ट कॉपी के रूप में सहेज सकते हैं। साथ ही, वेबसाइट पर चालू बिजली बिल के अलावा पिछले 11 महीनों के बिजली बिल मूल स्वरूप में उपलब्ध हैं। उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार इन बिलों को कभी भी डाउनलोड कर सकते हैं या मूल स्वरूप में रंगीन प्रिंट भी निकाल सकते हैं। महावितरण मोबाइल ऐप या वेबसाइट www.mahadiscom.in पर 'गो-ग्रीन' योजना का विकल्प चुनने की सुविधा उपलब्ध है।

### नव वर्ष की सौगात, एकमुश्त मिलेगी छूट

इस बीच, नए वर्ष की सौगात के रूप में 'गो-ग्रीन' सेवा का विकल्प चुनने के बाद बिजली बिल में तत्काल 120 रुपये की एकमुश्त छूट देने की घोषणा महावितरण ने की है। अब तक इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को मासिक बिजली बिल में 10 रुपये की छूट दी जाती थी, लेकिन अब पहली ही बिलिंग में अगले 12 महीनों के लिए 120 रुपये की एकमुश्त छूट मिलेगी। यह निर्णय महावितरण ने 'गो-ग्रीन' ग्राहकों के हित में लिया है।

### वाशी मंडल सबसे आगे

दोनों परिमंडलों में 'गो-ग्रीन' पंजीकरण में वाशी मंडल सबसे आगे है। वाशी मंडल में 22,436, ठाणे शहर मंडल में 18,798, कल्याण-1 मंडल में 18,572, वसई मंडल में 14,619, कल्याण-2 मंडल में 13,652, पेन मंडल में 8,622 और पालघर मंडल में 5,286 बिजली उपभोक्ताओं ने 'गो-ग्रीन' में पंजीकरण कर छपे हुए बिलों को अलविदा कहा है।

परिवहन मंत्री की यात्रियों से अपील

# यूपीआई से करें भुगतान

## यात्रियों की शिकायतों और कंडक्टरों को हो रही असुविधा



**मुंबई।** यात्रियों की शिकायतों और कंडक्टरों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एसटी यात्रियों से यूपीआई पेमेंट के माध्यम से टिकट का भुगतान करने की अपील की है। यह पहल इसलिए की गई है ताकि छुट्टे पैसों को लेकर यात्रियों और कंडक्टरों के बीच अनावश्यक विवाद न हो। इस आवाहन को यात्रियों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है, और पिछले कुछ दिनों में यूपीआई भुगतान से होने वाली आय में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। एसटी महामंडल ने एक परिपत्र जारी कर स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया है कि कंडक्टरों को ड्यूटी पर जाने से पहले अग्रधन (एडवांस कैश) के रूप में 100 रुपए तक के छुट्टे पैसे उपलब्ध कराए जाएं। इससे कंडक्टरों और यात्रियों के बीच छुट्टे पैसों को लेकर होने वाले विवादों को रोका जा सकता है।

**एसटी महामंडल ने हर कंडक्टर को दिए ईटीआईएम**

एसटी महामंडल ने प्रत्येक कंडक्टर को एंड्रॉइड इलेक्ट्रॉनिक टिकट इशू मशीन (ईटीआईएम) प्रदान की है, जिससे यूपीआई पेमेंट के माध्यम से टिकट निकाला जा सकता है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने यात्रियों से यूपीआई भुगतान का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की थी, जिससे छुट्टे पैसों की समस्या को टाला जा सके। इस पहल को सफल बनाने के लिए एसटी महामंडल ने यूपीआई भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए।

**यूपीआई भुगतान से आय दोगुनी**

हाल के दिनों में यूपीआई के माध्यम से टिकट लेने वाले यात्रियों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है, और पहले की तुलना में यूपीआई भुगतान से होने वाली आय दोगुनी हो गई है। इसके साथ ही, महामंडल ने एक और परिपत्र जारी कर कंडक्टरों को ड्यूटी पर जाने से पहले अग्रधन के रूप में छुट्टे पैसे देने के निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए हैं। भविष्य में कंडक्टरों और यात्रियों के बीच छुट्टे पैसों को लेकर कोई विवाद न हो, इसकी पूरी जिम्मेदारी एसटी महामंडल को लेनी चाहिए, ऐसी निर्देश परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिए हैं।

# पांच हजार महिलाओं को जल्द बंटेंगे पिंक ई-रिक्शा : अदिति तटकरे

## पूरे राज्य में अहिल्या भवन निर्माण की प्रक्रिया को गति दें



**मुंबई।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए अहिल्या भवनों के माध्यम से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही है। 18 जिलों में अहिल्या भवन की कार्यवाही पहले से ही जारी है, जबकि शेष जिलों में इन्हें स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने दिए हैं। मंत्रालय में महिला एवं बच्चों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विभाग के सचिव अनुपकुमार यादव, आयुक्त कैलास पगारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री तटकरे ने जल्द ही चार जिलों में अहिल्या भवनों के लोकार्पण की प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश भी दिए। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि प्रत्येक जिले में स्थापित किए जाने वाले अहिल्या भवन महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगजनों को हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार रहेंगे। इसके साथ ही अहिल्या भवनों से संबंधित बुनियादी ढांचा विकसित करने के भी निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए।

महिलाओं और लड़कियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, उनका आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण करना और महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना इस उद्देश्य से लागू 'पिंक ई-रिक्शा योजना' को जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए गए।

भारत सरकार का राष्ट्रीय नमूना स्वास्थ्य सर्वेक्षण

# स्वास्थ्य विषयक अध्ययन में पूर्ण जानकारी देने की अपील

**मुंबई।** भारत सरकार के अधीनस्थ राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तर्ज पर 'परिवारों के स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च' विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर किए जाने वाले सर्वेक्षण में राज्य के अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय भी भाग ले रहा है। इस सर्वेक्षण के तहत जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच जानकारी एकत्र की जाएगी। चयनित परिवारों से पिछले 365 दिनों में स्वास्थ्य पर हुए खर्च से संबंधित विस्तृत जानकारी संकलित की जाएगी। इस सर्वेक्षण के निष्कर्ष स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार, केंद्र और राज्य सरकारों के लिए नीतिगत योजना एवं उनके क्रियान्वयन में सहायक होंगे। नमूना पद्धति से चयनित परिवारों से प्राप्त जानकारी के आधार पर राज्य की संपूर्ण जनसंख्या के लिए अनुमान तैयार किए जाएंगे। सर्वेक्षण के दौरान घर पर आने वाले अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा दी जाने वाली जानकारी को ध्यानपूर्वक समझने और स्वास्थ्य खर्च से संबंधित सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए सभी परिवारों से पूर्ण सहयोग करने की अपील आयुक्त एवं निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, मुंबई ने की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयुक्त एवं निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, मुंबई ने यह जानकारी साझा की है।

- सर्वेक्षण में राज्य के अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय भी ले रहा भाग

# परिवहन सेवा के नए विकल्प विकसित करें

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र में वाहनों की संख्या के साथ-साथ यात्रियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। बढ़ती हुई यात्री संख्या के कारण वर्तमान परिवहन सेवा पर दबाव बढ़ रहा है। इसलिए, मुंबई में किन मार्गों पर कौन सी परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जा सकती है, इस पर विचार करना आवश्यक है। अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सर्वेक्षण किया जाए और नागरिकों की सुविधा के लिए अतिरिक्त परिवहन सेवाओं के विकल्प विकसित किए जाएं, ऐसे निर्देश परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिए। परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव के कक्ष में वाटर टैक्सी, रोपवे और पॉड टैक्सी को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर विकास विभाग के अधिकारी, मेरीटाइम बोर्ड के अधिकारी, परिवहन आयुक्त और एसटी महामंडल के अधिकारी उपस्थित थे। परिवहन विभाग के अंतर्गत रोपवे को एक स्वतंत्र परिवहन सेवा के रूप में शामिल करने के निर्देश देते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि रोपवे निर्माण के लिए नई व्यवस्था विकसित करनी होगी। वर्तमान में रोपवे के निर्माण की जिम्मेदारी सार्वजनिक निर्माण विभाग की है। सार्वजनिक निर्माण विभाग को इसके लिए नए नियम बनाने चाहिए। बड़े शहरों में पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। मुंबई महानगर क्षेत्र में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को भूमिगत पार्किंग प्लाजा विकसित करने के लिए सर्वेक्षण करना चाहिए। इसके लिए सलाहकार नियुक्त करने के भी निर्देश उन्होंने दिए। भूमिगत पार्किंग प्लाजा के स्थान पर व्यावसायिक मॉल भी विकसित किए जाने चाहिए। पॉड टैक्सी परियोजना के काम में तेजी लाई जाए। बांद्रा पूर्व से कुर्ला के बीच 8.8 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट में 38 स्टेशन होंगे, इसके अनुसार कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिए।

## मुंबई में बढ़ रही आबादी के साथ वाहनों की संख्या



# दलित युवती की हत्या पर फूट-फूटकर रोए अयोध्या सांसद

अयोध्या। यूपी के अयोध्या में दलित युवती की हत्या पर सियासत शुरू हो गई है। रविवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद मीडिया के सामने फूट-फूटकर रोए। कहा- इस मुद्दे को लोकसभा में मोदी के सामने उठाऊंगा। न्याय नहीं मिला तो इस्तीफा दूंगा। हम बेटी की इज्जत बचाने में नाकामयाब हो रहे हैं। इतिहास क्या कहेगा? कैसे बिटिया के साथ ये हो गया। हे राम...

माथा पीटते हुए कहा- प्रभु राम कहां हैं, सीता मां कहां हैं? हम इस्तीफा दे देंगे। यह हिंदुस्तान की सबसे बड़ी दर्दनाक घटना है। मैं मीडियाकर्मियों से प्रार्थना करता हूं, उस घर पर जाइए। जहां एक मां ने अपनी बेटी को खो दिया। अवधेश प्रसाद शनिवार रात को पीड़ित परिवार से मिले थे। आज सुबह उन्होंने होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। मीडिया कर्मियों को देखते ही सांसद फूट-फूटकर रोने लगे।

वहीं, सीएम योगी ने अयोध्या के मिल्कीपुर की रैली में कहा- बेटी की हत्या में सपा का ही दरिंदा शामिल होगा। घटना पर सांसद नौटंकी कर रहे। ये लोग (सपाई) सुधरेंगे नहीं, क्योंकि कुत्ते की पूंछ कभी सीधी नहीं हो सकती है। सपा को गाजी-पाजी प्यारे हैं। इनको मिल्कीपुर का मोईद खान और कन्नौज का नवाब यादव प्यारा है, जो एक बेटी पर सीधे-सीधे हाथ डालता है। सपा विकास विरोधी है। इनकी दृष्टि सैफई से बाहर नहीं जाती।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 22 साल की लड़की की शनिवार को न्यूड लाश मिली थी। दोनों आंखों पर चोट के निशान थे। चेहरे और सिर पर घाव थे। शरीर पर जगह-जगह जख्म दिख रहे थे। हाथ-पांव रस्सी से बंधे हुए थे। जिन लोगों ने शव को कपड़े से ढककर उठाया, उनका कहना था कि पैर भी टूटा हुआ था। शव की हालत देखकर लड़की की बड़ी बहन और गांव की 2 महिलाएं बेहोश हो गईं। युवती 30 जनवरी की रात 10 बजे गांव में एक कथा में जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई। परिजन सुबह उठे तो उसे दिनभर ढूंढा। इसके बाद 31 जनवरी को अयोध्या कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजन का आरोप है- पुलिस युवती को खोजने के बजाय खानापूर्ति करती रही।

# ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराएं : गुलाबराय पाटिल



जल जीवन मिशन के कार्य तेजी से पूरे करने के निर्देश

**मुंबई।** ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। चूंकि केंद्र सरकार इस योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा कर रही है, इसलिए सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ऐसे निर्देश जल आपूर्ति और स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटील ने दिए।राज्य मंत्रालय (मंत्रालय) में नासिक जिले में चल रही जल आपूर्ति योजनाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों पर बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में विधायक हिरामण खोसकर, प्रधान सचिव संजय खंदारे, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (एमजेपी) के सदस्य सचिव अभिषेक कृष्णा, निदेशक ई. रविंद्रन, सहसचिव बी. जी. पवार, मुख्य अभियंता एवं विशेष कार्यकारी अधिकारी प्रशांत भांबरे, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नासिक जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशिमा मित्तल सहित नासिक जिले के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### परियोजनाओं की नियमित निगरानी आवश्यक

मंत्री गुलाबराव पाटील ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं की क्षेत्रीय स्तर पर अधिकारी नियमित रूप से समीक्षा करें। परियोजनाओं में उत्पन्न हो रही समस्याओं को तुरंत हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके। इगतपुरी और त्र्यंबकेश्वर तालुका की जल आपूर्ति योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आदिवासी बस्तियों तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे हों और नागरिकों को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए, इसके लिए संबंधित विभागों को लंबित कार्यों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# खनिज क्षेत्र के कामकाज की निगरानी हाईटेक हो : शंभूराज देसाई



**मुंबई।** खनिकर्म विभाग को केंद्र और राज्य की नियमावलियों का अध्ययन कर सभी खनिज क्षेत्रों का प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना चाहिए। खनिज क्षेत्र में चल रहे कार्यों की निगरानी अत्याधुनिक प्रणाली के माध्यम से की जाए, ऐसे निर्देश खनिकर्म मंत्री शंभूराज देसाई ने दिए। खनिकर्म मंत्री शंभूराज देसाई की अध्यक्षता में मंत्रालय में खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खनिकर्म विभाग के अपर मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल, प्रबंध निदेशक डॉ. भाऊसाहेब दांगडे, विभाग के उपमहाप्रबंधक डॉ. राव, खनिकर्म विभाग के सहसचिव लक्ष्मीकांत ढोके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। खनिकर्म मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि खनिकर्म विभाग, राज्य खनिकर्म महामंडल और खनिकर्म विभाग से संबंधित विषयों में केंद्र और राज्य के बीच समन्वय होना आवश्यक है। केंद्र सरकार के नियमों के अनुरूप राज्य सरकार भी अपनी नीति निर्धारित करेगी। राज्य में खनिज-वार खदान क्षेत्रों, कुल खदानों, चालू खदानों, बंद खदानों और रॉयल्टी संग्रहण की संपूर्ण जानकारी का उचित प्रबंधन विभाग द्वारा किया जाना चाहिए। खनन क्षेत्रों की नीलामी बढ़ाने के लिए राज्य में अन्वेषण कार्य को तेज किया जाए, एकीकृत खदान प्रबंधन कंप्यूटरीकृत प्रणाली 2.0 लागू की जाए, महाजेनको-एमएसएमसी-कोल वॉशरी के कार्यों में समन्वय स्थापित किया जाए।

# आध्यात्मिक ज्ञान से मनुष्य अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता : श्री श्री आनन्दमूर्ति



**सत्य** का ज्ञान क्या है? एक बार एक साधक ने प्रश्न किया। ज्ञान का अर्थ है, बाहरी विषयों का आत्मसात करना। यह व्यक्ति को स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर ले जाता है। स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर का अर्थ है कि धन, सुख, पद, और भौतिक वस्तुओं से लगाव छोड़कर व्यक्ति अपनी आंतरिक दुनिया की ओर मुड़ना है। जब व्यक्ति आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता है, तो उसका ध्यान शरीर और भौतिक दुनिया से हटकर आत्मा और चेतना की ओर चला जाता है। जहां इस प्रकार की मानसिकता पाई जाती है, वह ज्ञान है, और जहां यह नहीं है, वहां ज्ञान नहीं है। जहां ज्ञान भौतिक है, वहां उसका आधार मन होता है। और जहां ज्ञान पूरी तरह से आध्यात्मिक है, वहां उसका आधार आत्मा है। ज्ञान मन को आत्मा के साथ जोड़ता है, और यही ज्ञान की प्रमुख विशेषता है। जो मन को आत्मा से जोड़ता नहीं है, वह ज्ञान नहीं बल्कि ज्ञान की भ्रांति है। इस कारण ज्ञान से अगर मन में अहंकार पैदा होता है, तो समझना चाहिए कि उस व्यक्ति को ज्ञान नहीं, बल्कि युधिष्ठिर एक धर्मनिष्ठ और बुद्धिमान राजकुमार थे। उन्होंने युद्ध के परिणाम को लेकर कौरवों को समझाने की बहुत कोशिश की। उन्होंने भगवान से भी प्रार्थना की कि कौरवों को धर्म और सत्य का रास्ता दिखाएं, ताकि वे समझ सकें कि युद्ध का परिणाम उनके लिए विनाशकारी होगा। कौरवों का मन और सोच भौतिक और अहंकारी था। इसलिए उन्होंने युधिष्ठिर की बातों को नकार दिया और युद्ध जारी रखा। वहीं जब अर्जुन युद्ध में संकोच कर रहे थे और उनके मन में बवंडर मच गया था, तब भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें गीता का उपदेश दिया। तो व्यक्ति अपने निर्णयों में केवल बाहरी परिणामों और भौतिक लाभ के बारे में सोचता है। लेकिन जब मन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से जागरूक होता है, तो व्यक्ति गहरे सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग को समझता है। यह विचार बताता है कि अविकसित मन, जो केवल भौतिकता से जुड़ा होता है, वह बाहरी परिस्थितियों और शारीरिक संकेतों के प्रभाव में रहता है, जबकि एक विकसित और आध्यात्मिक मन अपने भीतर से मार्गदर्शन प्राप्त करता है और सत्य को समझने की क्षमता रखता है। सांसारिक ज्ञान पहले भौतिक-मानसिक स्तर पर होता है, और बाद में यह मानसिक स्तर पर विकसित होता है। जब इस ज्ञान को भौतिक जगत में लागू किया जाता है, तो यह मानसिक-भौतिक ज्ञान बन जाता है। ऐसे भौतिक-मानसिक ज्ञान का इस भौतिक जगत में सीमित मूल्य होता है, और यह समय के साथ बदलता रहता है। आज जो सिद्धांत पसंद किया जाता है, वह कल बदल सकता है। यथार्थ ज्ञान क्या है? यथार्थ ज्ञान वह है, जो उस सत्ता का ज्ञान है, जिसमें समय, स्थान और व्यक्ति के बदलाव से कोई अंतर नहीं पड़ता। इस संसार में हर वस्तु और घटना का एक कारण होता है, और वही कारण परिणाम बनता है। जहां कार्य-कारण का सिद्धांत लागू होता है, वहां अपूर्णता रहती है। इस ज्ञान का कोई अहंकार नहीं कर सकता।

**प्रस्तुति : आचार्य दिव्यचेतनानन्द**

### भारत की बेटियों ने किया करिश्मा

# लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन



▸▸ एकतरफा अंदाज में जीता फाइनल

▸▸ साउथ अफ्रीका का छन से टूटा सपना

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने साउथ अफ्रीका को मात देकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय महिला टीम के गेंदबाजों ने फाइनल मैच में कमाल का प्रदर्शन किया।

उनके प्रदर्शन की वजह से साउथ अफ्रीकी टीम 82 रन पर सिमट गई। टॉस जीतकर पहले साउथ अफ्रीका ने बैटिंग चुनी थी, लेकिन ये फैसला उनके पक्ष में नहीं गया। मैच में निर्धारित 20 ओवर में साउथ अफ्रीका की टीम ने 82 रन का स्कोर खड़ा किया।



## विश्वकप में टीम इंडिया का शानदार सफर

दरअसल, भारतीय महिला टीम ने आईसीसी वुमेंस अंडर 19 विश्व कप 2025 में वेस्टइंडीज को (नौ विकेट), मलेशिया (10 विकेट), श्रीलंका (60) रन, बांग्लादेश (आठ विकेट), स्कॉटलैंड (150 रन) और इंग्लैंड (सेमीफाइनल में नौ विकेट) पर आसान जीत दर्ज की। इस जीत के बाद भारतीय महिला टीम ने फाइनल में एंट्री की थी। फाइनल मैच में भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन कमाल का रहा।

## गोंगाडी त्रिशा ने किया कमाल का प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम की ओपनर गोंगाडी त्रिशा का कमाल का प्रदर्शन रहा। उन्होंने मैच 33 रन बनाते ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम भी किया। वह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर बन गई। इस दौरान उन्होंने श्वेता सहरावत का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जो उन्होंने साल 2023 में अंडर-19 टी20 विश्व कप में बनाया था। उन्होंने सात पारियों में उस दौरान 99 की औसत से 297 रन बनाए थे।

## भारत का दबदबा कायम

▪ आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत साल 2023 में हुई थी और पहले ही संस्करण में टीम इंडिया ने ये खिताब जीता था। उस वक्त भारतीय टीम की कप्तान शेफाली वर्मा थी और भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को सात विकेट से रौंदा था। अब दो साल बाद 2025 अंडर-19 टी20 विश्व कप में निकी प्रसाद की कप्तानी में टीम इंडिया दूसरी बार विश्व चैंपियन बन गई है।

# अंडर-19 विश्वकप में गोंगाडी का जलवा

▪ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं

**नई दिल्ली।** गोंगाडी तृषा ने कमाल का प्रदर्शन आईसीसी अंडर 19 वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2025 में टीम इंडिया के लिए किया। एक ऑलराउंडर के तौर पर आने वाले समय में भारतीय महिला टीम को एक जबरदस्त प्लेयर मिल सकती है। गोंगाडी तृषा ने बल्ले और बॉल से तूफानी प्रदर्शन फाइनल में भी जारी रखा। तीन विकेट चटकाने के साथ-साथ लो स्कोरिंग मैच में 44 रनों की नाबाद पारी खेली। इस तरह उनको ना सिर्फ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला, बल्कि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी उन्होंने ही अपने नाम किया। लगातार दूसरी बार गोंगाडी तृषा ने इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला। हालांकि, अगले टूर्नामेंट के लिए वे योग्य नहीं होंगी, क्योंकि उनकी उम्र ज्यादा हो चुकी होगी। 19 वर्षीय गोंगाडी तृषा ने इस टूर्नामेंट में 300 से ज्यादा रन बनाए। अब तक दो बार ये टूर्नामेंट आयोजित हो चुका है, लेकिन कोई भी खिलाड़ी 300 से ज्यादा रन नहीं बना पाया है। उन्होंने कुल सात मैचों में 309 रन बल्ले से बनाए और गेंदबाजी में सात विकेट अपने नाम किए। फाइनल में उनको तीन सफलताएं मिलीं। गोंगाडी तृषा एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिन्होंने आईसीसी अंडर 19 वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप में शतक जड़ा है।




# देश के सम्मान के अनुरूप व्यवहार करें युवा : सचिन

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की शनिवार एक फरवरी को अवॉर्ड सेरेमनी हुई। इस सेरमनी के दौरान भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने युवा भारतीय क्रिकेटरों एक बड़ी सलाह दी। सचिन ने युवाओं से कहा कि वे व्यवधानों से विचलित ना हों। मुंबई में बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड्स में सचिन तेंदुलकर को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मास्टर ब्लास्टर के नाम अभी भी टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। साथ ही वे 100 शतक बनाने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं। वे इंटरनेशनल क्रिकेट को एक दशक पहले छोड़ चुके हैं। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बीसीसीआई के वार्षिक 'नमन अवॉर्ड्स' समारोह में भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।



शनिवार को इस कार्यक्रम में बोलते हुए तेंदुलकर ने युवाओं से कहा कि वे अपने पास मौजूद हर चीज की कद्र करें और खेल तथा देश का नाम आगे बढ़ाने के लिए उचित व्यवहार करें। सचिन तेंदुलकर ने कहा, "मुझे आपको सलाह नहीं देनी चाहिए और ना ही यह कहना चाहिए कि आप अपना ध्यान केंद्रित रखें, चाहे जो भी हो, लेकिन ध्यान भटकाने वाली चीजें होंगी। उन्हें अपने करियर में बाधा ना बनने दें। हमारे पास जो कुछ भी है, उसकी कद्र करें और अपने खेल का ख्याल रखें। यह इस बारे में है कि जब हमारे पास कुछ भी नहीं था, तब हम सबने कैसे काम चलाया। जब हमारे पास सब कुछ है, तो उसकी कद्र करना और खेल को आगे बढ़ाने और देश का नाम रोशन करने के लिए उचित तरीके से व्यवहार करना महत्वपूर्ण है... आपके अंदर अभी भी बहुत सारा क्रिकेट बचा है। बस बाहर निकलो, अपना सर्वश्रेष्ठ दो और इस अवसर का पूरा लाभ उठाओ।"

# "इज्जत इसको बोलते हैं"

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान विराट कोहली के प्रशंसकों की भारी भीड़ देखकर हैरान रह गए। भारत के सबसे बड़े आइकन में से एक विराट कोहली ने रेलवे के खिलाफ डोमेस्टिक मैच खेलने का फैसला करके रणजी ट्रॉफी को फिर से सुर्खियों में ला दिया। पिछले काफी समय से विराट कोहली बल्ले से संघर्ष कर रहे थे। यहां तक कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पर्थ में शतक जड़ने के बाद वे लय में नहीं दिखे। ऐसे में अपनी खोई लय वापस पाने के लिए विराट को रणजी ट्रॉफी में वापस आना पड़ा। हालांकि, रणजी ट्रॉफी मैच में भी वे सिर्फ छह रन बनाकर क्लीन बोल्ड हो गए। इस तरह वे फॉर्म हासिल नहीं कर पाए, लेकिन ये मैच इसलिए सुर्खियों में रहा, क्योंकि इस मैच को देखने के लिए भारी संख्या में फैंस स्टेडियम पहुंचे थे। बासित अली इस बात से हैरान थे कि विराट कोहली के प्रति दिल्ली के फैंस में उनके लिए कैसी दीवानगी है। रणजी ट्रॉफी मैच के लिए वैसे तो फैंस बहुत कम स्टेडियम पहुंचते हैं, लेकिन फैंस विराट का मैच देखने के लिए भारी संख्या में पहुंचे थे। ऐसे में बासित अली ने पूछा है कि विराट दिल्ली कैपिटल्स से आईपीएल क्यों नहीं खेलते?



▸▸ विराट की फैन फॉलोइंग देख बासित अली हुए हैरान

### पहला अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग

# युवराज, डुमिनी, तरंगा करेंगे प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक युवराज सिंह, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सीजन में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 22 फरवरी से 16 मार्च तक खेला जाएगा। गौरव और खेल बदलने वाले क्षणों का पर्याय बन चुके युवराज 2007 में पहले आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत की जीत के मुख्य वास्तुकारों में से एक थे, जिसके दौरान उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2011 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया था। इंडिया मास्टर्स टीम के हिस्से के रूप में क्रिकेट में अपनी वापसी पर बात करते हुए, युवराज सिंह ने कहा, "सचिन और मेरे अन्य साथियों के साथ मैदान पर उतरना गौरवशाली दिनों को फिर से जीने जैसा लगता है। उन सभी के साथ खेलना बहुत सारी यादें वापस लाता है। मेरे लिए, आईएमएल उस युग को श्रद्धांजलि है जिसने भारतीय क्रिकेट को परिभाषित किया, और मैं उन सभी प्रशंसकों के लिए कुछ और अविस्मरणीय यादें बनाने का इंतजार नहीं कर सकता, जिन्होंने वर्षों से हमारा समर्थन किया है।" आईएमएल के क्रिकेट मास्टर्स परिवार में उनके साथ दक्षिण अफ्रीका के जेपी डुमिनी और श्रीलंका के उपुल तरंगा भी शामिल हैं, जो अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे। जेपी डुमिनी अपने बेहतरीन स्ट्रोक-प्ले, दबाव में संयम और आसान ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते थे। 9,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन और दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान के रूप में नेतृत्व के अनुभव के साथ, डुमिनी अक्सर महत्वपूर्ण क्षणों में स्थिरता प्रदान करने वाली शक्ति थे। जेपी डुमिनी ने कहा, "इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले सीजन में साउथ अफ्रीका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करना एक बहुत बड़ा सम्मान है।



# खत्म हो कन्कशन सब्स्टीट्यूट विवाद : केविन पीटरसन

▸▸ "जवागल श्रीनाथ को माननी चाहिए अपनी गलती"

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने रविवार को विवादास्पद कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम पर बहस को खत्म करने को कहा है। पुणे में इंग्लैंड के खिलाफ शिवम दुबे के कन्कशन सब्स्टीट्यू के रूप में भारत ने हर्षित राणा को मैदान पर उतारा था। कन्कशन सब्स्टीट्यू में लाइक फॉर लाइक रिप्लेसमेंट होता है, मगर बैटिंग ऑलराउंडर की जगह भारत ने एक प्रॉपर तेज गेंदबाज को मौका दिया। पीटरसन ने कहा कि मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ को अपनी गलती माननी चाहिए।





शिवम दुबे को भारतीय पारी के आखिरी ओवर में जेमी ओवरटन की बाउंसर हेलमेट पर लगी थी। नए कन्कशन नियम के तहत भारतीय टीम के फिजियो ने तुरंत उनकी जांच की, हालांकि वह अगली ही गेंद पर रन आउट हो गए। बाद में, वह दूसरी पारी में मैदान पर नहीं उतरे और दूसरी पारी में राणा ने उनकी जगह ली और उन्हें केवल 10वें ओवर में कन्कशन सब्सटीट्यूट के रूप में शामिल किया गया। राणा ने चार ओवर के कोटे में 33 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाए। पीटरसन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "इस समय हर जगह कन्कशन सब चर्चा का विषय बना हुआ है और मेरा मानना है कि...यह कभी भी एक जैसा रिप्लेसमेंट नहीं था और मैच रेफरी को बस अपना हाथ उठाकर कहना चाहिए कि उसने गलत किया।

## म नो रं ज न

# रैंप वॉक पर निकले सोनम के आंसू!

**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर अपने फिल्मों के अलावा अपने फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। उनका स्टाइल हमेशा ही लोगों का ध्यान खींचता है। चाहे वो किसी इवेंट में हो या सोशल मीडिया पर, सोनम के लुक्स हमेशा चर्चा में रहते हैं। हाल ही में सोनम कपूर को एक फैशन शो में रैंप वॉक करते हुए देखा गया। लेकिन इस खास मौके पर उन्होंने इमोशनल हो कर रोने की वजह से सबका ध्यान खीचा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सोनम जैसे ही ऑफ-व्हाइट ड्रेस में रैंप पर उतरीं, उन्हें याद आया कि ये फैशन शो दिग्गज डिजाइनर रोहित बल की याद में आयोजित किया गया था। रोहित बल, जो एक फेमस फैशन डिजाइनर थे, का पिछले साल एक नवंबर को निधन हो गया था। इस शो के दौरान सोनम कपूर, करीना कपूर, अनन्या पांडे जैसी बड़ी हस्तियों ने उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी थी। सोनम को कई बार रोहित बल की डिजाइन की गई आउटफिट्स में देखा जा चुका था और उन्होंने उनके लिए रैंप वॉक भी किया था। यही वजह थी कि शो के दौरान सोनम रोहित बल को याद कर इमोशनल हो गईं। सोनम कपूर ने इस रैंप वॉक के दौरान ऑफ-व्हाइट ड्रेस पहनी थी और उस पर एक डिजाइनर श्रग कैरी किया था। उनके बालों में असली गुलाब के फूल लगे हुए थे और हाथों में भी गुलाब के फूल थे। उनका लुक बहुत प्यारा और खूबसूरत था और हल्का मेकअप और डार्क लिपस्टिक ने उनकी खूबसूरती को और निखारा। सोनम ने इस शो के बाद बातचीत में कहा, 'मैं गुड्डा (रोहित बल) के लिए यहां आकर बहुत खुश हूं। मुझे उनकी डिजाइन की ड्रेस पहनने और उनके लिए वॉक करने का सौभाग्य मिला। उनका ये आखिरी शो मेरे लिए बहुत खास और इमोशनल था।' सोनम ने रोहित बल की डिजाइन्स की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी डिजाइन्स बहुत बेहतरीन और सुंदर होती थीं, यही उन्हें खास बनाता था। सोनम कपूर ने अपनी आखिरी फिल्म 'ब्लाइंड' 2023 में की थी, जिसे उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी से पहले शूट किया था। बेटे वायु के जन्म के बाद से सोनम ने फिल्मों से कुछ समय के लिए दूरी बनाई है, लेकिन वे अक्सर इवेंट्स और शोज़ में नजर आती रहती हैं।





# स्कूल से निकाल दिए गए थे जॉनी लीवर

बॉलीवुड एक्टर जॉनी लीवर ने अपने करियर की शुरुआत म्यूजिक शोज में स्टैंडअप कॉमेडी करने से की थी। धीरे-धीरे वह सिनेमा जगत से जुड़े और फिर साल 1981 में उन्होंने फिल्म 'ये रिश्ता ना टूटे' में एक छोटा सा रोल किया। एक्टर के काम को इंडस्ट्री ने फौरन पहचान लिया और फिर अगले ही साल उन्हें सुनील दत्त की फिल्म 'दर्द का रिश्ता' में जोसेफ का किरदार मिल गया। जॉनी लीवर पिछले 44 साल से सिनेमा जगत में सक्रिय हैं लेकिन उनका बचपन काफी मुश्किलों में बीता। जॉनी लीवर के घर का हाल अच्छा नहीं था और एक बार तो उन्हें फीस नहीं भर पाने के चलते स्कूल से निकाल दिया गया था, लेकिन इसका जिंदगी में कामयाब होने के बाद जॉनी लीवर ने ऐसा जवाब दिया कि उनके स्कूल टीचर्स को हमेशा याद रहा। जॉनी लीवर ने खुद अपने एक इंटरव्यू में इस बारे में बताया था। एक्टर ने बताया कि मुझे तो मार-मारकर स्कूल से बाहर निकाल दिया था। जॉनी लीवर ने कहा- मैं डांस करता था उस वक्त किसी ग्रुप में ना। मेरे पास एक ही यूनिफॉर्म था, रोज धोकर उसी को पहन आता था। एक्टर ने बताया, "जिस दिन रिकॉर्ड डांस होना था उस दिन मैं शर्ट पहनकर आ गया था। हमारी जो वाइस प्रिंसिपल थीं उन्होंने देखा तो आकर पूछा कि यूनिफॉर्म कहां है? तो जैसे अमीर बच्चे बोलते हैं वैसे ही मेरे मुंह से भी निकल गया कि लॉन्ड्री में है।" जॉनी लीवर ने बताया कि उनकी प्रिंसिपल ने उनके कान मरोड़े और कहा- लॉन्ड्री में है? तूने छह महीने से फीस नहीं भरा है, और यूनिफॉर्म तेरा लॉन्ड्री में है। इसके बाद उन्होंने मुझे मारा। मैंने स्कूल छोड़ने के बाद फुल टाइम काम करना शुरू कर दिया। जॉनी लीवर ने बताया कि मैं बड़ा फेमस हो गया था कि कौन जॉनी लीवर है, कौन जॉनी लीवर। तो किसी ने वहां जाकर उन्हें बोल दिया कि अरे वह अपने ही स्कूल का लड़का है। एक्टर ने बताया कि मैं वहां गया तो बड़ा सम्मान किया उन्होंने और जिन्होंने मुझे मारा वो प्रिंसिपल हो चुकी थीं। उन्होंने कहा कि तुम्हारे शोज से जो पैसा आया है उससे वो बिल्डिंग बनी है, एक और बन रही है। तुमने इतना किया अब हम क्या करें तुम्हारे लिए? तब जॉनी लीवर ने जवाब दिया कि एक काम करिए, इस स्कूल में कुछ गरीब बच्चे हैं। उनके पास फीस नहीं है भरने को। उनकी लिस्ट मुझे दीजिए। मैं जब तक जिंदा हूं, उनकी फीस मैं भरूंगा। उनकी आंखों में आंसू आ गए थे।



एक्टर के सामने बैठकर रोई थी उसी की प्रिंसिपल

# पूजा हेगड़े को बड़े हीरो के साथ मिल रही फिल्में... सवाल पर झुंझलाईं एक्ट्रेस

पूजा हेगड़े फेमस एक्ट्रेस हैं। उन्होंने ऋतिक रोशन से लेकर शाहिद कपूर की हालिया रिलीज 'देवा' में उनके साथ काम किया है। उन्होंने एक जर्नलिस्ट का रोल निभाया है। अब फिल्म के प्रमोशन से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस एक इंटरव्यू लेने वाले पर भड़क रही हैं। दरअसल, उसने ऋतिक, शाहिद और सलमान खान जैसे बड़े हीरो के साथ फिल्में मिलने पर बार-बार सवाल किया, जिससे वो नाराज हो गईं। पूजा से जर्नलिस्ट ने पूछा, 'क्या ये सिर्फ लक था कि आते ही आपको सलमान खान, ऋतिक रोशन, रणवीर सिंह, शाहिद कपूर सारे बड़े हीरोज के साथ फिल्में मिल रही हैं। क्या आपको लगता है कि किस्मत की वजह से ऐसा हुआ है? या आप सोचती हैं कि आप इसे डिजर्व करती हैं? ये सवाल सुनकर पूजा हैरान हुईं और जवाब दिया, 'मेरा मतलब है, बिल्कुल मैं डिजर्व करती हूं। मुझे लगता है कि कोई कारण रहा होगा, तभी मुझे उन फिल्मों में कास्ट किया था।' इसके बाद उनसे पूछा गया कि साउथ एक्ट्रेसेस को बॉलीवुड में बड़े हीरोज के साथ काम करने के लिए काफी स्ट्रगल करना पड़ता है! इस पर पूजा हेगड़े ने जवाब दिया, 'मुझे लगता है कि एक कहावत है कि 'भाग्य तब होता है, जब मौका तैयारी से मिलता है।'

मुझे लगता है कि मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। जब मौका मिला तो मैं इसे करने में सक्षम होने के लिए खुद को तैयार कर रही थी। इसलिए अगर आप इसे किस्मत कहना चाहते हैं तो ठीक है।' पूजा के जवाब देने के बाद भी उनसे पूछा गया, 'आप फिल्में कैसे सेलेक्ट करती हैं? बड़ा हीरो?' इस बार एक्ट्रेस खुद पर कंट्रोल नहीं रख सकीं और पलटकर कहा, 'आपको क्या प्रॉब्लम है मेरे से?' तभी पूजा के बगल में बैठे शाहिद कपूर ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'वो आपकी तरह बनना चाहता है।'



# एक दिन में तीन फिल्में! पैंट वही, शर्ट बदलते थे

सुनील शेट्टी बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर हैं, जो आज भी बहुत सी फिल्मों के जरिए सुर्खियों में रहते हैं। इन दिनों वो अपनी आने वाली फिल्म 'हेरा फेरी 3' के वजह से चर्चा में हैं। इस फिल्म के पिछले दोनों पाट्र्स को लोगों ने खूब पसंद किया था और अब तीसरे पार्ट को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने हिंट दिया कि 'हेरा फेरी 3' पर काम जल्द शुरू किया जाएगा। सुनील शेट्टी इन फिल्मों में श्याम का किरदार निभा चुके हैं और लोग अब इस तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि 'हेरा फेरी' के अलावा, सुनील शेट्टी की फिल्मी जर्नी भी बहुत दिलचस्प रही है। वो 90 के दशक में 'बलवान' फिल्म से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करने वाले थे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्होंने अपनी डेब्यू से पहले ही 40 फिल्में साइन कर ली थीं?

डेब्यू से पहले की इतनी फिल्में साइन सुनील शेट्टी ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि फिल्मों में उनका रोल मिलने की कहानी थोड़ी अलग थी। उन्होंने मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली थी और इसी दौरान उन्हें कई फिल्मों के रोल ऑफर हुए। सुनील ने कहा, 'एक के बाद एक फिल्में बंद हो रही थीं, लेकिन जेपी दत्ता ने मेरी फोटो रिलीज की और बड़े-बड़े पोस्टर्स बनवाए थे, जिन्हें कई डायरेक्टर्स ने देखा।' सुनील ने अपनी पहली फिल्म आरजू के बारे में बताया, 'इस फिल्म की 99% शूटिंग हो चुकी थी, लेकिन कुछ दिक्कतों के वजह से ये फिल्म बंद हो गई। फिर एक और फिल्म की घोषणा हुई और जब वो फिल्म हिट हुई, तो प्रोड्यूसर ने कहा कि अब वो नए हीरो के साथ काम नहीं करेंगे।' लेकिन सुनील ने हार नहीं मानी और फिल्म बलवान के साथ अपनी जर्नी शुरू की। सुनील ने उस वक्त के शूटिंग शेड्यूल के बारे में भी बताया, 'हम साल में 25-30 फिल्में शूट करते थे। हम एक दिन में तीन फिल्में भी शूट करते थे। पैंट वही रहती थी, बस शर्ट बदल लेते थे।



# 'देवा' ने दूसरे दिन लगाई छलांग

शाहिद कपूर की 'देवा' ने रिलीज होते ही अपना दम दिखा दिया है। जहां पहले ही दिन इस फिल्म ने साल की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली हिंदी फिल्म का रिकॉर्ड बनाया, वहीं दूसरे दिन इसने ओपनिंग डे से भी ज्यादा कमाई कर डाली। उधर, अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की 'स्काई फोर्स' की कमाई आठवें दिन गिरी थी, पर नौवें दिन इसने भी जोर लगाया और कमाई से हैरान कर दिया। 'देवा' की कमाई दूसरे दिन 16.36% बढ़ी, जबकि 'स्काई फोर्स' ने आठवें दिन -45.45% की गिरावट के बाद नौवें दिन जोश दिखाया और इसकी रफ्तार बढ़ी। 'देवा' को रोशन एंड्रयूज ने डायरेक्ट किया है। करीब 85 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने देशभर में 5.50 करोड़ की नेट ओपनिंग की थी और अब दूसरे दिन 6.4 करोड़ कमाए। दूसरे दिन इसकी कमाई 16.36% बढ़ी।



# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने जिलाध्यक्ष भंडारी का किया सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने पाली प्रवास के दौरान उनसे मुलाकात करने पहुंची सिरोही भाजपा की नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ आशीर्वाद प्रदान कर उनकी होंसला आफजाही की। इससे पहले श्रीमती भंडारी ने प्रदेशाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्रीमती भंडारी जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार प्रदेशाध्यक्ष से मिलने पहुंची थी। राठौड़ से आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारी ने कहा कि संगठन ने जिलाध्यक्ष पद देकर जो विश्वास जताया है वे पूरी निष्ठा के साथ इस पद की गरिमा को निभाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश सरकार के प्रति जनता का अपार विश्वास है, जो हमें हर चुनाव में विजय दिलाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, जिला मंत्री प्रकाशराज रावल, महिपालसिंह चारण, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, मोहन पुरोहित, वाल्कीदेवी, लक्ष्मण कोली, अमराराम चौधरी, कसनाराम देवासी, संतोष गहलोत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा, गंगाराम अग्रवाल, हार्दिक देवासी, पूरण राव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## सांसद चौधरी से लिया आशीर्वाद

उधर नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने रविवार को सांसद जन सुविधा केंद्र पर जालौर सांसद लुंबाराम चौधरी से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। सांसद चौधरी ने जिलाध्यक्ष भंडारी का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर एवं शक्ति की प्रतीक तलवार भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष भंडारी ने इस मौके पर कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे पर खरा उतरते हुए पार्टी को और आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी को साथ लेकर कार्य करेंगी व ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के रीति-नीति से जोड़कर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने कि दिशा में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी, ताराराम माली, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, जिला मंत्री प्रकाशराज रावल, भूबाराम माली, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, वाल्कीदेवी, लक्ष्मण कोली, कसनाराम देवासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण, लोकेश




खंडेलवाल, दीपेंद्रसिंह पीथापुरा, नैनसिंह पुरोहित, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा, रामलाल मेघवाल, मगन मीणा, राजेंद्रसिंह चौहान, गोविंद सैनी, माणकचंद सोनी, कैलाश मेघवाल, इंदरसिंह मकवाना, शिवलाल जीनगर, रामेश्वर कंसारा, हेमलता पुरोहित, हार्दिक देवासी, पूरण राव भी मौजूद थे।

**आबूरोड।** भाजपा की नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी का आबूरोड आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने टोल नाके पर उनका स्वागत किया। वरिष्ठ नेता बाबूभाई पटेल के सानिध्य में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बुके देकर व दुपटटा पहना कर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष परसाई, भूपेंद्र सम्बरीया, राधेश्याम शाक्य, दीपेश अग्रवाल, हरेंद्रसिंह, पुलिन छंगाणी आदि उपस्थित थे।



# स्वयंसेवकों ने सोरड़ा में किया पथ संचलन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** सोरड़ा मंडल के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की ओर से पूर्ण अनुशासन के साथ गांव में भव्य पथ संचलन किया गया। गांव में जगह जगह प्रबुद्धों की ओर से स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्य म में विजयराज महाराज वासाड़ा, जिला कार्यवाह सिरोही रमेशकुमार बरलूट, जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख रावताराम, खंड कार्यवाह मंडार मावाराम का सान्निध्य रहा। संचलन से पूर्व जिला कार्यवाह ने स्वयंसेवकों व गणमान्य लोगों को समाज में पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका के साथ ही समाज का संघ के शताब्दी वर्ष में योगदान को बताते हुए नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेश अपनत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अनादि काल से चली आ रही भारतीय सनातन संस्कृति और देश के गौरवमयी वैभव के साथ अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। संचलन के मुख्य अग्रसर सोरड़ा मंडल कार्यवाह विनोद सैन, गौसेवा प्रमुख मंडार खंड भलाराम चौधरी, सोरड़ा उपखंड कार्यवाह दिनेशकुमार, प्रार्थना प्रमुख रमेश चौधरी, ध्वज वाहक सुरेश चौधरी सहित सभी सोरड़ा मंडल के स्वयंसेवक शरीक थे।

# मनाया चेहर माता मंदिर का वार्षिकोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर में केसर भवानी चेहर माता मंदिर का 11वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर में विशेष आकर्षक रोशनी एवं सजावट की गई। पूजा अर्चना के साथ छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। मंदिर पर ध्वजा चढ़ाने से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजे की धुन पर भक्तजन धार्मिक गीतों पर नाचते गाते चल रहे थे। वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर महिलाओं व युवतियों ने गरबा नृत्य किया। भोपाजी जगदीश परिहार व भक्तों द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। प्रसादी का वितरण किया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगाराम परिहार, ताराचंद परिहार, दिनेश जैन, सुरेंद्र गहलोत, हरसुल अग्रवाल, अशरफ भाटी, राजेन्द्र बाकलीवाल, राकेश सेंदर, सतीश अग्रवाल, कमलेश सोलंकी, रमेशचंद शर्मा, अर्जुनसिंह, अमरसिंह भाटी, शमशाद अली, नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती नरगिस कायमखानी आदि मौजूद थे।

# दमकलकर्मियों की तत्परता से बूझी आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** कई बार दमकल समय से पहले ही पहुंच जाती है। इसकी बानगी हाल ही में देखने को मिली। जब एक बाइक को धधक कर पूरी तरह कबाड़ होने से पहले ही मौके पर पहुंची दमकल की मदद से आग बुझा कर काफी हद तक बचा लिया गया। हआ यूं कि पालिका की दमकल टीम पेशुआ में आयोजित शादी समारोह में हेलीकॉप्टर लैंडिंग के चलते मौके पर जा रही थी। इस दौरान सरूपगंज से पहले सरगामाता मंदिर के सामने हाइवे पर एक बाइक जलती हुई दिखाई दी। दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल आग को बुझा कर बड़ा हादसा होने से टाल दिया। इस अवसर पर मोहम्मद यूनुस, हसमुख चौधरी, विक्रम देवासी व शरद कुमार मौजूद थे।



# वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** कस्बे में स्थित श्रीमती जतनाबाई बाबूलाल सिरोहिया आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में शिशु वाटिका के वार्षिकोत्सव 'उड़ान'में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्य म का शुभारंभ अतिथियों के सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं ओ माय फ्रेंड गणेशा नृत्य के साथ किया गया। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आज के दिन नव प्रवेशित बालकों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। उन्हें अध्ययन हेतु स्लेट, कॉपी एवं पेंसिल रबड़ का किट वितरित किया गया। कार्य म संयोजक गोविंदसिंह चौहान के अनुसार कार्य म स्थानीय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ संरक्षक मोहनलाल बी जैन के सान्निध्य में हुआ। कार्य म के मुख्य अतिथि दिनेश बाफना थे एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती सज्जनदेवी सिरोहिया व रविंद्रसिंह मदनसिंह चौहान थे। अध्यक्षता सुकनराज बाफना ने की। प्रसाद वितरण उत्तमसिंह मदनसिंह चौहान पोसालिया की ओर से किया गया। स्थानीय प्रबंध समिति अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ पूर्व नायब तहसीलदार ने अतिथियों का परिचय करवाया। मंच संचालन श्रीमती सुशीला माली ने किया। नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। निकिता देवड़ा एवं स्वप्ना के नेतृत्व में बालकों ने पिरामिड का प्रदर्शन किया। कार्य म प्रमुख वि' ंत कूटल ने बताया कि कृष्ण सुदामा नाटिका एवं नृत्य मंजू, हेमा, नीलम के नेतृत्व में बालकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। पीरसिंह देवड़ा द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। कार्य म में जोगाराम, अशोककुमार, गोपालगिरी का सहयोग रहा।

# आतंकवादी विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किए मां शारदे के दर्शन

### अजारी पहुंचे एमएस बिट्टा ने किया पूजन, जैन मंदिर भी पहुंचे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** अखिल भारतीय आतंकवादी विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने रविवार को बसंत पंचमी पर समीपवर्ती अजारी स्थित मां सरस्वती धाम पहुंच मां शारदे की पूजा-अर्चना की। बिट्टा जेड प्लस सुरक्षा काफिला के साथ अजारी गांव पहुंचे। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने कश्मीर में धारा 370 हटाकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया है। महाकुंभ के बारे में कहा कि भगदड़ वाले हादसे से दुखी है। लेकिन रोजाना करोड़ों श्रद्धालु स्थानीय प्रशासन के सहयोग से गंगा स्नान कर रहे हैं। उन्होंने देश की युवा पीढ़ी से आगे आकर भाईचारे को मजबूत बनाने का कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने मार्कुंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंच आराध्य के दर्शन किए। कई श्रद्धालुओं ने बिट्टा के साथ फोटो खींची। इसके बाद वे पिण्डवाड़ा के जैन समाज के गुरु मंदिर पहुंचे एवं संतों से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर डीएसपी



भंवरलाल चौधरी, सब इंस्पेक्टर प्रभुराम, हेडकांस्टेबल जगदीशकुमार सहित जाब्ता मौजूद रहा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष किरण पुरोहित, अजारी के उप सरपंच हितेश रावल, पुजारी मुकेश रावल, वागाराम देवासी, नरेश पुरोहित कांटल, महावीर जैन, प्रवीण पुरोहित सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# जुआ खेलने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सदर पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर दांव पर लगाए रुपए बरामद कर लिए। पुलिस के अनुसार सर्वधाम भाटनी ओर जाने वाले मार्ग पर चबूतरे के पास बड़ के पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे अहमदाबाद के वासना थाना के धनीधर देरासर की वृंदावन विहार पार्ट 2 निवासी राजेश पुत्र सोमाभाई राजपूत, अहमदाबाद के ओढव थाना के राजदीप पार्क गीता गोरी सिनेमा के पीछे के रहवासी दीपक भाई पुत्र ईश्वर भाई पटेल, अहमदाबाद के गोता थाना के विष्णु धारा गार्डन जगतपुर रोड निवासी मनीष पुत्र विठलदास नायक, अहमदाबाद के थलतेज थाना के थलतेज सोला ओवरब्रिज के पास बी 401 प्राची अपार्टमेन्ट निवासी भरत कुमार पुत्र लवजीभाई लुआणा व अहमदाबाद के छापरा थाना के रेलवे ओवर ब्रिज भमरिया छापरा निवासी सुरेशभाई पुत्र मणिलाल पटेल को गिरफ्तार कर लिया। ताश के पत्ते व दांव पर लगाए गए 33 हजार 300 रुपए बरामद किए।



# मिशन परिवार विकास अभियान का द्वितीय चरण आज से



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिएजिले में परिवार कल्याण सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने, जनजागृति बढ़ाने एवं गुणवतापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 27 जनवरी से आरंभ मिशन परिवार विकास अभियान निरंतर जारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी के अनुसार अभियान 9 फरवरी तक जारी रहेगा। प्रथम चरण 27 जनवरी से 2 फरवरी तक मोबिलाइजेशन सप्ताह तक जारी रहा। द्वितीय चरण 3 से 9 फरवरी तक सेवा वितरण सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। चिकित्सा विभाग की थीम 'परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय' पर अभियान चलाया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ. एसपी शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण मोबिलाइजेशन सप्ताह के तहत योग्य दम्पतियों से स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी द्वारा घर-घर सम्पर्क कर परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों की जानकारी, सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के पश्चात कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा हो, पहले व दूसरे होने वाले बच्चे में कम से कम 3 साल का अंतर हो, प्रसवोत्तर परिवार कल्याण सेवाओं की उपलब्धता की जानकारी व गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाओं की जानकारी दी गई। दूसरे चरण में 3 से 9 फरवरी तक जिन चिकित्सा संस्थानों पर नसबंदी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संसाधन उपलब्ध हैं, उन केन्द्रों पर नसबंदी सेवा लाभार्थियों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

# भक्ति व आध्यात्मिकता के बीच भजनों की प्रस्तुति पर जमकर झूमे श्रोता

### अम्बिका माता मंदिर के 24वें वार्षिकोत्सव पर ग्रामीणों में दिखा गजब का उत्साह

### भजन गायक प्रवीण सूर्यवंशी की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

*सिलदर। वाद्य यंत्रों से गूंजती कर्णप्रिय सुर लहरियां। भक्ति व आध्यात्मिकता के बीच खोए, झूमते श्रोता एवं अपनी मधुर आवाज से प्रस्तुत भजनों से सभी का भक्ति रस से सरोबोर कर रहे भजन गायक प्रवीण सूर्यवंशी। कमोबेश ऐसा ही नजारा था कस्बे के अम्बिका माता मंदिर के 24वें वार्षिकोत्सव का। रंग बिरंगी रोशनी से सराबोर मंदिर व समूचा परिसर हर किसी को बरबस ही आकर्षित कर रहा था। मां अम्बे की सुंदर आंगी रचना सजीवता का आभास करा रही थी। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन पूजन में लीन रहे। दिनभर अनेक धार्मिक अनुष्ठान हुए। शाम को लोगों के कदम भजन पांडाल की ओर से बढ़ने लगे। देखते ही देखते पूरा पांडाल श्रोताओं से ठसाठस भर गया। कस्बे की माटी में जन्म जाए एवं देशभर में भजनों की प्रस्तुति में नाम कमा चुके प्रवीण सूर्यवंशी ने गांव की आराध्य देवी अम्बे माता को नमन किया एवं इसके बाद अपनी माटी, मातृ शक्ति व हमउम्र सखा एवं सभी वरिष्ठ जनों का वंदन कर गणपति व गुरु वंदना के साथ भजन संध्या का आगाज किया। वैसे तो गांव के लोग सूर्यवंशी की आवाज से अक्सर रूबरू होते रहते है लेकिन, अम्बिका माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर प्रस्तुति कुछ अलग ही समा बांध रही। एक के बाद एक प्रस्तुत अम्बे माता को समर्पित भजनों ने एक समा बांधा की श्रोता जमकर झूमते नजर आए। देर रात तक श्रोता भक्ति रस की धारा में गौते लगाते रहे। प्रभाती भजनों की प्रस्तुति तक लोगों की समय बीतने का पता ही नहीं चला।*

### धार्मिक अनुष्ठानों से सराबोर हुआ वातावरण

अम्बिका माता मंदिर की वार्षिकोत्सव को लेकर समूचे कस्बे में उत्साह का वातावरण था। हर उम्र व हर वर्ग के लोग उत्साह से आयोजन को भव्य बनाने में जुटे थे। दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण आध्यात्मिकता से रंगा नजर आया।




### जयकारों के बीच मंदिर शिखर पर लहराई ध्वजा

वार्षिकोत्सव के निमित्त सवेरे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार व जयकारों के बीच लाभार्थी परिवार की ओर से मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। सवेरे मंथर गति से चल रही हवा ध्वजा चढ़ाने के साथ हिलोरे लेने लगी। इस बीच लहराती हवा ऐसा अहसास कराती प्रतीत हुई मानों मां अम्बे भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर रही हो। ध्वजा व मेले के लाभार्थी संघवी पोपटलाल पुत्र मालाजी संघवी इस अदभूत वेला के न केवल साक्षी थे बल्कि लहराती ध्वजा के अलौकिक अहसास से भी सराबोर हुए।

### लाभार्थी परिवार का किया अभिनंदन

महोत्सव निमित्त भोजन प्रसादी का सभी ने लुत्फ उठाया। ग्रामवासियों द्वारा मेले के लाभार्थी परिवार का उत्साह व उमंग के बीच स्वागत अभिनंदन बहुमान किया गया। अम्बिका माता मंडल अध्यक्ष पोपटलाल संघवी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### यह भी बने महोत्सव के साक्षी

इस दौरान उपाध्यक्ष हीरालाल पुरोहित, सचिव हरीसिंह देवड़ा, बाबूलाल पुरोहित, बाबूलाल सुथार, खुमाराम रावल, मंछाराम माली, नगाराम चौधरी, ओटाराम सुथार, सांवलाराम राव, शांतिलाल पुरोहित, नरपतसिंह देवड़ा, गजेसिंह देवड़ा, रमेश मेघवाल, तगाराम मेघवाल, तलकाराम मेघवाल, सोहनलाल पुरोहितत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य ग्रामवासी इस मौके के साक्षी बने।

मुख्यमंत्री का करौली दौरा

किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

» विरासत के संरक्षण के लिए आस्था धामों का किया जा रहा विकास

# 5 साल में युवाओं के लिए सृजित होंगे 10 लाख रोजगार के अवसरः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करौली/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा किदेश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मुताबिक देश में चार ही जातियां- किसान, मजदूर,युवा एवं महिला हैं। इन चारों जातियों के उत्थान से ही देश और प्रदेश का उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हमने सरकार का गठन होते ही कृषि के लिए दो प्रमुख आवश्यकताओं बिजली और पानी पर विशेष ध्यान दिया है। शर्मा ने कहा कि विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण करते हुए हम आस्था धामों के विकास के लिए भी कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री रविवार को करौली जिले के कैमरी में आयोजित भगवान जगदीश जी के लक्खी मेले तथा किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा राज्य सरकार 100 करोड़ रुपये की लागत से खाटूश्याम मंदिर में विकास कार्य करवा रही है तथा पूंछरी का लौठा को भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृष्ण गमन पथ के तहत जगदीश धाम मंदिर का भी विकास किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कैमरी में बालिकाओं के लिए आवासीय विद्यालय खोलने तथा पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने का भी आश्वासन दिया।

### » किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होंगे बिजली-पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाईयों को कृषि के लिए पानी तथा बिजली उपलब्ध कराने केलिएराज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हम पूर्वी राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण 'राम जलसेतु लिंक परियोजना' पर तेजी से काम कर रहे हैं। इससे करौली सहित प्रदेश के 17 जिलों की आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शेखावटी क्षेत्र को पानी उपलब्ध कराने के लिए यमुना जल समझौता, उदयपुर संभाग के लिए देवास परियोजना तथा माही डेम परियोजना को आगे बढ़ाने एवं इन्दिरा गांधी नहर को पक्का करने जैसे कदमों से हमारे किसान भाईयों को सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं रहेगी।शर्मा ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों से किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध हो सकेगी। इससे किसान भाई शाम तक खेतों में कार्य समाप्त कर अपने घर लौट सकेंगे।

### » युवाओं के लिए बड़ी संख्या में सृजित होंगे रोजगार के अवसर



शर्मा ने कहा कि राज्य के युवाओं को बेरोजगारी के दंश से मुक्त कराने के लिए हमने पेपरलीक पर पूरी तरह से लगाम लगाते हुएउन्हें सरकारी नियुक्ति यों का तोहफा दिया है। अब तकलगभग 60 हजार युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है और अगले कुछ माह में यह संख्या 1 लाख तक पहुंच जाएगी। इस प्रकार 5 साल में 4 लाख नौकरी देने के वादे को पूरा करने की ओर हमारी सरकार अग्रसर है।साथ ही हमने लगभग 81 हजार पदों के लिए भर्ती कैलेण्डर जारी करते हुए परीक्षा के आयोजन और परिणाम की तिथि भी तय कर दी है।उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से निजी कम्पनियों और उद्यमियों के साथ लगभग 35 लाख करोड़ के एमओयू प्रस्ताव किए गए हैं, जिससे निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस प्रकार निजी तथा सरकारी क्षेत्र में कुल मिलाकर 10 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

कार्यक्रम में गोपालन एवं पशुपालन राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के उत्थान के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री रामसेतु जल लिंक परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए दूरगामी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने जगदीश धाम मन्दिर पहुंचकर दर्शन किए तथा आरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम में विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, हंसराज मीना एवं प्रताप सिंह सिंघवी सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, बड़ी संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित रहे।

# आरएएस प्री एग्जाम देने निकले लोग जाम में फंसे, समय पर नहीं पहुंच पाए केंद्र



**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरएएस प्री-परीक्षा 2024 में रविवार को एक बड़ी चूक सामने आई। बसंत पंचमी की शोभायात्रा और भारी जाम के कारण जयपुर में सैकड़ों अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच पाए। प्रदेश के 41 जिला मुख्यालयों पर 733 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में कुल 6.75 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा दोपहर 12 से 3 बजे तक 2,045 केंद्रों पर आयोजित की गई। नियमानुसार, अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले यानी सुबह 11 बजे तक ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति थी। जयपुर में बसंत पंचमी की शोभायात्रा के कारण मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई, इससे कई अभ्यर्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जयपुर में सीकर के गोविंदगढ़ निवासी कृष्ण कुमार यादव मात्र 2 मिनट की देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्हें प्रवेश से वंचित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पहले उनकी बस खराब हो गई और फिर जाम में फंस गए। इससे उनकी महीनों की तैयारी व्यर्थ हो गई। इसी तरीके से सीमा यादव, अवनी, ओम प्रकाश, मोहन सिंह सहित सैकड़ों अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित रहे। परीक्षार्थियों के परिजनों ने व्यवस्था पर नाराजगी जताई। एक अभ्यर्थी के पिता उमेश शर्मा ने बताया कि चांदपोल गेट से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में पौन घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि बसंत पंचमी की झांकियों के कारण सड़कें बाधित थीं। यह भजनलाल सरकार के कार्यकाल की पहली बड़ी परीक्षा थी, जिसमें व्यवस्थागत खामियां सामने आईं।

परिजनों ने बताया कि शहर के बीच में केंद्र बनाने के बावजूद भी इन शोभायात्रा को निकालने की अनुमति दी गई। रास्तों पर मंच बनाए गए। जगह-जगह रास्ते ब्लॉक कर दिए गए थे। प्रशासन को अभ्यर्थियों के इतने बड़े एग्जाम की कोई चिंता नहीं थी। इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा के दौरान प्रशासन ने इतनी बड़ी अनदेखी की है।

### » आयोग में कंट्रोल रूम स्थापित किया

परीक्षा के लिए शुक्रवार से ही आयोग कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए थें। इसी तरह प्रत्येक जिला मुख्यालय पर भी परीक्षा संचालन समिति की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित है। नकल की रोकथाम और डमी कैंडीडेट्स पर लगाम लगाने के लिए इस बार आयोग ही नहीं बल्कि खुफिया विभाग भी परीक्षा पर निगरानी रख रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास 100 मीटर के दायरे में साइबर कैफे और ईमित्र कियोस्क बंद रहें। परीक्षा के आयोजन को लेकर आरपीएससी के अफसरों के अलावा प्रदेशभर के जिला कलेक्टरों को भी प्रश्न पत्र संग्रहण और वितरण पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश राज्य सरकार की ओर से दिए गए। परीक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती गई। परीक्षा में नकल की रोकथाम और डमी कैंडीडेट्स पर लगाम लगाने के लिए कई उपाय किए गए। परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिए कार्मिक और पुलिस कर्मियों की तैनातगी रही, जहां फ्रिस्किंग जांच के बाद ही अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिला। परीक्षा केंद्र में हर अभ्यर्थी के हस्तलिखित नमूने अंग्रेजी और हिंदी में लिए गए। प्रवेश पत्र पर लगी फोटो का पहचान दस्तावेज के साथ मिलान भी किया गया, इसलिए अभ्यर्थियों को पूर्व में ही दिशा निर्देश दिए गए थे कि मूल पहचान पत्र में लगी फोटो साफ और स्पष्ट होनी चाहिए। फोटो में मिलान नहीं होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित भी किया जा सकता है।

## जयपुर में मिला महिला का जला हुआ शव

**जयपुर।** जयपुर में एक महिला का जला हुआ अर्ध नग्न शव मिला है। महिला के शरीर का उपरी हिस्सा जला हुआ है। पुलिस को शक है कि महिला की पहचान छिपाने के लिए शरीर को जलाया गया है। फिलहाल पुलिस महिला की पहचान करने में जुटी है। महिला की कद काठी को देखकर आसपास के थानों में महिला की फोटो को सर्कुलेट की जा रही हैं। वहीं थाना पुलिस को महिला के गुमशुदगी के बारे में जानकारी ली जा रही है। मौके पर पहुंचे कानोता थाना सीआई हिम्मत सिंह ने बताया कि थाना इलाके के भटेसरी गांव में आज एक महिला का अर्द्ध जला हुआ शव मिला है। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लोगों को मौके से दूर कर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल की टीम मौके से सबूत जुटाए हैं। वहीं, महिला की फोटो को सर्कुलेट की जा रही है। महिला के गुमशुदगी के बारे में जानकारी ली जा रही हैं।

# नशे के लिए वाहन चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

### जयपुर में 24 से ज्यादा वाहन चोरी करना कबूला, दूसरे जिलों में बेच देते थे

**जयपुर।** जयपुर के मालपुरा गेट थाना पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों बदमाशों के पास से चोरी की चार बाइक बरामद की हैं। गिरफ्तार दोनों बदमाश शातिर वाहन चोर हैं। कई सालों से वाहन चोरी की वारदात करते हैं। गिरफ्तार बदमाशों ने जयपुर सिटी में दो दर्जन से अधिक वाहन चोरी करना कबूल किया है। ये लोग चोरी किये गए वाहन को जयपुर और जयपुर के बाहर के जिलों में कम दामों में बेच दिया करते थे। गिरफ्तार दोनों बदमाशों के खिलाफ कई चोरी और अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि ईस्ट जिले में हो रही वाहन चोरी के सम्बन्ध में सभी थाना सीआई को आदेश दिये हुए हैं कि इलाके में हो रही वाहन चोरी की घटना को गम्भीरता से लें और मौके पर पहुंच कर बदमाशों को पकड़ने का पूरा प्रयास करें। इसी संबंध में मालपुरा गेट थाने में वाहन चोरी की एक रिपोर्ट दर्ज हुई। इस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिस में एक संदिग्ध दिखाई दिया। इस के आधार पर पुलिस टीम ने मुखबिरों की मदद से एक



बदमाश गणेश बैरवा को डिटेन किया। इसकी सूचना पर दूसरे बदमाश नवल किशोर को भी पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से चोरी की चार बाइक रिकवर की हैं। दोनों बदमाशों को रिमांड पर लिया गया हैं,जिन से अन्य वाहन चोरी की वारदात भी खुल सकती हैं। गिरफ्तार बदमाश शातिर अपराधी है इन के खिलाफ अन्य भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## जयपुर में दोस्ती कर महिला से रेप

**जयपुर।** जयपुर में दोस्ती कर एक महिला से रेप का मामला सामने आया है। धोखे से होटल में मिलने बुलाकर आरोपी ने जबरन दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर देहशोषण किया। जवाहर नगर थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच थानाधिकारी (जवाहर नगर) महेश चन्द कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। साल-2022 में जॉब पर आते-जाते समय आरोपी मुकेश रास्ते में उसका पीछा किया करता था। लगातार पीछा कर बातचीत कर आरोपी ने दोस्ती कर ली। साल-2023 में धोखे से मिलने के बहाने होटल में ले गया। होटल में आरोपी ने जबरन उसके साथ रेप किया। रेप के दौरान उसका अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। ब्लैकमेल कर आरोपी उसकी मर्जी के बिना देहशोषण करने लगा। विरोध करने पर वीडियो वायरल के साथ परिवार को मारने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर से परेशान होकर पीड़िता ने जवाहर नगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# कुत्ते के काटने से तीन साल के बच्चे के गाल में हुआ छेद

### तीन लोगों को भी कुत्ते ने काटा



**गोविंदगढ़/जयपुर।** जयपुर में 3 साल के बच्चे को कुत्ते ने बुरी तरह नोच दिया। कुत्ते के दांत से बच्चे के गाल पर छेद हो गया। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ते को भगाया। परिजन बच्चे को गंभीर हालत में चौमूं के सरकारी अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया। घटना शनिवार शाम 5 बजे गोविंदगढ़ स्थित गांव हाड़ोता की है। बच्चे के पिता ओमप्रकाश यादव ने बताया- कृष्णा (3) घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। इस दौरान एक कुत्ते ने कृष्णा के चेहरे पर हमला कर दिया। कुत्ते ने कृष्णा के गाल पर काट लिया। इससे गाल में छेद हो गया।

चौमूं के सरकारी अस्पताल के डॉ. राजेंद्र कुमार का कहना है कि बच्ची को शाम को परिजन अस्पताल लेकर आए थे। घाव अधिक होने और गाल में छेद होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया था।

**बानसूर में तीन लोगों को कुत्ते ने काटाः-** वहीं, एक दूसरे मामले में कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर के रामपुर कस्बे में रविवार सुबह कुत्ते ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। बाइपास रोड के पास मनु नैनावत (15), सुरेश सैनी (35) और गेंदी देवी (50) कुत्ते के हमले में घायल हुए। स्थानीय लोगों ने तीनों को कुत्ते से बचाया और सीएचसी में भर्ती कराया।

घायल मनु ने बताया- रविवार सुबह 9 बजे वह बाइपास की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान अचानक कुत्ते ने हमला कर नीचे गिरा दिया। उसके हाथ और पैर में कई जगह पर काट लिया। इसी दौरान आसपास के लोगों ने कुत्ते को भगाया और बाइक से अस्पताल लेकर आए।

घायल सुरेश सैनी ने बताया कि वह घर से बाजार की तरफ आ रहा था, इसी दौरान कुत्ते ने हमला कर दिया और सिर,हाथ और पैर पर काट लिया। इधर, बाइपास के पास बागवाली की ढाणी की रहने वाली गेंदी देवी ने बताया कि वह खेत में गोबर डालने जा रही थी। तभी कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने शरीर में कई जगह काट लिया। शोर मचाने पर परिजन पहुंचे तो कुत्ते को भगाया और अस्पताल लेकर पहुंचे। कुत्ते ने बहराम का बास में भी लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कुत्ते को मार दिया। सरपंच मुकेश जिलोवा ने बताया कि सभी घायलों का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

# राजस्थान में आज से फिर बारिश का अलर्ट

### भरतपुर में सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाकर सोई महिला की जलने से मौत

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम में फिर से बदलाव शुरू हो गया। कल राजस्थान के कई शहरों में दोपहर को हल्के बादल छाए और धूप कमजोर रही। इससे दिन के तापमान में गिरावट हुई और दिन में हल्की ठंडक रही।

भरतपुर के भुसावर में अलाव जलाकर सोई महिला की जलने से मौत हो गई। अब मौसम केन्द्र जयपुर ने 3 फरवरी से प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और उसके प्रभाव से 3-4 फरवरी को राज्य के कुछ हिस्सों में मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के कई शहरों में दोपहर बाद हल्के बादल छाए। जयपुर, सीकर, अलवर में मौसम के बदलाव से यहां दोपहर बाद हल्की ठंडी हवा चली और ठंडक बढ़ गई।

**चित्तौड़गढ़ में सबसे ज्यादा तापमानः-** कल दिन में सबसे अधिक तापमान चित्तौड़गढ़ में 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। धौलपुर में अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस, डूंगरपुर में 28.5, उदयपुर में 27.2, भीलवाड़ा में 27.4, अजमेर में 26.3, कोटा में 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

वहीं, सीकर में 24.5, जैसलमेर में 25.2, जोधपुर में 27.4, गंगानगर में 24.1 और जयपुर में अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हनुमानगढ़, माउंट आबू में कल दिन में ज्यादा सर्दी रही, यहां का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा।

**सुबह-शाम की सर्दी भी बढ़ीः-** राजस्थान में दिन के साथ-साथ सुबह-शाम के तापमान में भी गिरावट होने से सर्दी बढ़ गई। कल भीलवाड़ा, अलवर, पिलानी, सीकर, गंगानगर, डूंगरपुर, सिरोही, जालोर, करौली, फतेहपुर, अलवर समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट में दर्ज किया गया। कल सबसे कम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस माउंट आबू में दर्ज हुआ।

# धूप सेकते भारी-भरकम कछुए को उठाकर भागी बाघिन



**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर (सवाई माधोपुर) टाइगर रिजर्व में शिकार के अलग-अलग वीडियो अक्सर सामने आते रहते हैं। इनमें कुछ ऐसे शिकार होते हैं जो बहुत ही कम सुने व देखे गए होते हैं। ऐसे ही एक शिकार शनिवार को हुआ। इसमें बाघिन टी-124 रिद्धि टूरिस्टों के सामने भारी-भरकम कछुए को मुंह में दबाकर भाग गई। रिद्धि ने ये शिकार जोन-नं 3 में शाम करीब 4 बजे किया। पूरे शिकार को कैप्चर करने वाले टूरिस्टों का कहना था कि उन्होंने इस तरह का शिकार पहले कभी नहीं देखा।

### » बाघिन को आता देख कछुए ने खुद को छुपाया

दरअसल, रणथंभौर टाइगर रिजर्व में शनिवार शाम की पारी में पर्यटक जोन नंबर 3 में सफारी पर गए थे। यहां उन्हें लेक? एरिया में बाघिन रिद्धि दिखी। इसी दौरान बाघिन का सामना एक धूप सेकते कछुए से हो गया। धीरे-धीरे बाघिन कछुए के पास पहुंची। खतरे को देखकर कछुए ने अपने शरीर को खोल में छिपा लिया।

### » पहले निहारा, फिर सूंघा, फिर हमला

इस दौरान बाघिन ने कछुए को पहले निहारा, फिर सूंघा। इसके बाद बाघिन ने कछुए को अपना शिकार बना लिया। बाघिन ने कछुए को झाड़ियों में जाकर खाया। रिद्धि ने पूरा शिकार महज 90 सेकंड में किया। पर्यटकों ने इस? वाकये को अपने कैमरे में कैद कर लिया। जिसे एक पर्यटक ने शेयर किया है।

### » बाघिन ऐरोहेड की बेटी है रिद्धि

बाघिन टी-124 रिद्धि, बाघिन टी-84 ऐरोहेड की बेटी है। जिसकी उम्र करीब 7 साल है। बाघिन रिद्धि अब? तक 2 बार मां बन चुकी है। बाघिन? रिद्धि की टेरेटरी रणथंभौर के जोन नंबर 3 और 4 में है। अक्सर यह जोन 3 के लेकर एरिया ज्यादातर देखी जाती है। इससे पहले बाघिन रिद्धि मगरमच्छ और जंगली सूअर का भी शिकार कर चुकी है। फिलहाल बाघिन अपने 3 शावकों के जोन 3 और 4 में नजर आती है।

## जयपुर में प्रेमी के साथ भागी विवाहिता

**जयपुर।** जयपुर में एक विवाहिता के प्रेमी के साथ भागने का मामला सामने आया है। पति को धोखा देकर बिना बताए घर से चली गई। घर से भागने से पहले अलमारी में रखे रुपए भी निकालकर साथ ले गई। चित्रकूट थाने में पीड़ित पति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि चित्रकूट नगर के रहने वाले युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 29 जनवरी को सुबह अपनी जॉब पर चला गया। देर शाम वापस आने पर घर पर पत्नी नहीं मिली। मोबाइल पर कॉन्टैक्ट की कोशिश करने पर स्विच ऑफ मिला। रिश्तेदार-परिचितों के यहां पर काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चला। दो दिन तक अपने स्तर पर वह ढूंढता रहा। अलमारी में रखे 10 हजार रुपए भी गायब मिले। इस दौरान पता चला कि 29 जनवरी की शाम करीब 4 बजे पत्नी घर से बिना बताए निकली थी। अलमारी में रखे रुपए निकालकर किसी आदमी के साथ धोखा देकर चली गई। चित्रकूट थाने में पीड़ित पति ने घर छोड़कर गई पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करवाई।

# शादी के ढाई महीने बाद महिला ने किया सुसाइड



**जयपुर।** जयपुर में एक विवाहिता ने चुन्नी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। महिला की ढाई महीने पहले शादी हुई थी। करीब 15 दिन से पति के साथ रह रही थी। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता की शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है।

थानाधिकारी (सांगानेर सदर) अनिल जैमन ने बताया कि मृतका कोमल देवी (19) पुत्री संतोष कुमार फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। 17 नवम्बर 2024 को कोमल की शादी आकाश निवासी गोविन्दपुरा जेडीए कॉलोनी सांगानेर सदर से हुई थी। आकाश जयपुर की छपाई फैक्ट्री में जॉब करता है। 21 जनवरी की देर शाम कोमल ने अपने कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घर पहुंचे पति आकाश को कोमल फंदे से लटकी मिली। उसने आस-पड़ोसियों की मदद से फंदे से कोमल को नीचे उतरकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचा। डॉक्टर्स ने चेकअप के बाद कोमल को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर हॉस्पिटल पहुंची सांगानेर सदर थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से मना किया है।

### 15 दिन पहले ही लाया था पति

*सांगानेर सदर थाने में मृतका कोमल के पिता संतोष ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि शादी के बाद कोमल पीहर में ही रहकर काम कर रही थी। 6 जनवरी को पति आकाश परिजनों को बिना बताए बेटी कोमल को अपने साथ जयपुर ले आया। पीछे-पीछे ढूंढते हुए आने पर आकाश के परिजनों ने शादी होने का हवाला देकर उन्हें वापस भेज दिया। पिछले 15 दिन से ही कोमल अपने पति के साथ रह रही थी। आरोप है कि दहेज के लिए कोमल की हत्या की गई है। पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com